WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
3 | राजधानी
4 | अभिव्यक्ति
8 | छत्तीसगढ़
11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 85 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सही है जब तक मूर्ख है होशियार लोग भूखे नहीं मर सकते। ऊपर से अगर कोई डेढ़ होशियार हो तो वह चांदी ही नहीं सोना भी काटता है। हमारे देश में अंधभक्तों की कमी नहीं है। एक ढूंढों हजार मिलते हैं। नगद ढूंढों उधार मिलते हैं। यही वजह है कि आशाराम और राम रहीम जैसे बाबाओं की काली करतूत उजागर होने और उनके जेल जाने के बावजूद बाबाओं की बल्ले बल्ले है। कथित बाबा नारायण साकार हरि के कार्यक्रम स्थल में जो हृदय विदारक हादसा हुआ उसके लिए भेड़ चाल वाली यह प्रवृत्ति कम जिम्मेदार नहीं है।

लोकसभा में राहुल गांधी के दावों पर भड़के रिजिजू

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर अब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भड़के। उन्होंने गांधी के भाषण में कथित गलतियों को

लेकर भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नोटिस सौंपे जाने के एक दिन बाद कहा कि सदन को गुमराह करने का प्रयास करने वाला कोई भी सदस्य आसानी से बच नहीं पाएगा। गौरतलब है, रिजिजू लोकसभा में भाजपा सदस्य बांसुरी स्वराज के नोटिस का जिक्र कर रहे थे। दरअसल, स्वराज ने मंगलवार को लोकसभा में एक नोटिस दिया था, जिसमें सदन में विपक्ष के नेता के राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दिए भाषण में कथित गलतियों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों से मिले राहुल गांधी

नई दिल्ली । विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली के जीटीबी नगर में रेहड़ी-पटरी वाले

दिहाड़ी मजदूरों और श्रमिकों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि राहुल दिल्ली के किंग्सवे कैंप गए। जहां वे मजदूरों से मिले। किंग्सवे कैंप के लेबर चौक पर राहुल गांधी ने मजदूरों से बातचीत की। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राहुल के आसपास काफी लोग जमीन पर बैठे दिख रहे हैं। राहुल मजदूरों के बीच में बैठे दिखाई दे रहे हैं।

बुलेट गर्ल की दबंगई

नई दिल्ली । दिल्ली के निहाल विहार इलाके से एक वीडियो सामने आया है। जिसमें बुलेट सवार एक युवती की दबंगई दिख रही है। मामूली कहासुनी होने पर युवती ने ऑटो चालक के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं युवती ने ऑटो चालक का सिर फोड़ दिया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस वीडियो की जांच करने में जुटी है।

ऑनलाइन होंगे काशी के मंदिर

वाराणसी । काशी के करीब 700 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराने की तैयारी है। इनमें हिंदू मंदिरों के अलावा जैन, बौद्ध मंदिर और गुरुद्वारे भी शामिल हैं। जिले के पर्यटन स्थलों तक सैलानियों की पहुंच बढ़ाने के मकसद से मंदिरों और गुरुद्वारों का कायाकल्प किया जाएगा। पर्यटन विभाग ने इसके लिए काशी के धर्मस्थलों का सर्वे कराया है। बौद्ध, जैन मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही इनसे जुड़े साहित्य को ऑनलाइन किया जाएगा।

मशरूम से 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग

जांजगीर चांपा। जांजगीर चांपा जिले के कनई गांव में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग हो गया। बताया जा रहा है कि सभी की मशरूम खाने से तबीयत बिगड़ गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे सभी ने मशरूम की सब्जी खाई थी। वहीं, तीन बजे सभी को उल्टी और सीने में दर्द होने लगी। इसके बाद 108 को सूचना दी गई। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार जारी है। इसमें तीन बच्ची, चार महिला, पांच पुरुष शामिल हैं। कुल 12 सदस्य में से तीन बच्ची और एक महिला की हालत गंभीर है।

मुंबई देश का सबसे महंगा तो इस्लामाबाद दुनिया का सबसे सस्ता शहर

मर्सर की कॉस्ट ऑफ लिविंग सिटी 2024 रिपोर्ट में दुनिया के सबसे महंगे शहरों की सूची की घोषणा

मुंबई/ए.। मर्सर की कॉस्ट ऑफ लिविंग सिटी 2024 रिपोर्ट में दुनिया के सबसे महंगे शहरों की सूची की घोषणा की गई है। हांगकांग, सिंगापुर और ज्यूरिख रहने के लिए दुनिया के सबसे महंगे शहर हैं। इन तीनों शहरों ने पिछले साल से रैंकिंग बरकरार रखी है। रहने की लागत के मामले में, दुनिया के सबसे सस्ते शहरों में इस्लामाबाद, लागोस और अबुजा शामिल हैं। मुंबई भारत का सबसे महंगा शहर है। वैश्विक स्तर पर मुंबई 136वें स्थान पर है। पिछले साल की तुलना में मुंबई की रैंकिंग में 11 स्थान का इजाफा हुआ है। दिल्ली का नंबर 165वां है। पिछले साल की तुलना में दिल्ली की रैंकिंग में 4 पायदान का इजाफा हुआ है। चेन्नई 195 और बेंगलुरु 189 पर है। हैदराबाद 202वें स्थान पर है। पुणे 205 और कोलकाता 207 पर है।

मर्सर की कॉस्ट ऑफ लिविंग सिटी

2024 रिपोर्ट में कुल 226 शहरों का अध्ययन किया गया। यह आवास, परिवहन, भोजन, कपड़े और मनोरंजन जैसी 200 से ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

हांगकांग इस सूची में शीर्ष पर क्यों है?

सर्वेक्षण से पता चला कि महंगे आवास, उच्च परिवहन लागत और महंगी वस्तुओं और सेवाओं के कारण हांगकांग में रहने की लागत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक मुद्रा अवमूल्यन के कारण इस्लामाबाद, लागोस और अबुजा में रहने की लागत में कमी आई है।

दुनिया के सबसे महंगे शहर कौन से हैं?

शीर्ष 10 सबसे महंगे शहरों में यूरोपीय शहर शामिल हैं। लंदन 8वें स्थान पर है, उसके बाद कोपेनहेगन (11वें), वियना (24वें), पेरिस (29वें) और एम्स्टर्डम (30वें) हैं। दुबई 15वें स्थान पर है और अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों के लिए मध्य पूर्व में सबसे महंगा शहर है, जबकि दक्षिण अमेरिका में उरुग्वे 42वें स्थान पर है। उत्तरी अमेरिका में, न्यूयॉर्क शहर सूची में 7वें स्थान पर है।

विष्णु जनदर्शन से जगा विश्वास

आग्रह-अनुरोध लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

श्रमवीरों के 13 मेधावी बच्चों को मुख्यमंत्री ने सौंपे दो-दो लाख रूपए के चेक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में विष्णुदेव के सुशासन की पहली कड़ी जनदर्शन में आमजनता का विश्वास बढ़ा है। जितने लोग पहले जनदर्शन में आए थे उसके दोगुने लोग दूसरे जनदर्शन में पहुंचे। विष्णुदेव के त्वरित न्याय से प्रदेश की जनता को तत्काल लाभ मिलने लगा है। हर पीड़ा का समाधान है विष्णु के पास यह विश्वास और दृढ़ हो गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास पर गुरुवार को सप्ताह के दूसरे जनदर्शन कार्यक्रम में भी नागरिकों में जबरदस्त उत्साह रहा। मुख्यमंत्री साय से मुलाकात करने और अपने आग्रह-अनुरोध उन्हें प्रत्यक्ष सौंपने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग आए है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक भी प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने निवास परिसर में अपनी मां के नाम दहीमन के पौधे का रोपण भी किया। मुख्यमंत्री निवास में स्वास्थ्य परीक्षण भी लगाया गया था, जिसका नागरिकों ने लाभ उठाया। आज के कार्यक्रम में अनेक ऐसे लोग मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहने आए थे, जो पिछले जनदर्शन में आए थे और उनके अनुरोधों का तत्काल निराकरण भी हो गया था। ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

एक सप्ताह के भीतर नूतन का हुआ इलाज

पहले

अब

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशीलता से पांच वर्षीय नूतन ठाकुर की आंख का इलाज एक सप्ताह के भीतर हो गया है। नूतन की आंख में खेल-खेल में चोट लग गई थी जिससे उसका रेटिना खराब हो गया था। उसके पिता श्री काशी ठाकुर मुख्यमंत्री निवास में 27 जून को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और उनसे नूतन की आंख का इलाज करने के लिए सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को नूतन का बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए ।काशी ठाकुर आज अपनी बेटी को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने नूतन को दुलार, नाम पूछा और नूतन को अपना आशीर्वाद प्रदान किए। उन्होंने नूतन से कहा अच्छे से पढ़ाई करना। नूतन ने मुख्यमंत्री को बाल सुलभ सहजता के साथ गुलाब का फूल भेंट किया। काशी ठाकुर भी बेटी के इलाज के लिए मिली त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते नहीं थकते।

हाथरस भगदड़ : पुलिस ने समिति के छह लोगों को किया गिरफ्तार

मुख्य आरोपी पर एक लाख का इनाम घोषित

अलीगढ़। हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब तक इस घटना में आयोजन समिति से जुड़े छह सेवादारों को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस घटना के मुख्य आयोजक-मुख्य सेवादार की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। गिरफ्तार लोगों में उपेंद्र, मंजू यादव, मुकेश कुमार शामिल हैं। घटना पर

अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने कहा कि जोन स्तर पर सभी जिलों में एसओजी की टीमों को आरोपियों के चिह्नीकरण व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। साथ ही मौके से मिले साक्ष्यों को विवेचना का हिस्सा बनाया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों ने बताया ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

साकार हरि पर फूटा लोगों का गुस्सा

यूपी हाथरस में बुधवार की दोपहर भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच गई। इसमें 121 लोगों की जान चली गई। जबकि 150 से अधिक लोग घायल हैं। कासगंज जिले से सत्संग में गए 10 लोगों की जान चली गई। जबकि, आठ लोग घायल हैं। लोग अपनों की मौत भुला नहीं पा रहे हैं। वह घटनास्थल पर पहुंचे, तो मौतों का मंजर उनकी आंखों के सामने छा गया। अपनों या जानने वालों की मौत को याद करके घरवाले गुस्से से फफक पड़े।

अब ड्रोन बुझाएंगे जंगल की आग फसलों पर करेंगे छिड़काव

देहरादून। अब जंगल की आग बुझाने, फसलों पर छिड़काव करने और आपदा में राहत सामग्री भेजने के काम ड्रोन से हो सकेंगे। नई ड्रोन नीति के तहत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आईटीडीए ने छह श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध कर दिया है। सभी विभाग अपनी जरूरत के हिसाब से इन कंपनियों से काम करा सकेंगे।

आईटीडीए ने तकनीकी मानकों पर खरा उतरने पर मैपिंग, सर्विलांस, एग्रीकल्चर, ट्रेनिंग, फायर फाइटिंग और लॉजिस्टिक श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध किया है।

सुरक्षा कारणों से नासिक जेल भेजा गया गैंगस्टर अबू सलेम

मुंबई । गैंगस्टर अबू सलेम को तलोजा जेल में मरम्मत कार्य के कारण नासिक की जेल में स्थानांतरित किया गया है। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत के समक्ष कहा था कि सुरक्षा कारणों से अबू सलेम को नासिक जेल में भेजा जाना चाहिए। तलोजा जेल के अंदर उच्च सुरक्षा वाली कोठरी की खस्ता हालत का हवाला देते हुए जेल अधिकारियों ने अदालत को बताया था कि जेल में तत्काल मरम्मत कराए जाने की जरूरत है। ऐसे में आजीवन कारावास की

सजा काट रहे सलेम को नासिक की जेल में भेजा जाना चाहिए। जेल अधिकारियों की चिंता देखते हुए आज सुबह करीब 11.30 बजे सलेम को कड़ी सुरक्षा के बीच तलोजा जेल से नासिक भेजा गया।

पीएम 8 से 9 जुलाई 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

आपसी हित के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 08-10 जुलाई 2024 को रूसी संघ और ऑस्ट्रिया गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार (04 जुलाई) को दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री 8 से 9 जुलाई के दौरान रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मास्को में होंगे।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की सम्पूर्ण ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी की पहली आधिकारिक ऑस्ट्रिया यात्रा

इसके बाद प्रधानमंत्री 09-10 जुलाई 2024 के दौरान ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह 41 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। वह ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन से मुलाकात करेंगे और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री और चांसलर भारत और ऑस्ट्रिया के व्यापारिक नेताओं को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉस्को के साथ-साथ वियना में भी भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करेंगे।

विश्व विजेता भारतीय टीम के साथ पीएम मोदी, खूब लगे ठहाके

नई दिल्ली। भारतीय टीम की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हो चुकी है। टीम इंडिया ने पीएम आवास पर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री के साथ नाश्ता किया और बातचीत भी की। इसका वीडियो भी सामने आया है। भारतीय खिलाड़ियों और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत के दौरान खूब हंसी मजाक हुआ और ठहाके भी लगे।

मंत्री पद से किरोड़ीलाल मीणा ने दिया इस्तीफा

जयपुर । राजस्थान की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान की भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव में दौसा सीट पर हुई हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफा देने के कयास शुरू हो गए थे। किरोड़ीलाल मीणा ने खुद इसका खुलासा किया है। किरोड़ी लाल ने कहा कि सभी सरकारी सुविधाओं से दूरी बना ली है। मैंने पहले ही जनता के बीच एलान कर दिया था। गौरतलब है कि टोंक में सीएम भजनलाल शर्मा की मौजदगी में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा था कि अगर कोई 5 वर्ष में सुखबीर जौनापुरिया को पराजित करने वाले हरीश मीणा के मोबाइल नंबर और ठिकाना भी कोई बता दे तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

गरमा - गरम



मेल-मिलाप... सांसद रुपकुमारी चौधरी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और महेश कश्यप, सड़क एवं परिवहन मंत्री गडकरी से मिले

छग के सांसदों ने रेल-सड़क को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

महासमुंद। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव महेश कश्यप ने सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात की। सांसद चौधरी ने दौरान रायपुर से संबलपुर नई रेल लाइन सुविधा को लेकर चर्चा की। रायपुर से संबलपुर तक नई रेल लाइन होने के बाद झलप, पिथौरा, बसना और सरायपाली की जनता को लाभ मिलेगा।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर से संबलपुर नई रेल लाइन सुविधा को लेकर चर्चा की। रायपुर से बरगढ़ तक सर्वे के बाद मामला प्रक्रिया के आधीन है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने बसना में रेल लाइन की घोषणा की थी। रायपुर-बरगढ़ रेल लाइन संघर्ष समिति के द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही है। प्रक्रियाधीन कार्य में तेजी लाने की मांग सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की है। रायपुर से संबलपुर तक नई रेल लाइन होने के बाद झलप, पिथौरा, बसना और सरायपाली की जनता को लाभ मिलेगा।

बस्तर की समस्याओं से केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराएं

बस्तर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की है। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कई विषयों को लेकर केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया है। इस दौरान बस्तर सांसद ने उन्हें पत्र सौंपकर अनेकों बस्तर संसदीय क्षेत्र की प्रमुख सड़क सम्बंधित समस्याओं से अवगत कराया है। जिसमें दंतेवाड़ा जिले में आवश्यक रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर का विषय भी शामिल था, इसके अलावा जगदलपुर से रायपुर मार्ग को 4 लेन बनाने हेतु, रायपुर से विशाखापत्तनम भारत मला रोड निर्माणधीन है। इस हेतु जगदलपुर से एक लिंक रोड प्रदान करने हेतु, बीजापुर से गढ़चिरौली होकर महाराष्ट्र को जोडने वाली सड़क को अतिशीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया है, पट्टनम सव बारेगुढा रोड लंबाई 12 किमी मट्टी मारक में इंद्रावती नदी पुल स्वीकृत कर महाराष्ट्र को जोडने की मांग सांसद ने की है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जो कि बस्तर को दक्षिण राज्य को जोडने वाली मुख्य मार्ग जगदलपुर से कोंटा में जगदलपुर सुकमा तक 120 कि.मी. सीसी रोड तथा सुकमा से कोंटा तक दूरी 90 किमी सीसी रोड बनी है उस पर डामरीकरण करने की मांग की है। लगातार बस्तर की प्रमुख मुद्दों को लेकर बस्तर के विषयों से दिल्ली में सम्बंधित मंत्रियों को अवगत कराने का कार्य सांसद महेश कश्यप के द्वारा किया जा रहा है।

चीन से आए 'जलप्रलय' से बेहाल असम

28 जिले, पानी में घिरी 11 लाख की आबादी डूबे खेत-घरबार

सबसे बुरी हालत है लखीमपुर जिले की

सबसे बुरी हालत लखीमपुर जिले की हैं. यहां पर 1.65 लाख से ज्यादा लोग जलजमाव से परेशान हैं. 1.47 लाख लोग डरांग में और 1.07 लाख लोग गोलाघाट में बाढ़ प्रभावित हैं। अब तक 490 रिलीफकैंप बनाए गए हैं। जिनमें करीब 2.86 लाख लोग रह रहे हैं. करीब 42,500 हेक्टेयर की कृषि भूमि खराब हो गई है. 8.32 लाख मवेशी और पोल्ट्री प्रभावित हुए हैं. ब्रह्मपुत्र नदी निमतीघाट, तेजपुर, गुवाहाटी, ढुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

नई दिल्ली। *असम फिर डूब गया है। 28 जिले के करीब ढाई हजार गांव जलमग्न हैं। 11.34 लाख लोग प्रभावित हैं. हर साल की तरह इस बार भी ये पूर्वोत्तर राज्य ब्रह्मपुत्र नदी का प्रकोप झेल रहा है. इस सीजन में अब तक करीब 48 लोग मारे गए हैं। करीब 3057 लोगों और 419 जानवरों को बचाया गया है।*

सिर्फ यहीं ऐसा नहीं है अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, मणिपुर और मिजोरम भी हाई अलर्ट पर हैं. असम में 33 जिले हैं, जिनमें से 28 बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं. बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ एसडीआरएफऔर सेना को उतारना पड़ा है। असम के ये जिले बुरी तरह से प्रभावित हैं बारपेटा, बिश्वनाथ, काचर, चराईदेव, चिरांग, डरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करबी आंगलोंग, करीमगंज, लखीमपुर, मजूली, मोरीगांव, नागांव, नलबारी, सिवासागर, सोनितपुर, तमुलपुर, तिनसुकिया और उदलगुरी। पहले तो ऐसा होता था कि असम में 4-5 साल में एकाध बार बाढ़ आती थी, लेकिन अब हर साल ही यहां 3 से 4 बार बाढ़ आ रही हैं। असम में इतनी बाढ़ क्यों आती है? ये समझने से पहले यहां कि जियोग्राफी पर नजर डालना जरूरी है. असल में असम की भौगोलिक स्थिति किसी कटोरे जैसी है, जिसमें पानी जमा हो जाता है।

पुलों की जांच के लिए सुको में याचिका दायर

बीते 15 दिनों में 9 पुल गिरे

पटना। बिहार में हाल के दिनों में पुल गिरने की कई घटनाएं सामने आई हैं। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट बिहार सरकार को निर्देश दे कि वह राज्य के सभी मौजूदा और निर्माणाधीन पुलों की उच्च स्तरीय जांच कराएं। बता दें कि बीते 15 दिनों में ही राज्य में 9 पुल गिर चुके हैं। बुधवार को ही सीवान जिले में दो और सारण में एक पुल गिर गया। इनके अलावा पंचायत स्तर पर भी कई पुल गिर चुके हैं।

भविष्य में पुल गिरने की घटनाएं रोकने की मांग

याचिका बुधवार को वकील ब्रजेश सिंह ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि बिहार में लगातार गिर रहे पुलों की समस्या पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा कि बीते दो वर्षों में राज्य में निर्माणाधीन तीन बड़े पुलों समेत कई अन्य बड़े, छोटे पुल गिर चुके हैं। याचिका में कहा गया है कि पुल गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं। भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की जरूरत है ताकि सरकार की लापरवाही, ठेकेदारों के भ्रष्ट गठजोड़ को खत्म किया।

बाढ़ग्रस्त बिहार में पुलों का गिरना बेहद चिंताजनक

याचिका के अनुसार, यह बेहद चिंता का विषय है कि बिहार जैसे राज्य में, जो सबसे ज्यादा बाढ़ग्रस्त इलाका है, वहां ये स्थिति है। राज्य का 68,800 वर्ग किलोमीटर का इलाका बाढ़ग्रस्त है, जो कि राज्य के कुल क्षेत्रफल का 73 प्रतिशत है। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने ये भी मांग की है कि बिहार सरकार राज्य में पुलों के निर्माण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और नीति लागू करे, साथ ही निर्माणाधीन पुलों की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाए। गौरतलब है कि बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी ने बुधवार को पुलों के गिरने की घटनाओं की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय समिति बनाने का एलान किया।

सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई याचिका

बिहार में पुलों के गिरने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते 16 दिनों में कुल 9 पुल गिर चुके हैं। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है।

कोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका में उन सभी छोटे और बड़े पुलों के सरकारी निर्माण का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के आदेश देने की मांग की गई है जो अभी और हाल के वर्षों में बने हैं। इसके अलावा याचिका में यह भी कहा गया है कि, 'पिछले 2 सालों में दो बड़े पुल और कई छोटे पुल बनते ही या फिर निर्माण के दौरान ढह गए हैं।' याचिका में पिछले 2 सालों में हुई पुलों की घटनाओं का जिक्र किया गया है। याचिका के मुताबिक पिछले दो साल में बिहार में 12 पुलों के गिरने की घटना सामने आई है।

अरुणाचल में भूस्खलन से यातायात प्रभावित, सात जिलों से टूटा संपर्क

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण गुरुवार को सात जिलों से आवागमन टूट गया है। भूस्खलन के कारण एनएच-13 का पासीघाट-पंगिन-आलो का एक हिस्सा प्रभावित हुआ है। हालांकि पीडब्ल्यूडी रास्ते को साफ कर यातायात साफ करने की कोशिश कर रहा है। कई अन्य स्थानों पर भी यातायात व्यवस्था धड़ाम हो चुकी है।

लगातार बारिश के कारण अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग जिले के आलो में पानी और बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है। निचले सियांग जिले में लिकाबाली टाउनशिप में पानी की आपूर्ति को भी बाढ़ और भूस्खलन के कारण काफी नुकसान हो रहा है। गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के सात जिलों से संपर्क टूट गया। दरअसल गुरुवार को भूस्खलन के कारण पासीघाट-पांगिन-आलो मार्गपर एनएच-13 एक हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ। सियांग जिले में लोकपेंग और पंगिन ट्राई-जंक्शन के बीच एक चट्टान के कारण एनएच-13 को ब्लॉक कर

दिया। पीडब्ल्यूडी राजमार्ग के सहायक अभियंता गेमर पाडू ने बताया कि हल्के मोटर वाहनो को गुजारने के लिए लगातार मशीनरी से सड़क को साफकिया जा रहा है। भूस्खलन के कारण जिलों में सियांग, पूर्वी सियांग, ऊपरी सियांग, पश्चिमी सियांग, शि योमी, लेपराडा और ऊपरी सुबनसिरी से संपर्क टूट गया है। कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण निगमोई-आलो बाईपास सड़क भी अवरुद्ध हो गई है। अपर सियांग जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी वाई जेरांग ने कहा कि भूस्खलन के कारण रणनीतिक तूतिंग उप-मंडल का संपर्क शेष जिले से कट गया है। उन्होंने कहा कि 29 जून को मोयिंग और मिगिंग गांवों में कई स्थानों पर भारी भूस्खलन के बाद उप-मंडल पूरी तरह से कट गया।

न्यूज गैलरी

दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर सीएम चंद्रबाबू नायडू ने पीएम से की मुलाकात

भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों में केंद्र से समर्थन की मांग की। बता दें कि चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) केंद्र में भाजपा नीत एनडीए सरकार में एक महत्वपूर्ण साथी हैं। उन्होंने राज्य में केंद्र से सहायता की मांग की। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने राज्य से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पीयूष से भी मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि नायडू अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मिल सकते हैं, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हैं।

सुरक्षा कारणों से नासिक जेल भेजा गया गैंगस्टर अबू सलेम

नई दिल्ली। गैंगस्टर अबू सलेम को नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक जेल में भेजा गया है। साल 1993 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाके के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सलेम को सुरक्षा कारणों से नासिक जेल में स्थानांतरित किया गया है। गैंगस्टर अबू सलेम को तलोजा जेल में मरम्मत कार्य के कारण नासिक की जेल में स्थानांतरित किया गया है। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत के समक्ष कहा था कि सुरक्षा कारणों से अबू सलेम को नासिक जेल में भेजा जाना चाहिए। तलोजा जेल के अंदर उच्च सुरक्षा वाली कोठरी की खस्ता हालत का हवाला देते हुए जेल अधिकारियों ने अदालत को बताया था कि जेल में तत्काल मरम्मत कराए जाने की जरूरत है। ऐसे में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सलेम को नासिक की जेल में भेजा जाना चाहिए। जेल अधिकारियों की चिंता देखते हुए आज सुबह करीब 11.30 बजे सलेम को कड़ी सुरक्षा के बीच तलोजा जेल से नासिक भेजा गया।

राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। किरोड़ी लाल मीणा ने एक बार फिर इस्तीफे की खबरों के बीच ट्वीट किया है। जिसमें मीणा ने लिखा है,'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई।' जिसे उनके लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए बयानों से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में राज्य किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को कई पत्र लिखे हैं। 14 मई को लिखे गए पहले पत्र में मीणा ने शहर के गांधीनगर इलाके में एक बहुमंजिला आवासीय परियोजना में सरकारी खजाने को 1,146 करोड़ रुपये के संभावित नुकसान की ओर इशारा किया था। इस तरह के पत्रों के सामने आने से अटकलें चली थीं कि किरोड़ी लाल मीणा अपनी ही सरकार के खिलाफमोर्चा खोल बैठे हैं। किरोड़ी लाल मीणा ने दौसा में पीएम मोदी की रैली के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे 7 सीटों की जिम्मेदारी दी थी। इस बार अगर इन सात सीटों में से एक भी सीट हार गए तो मैं कैबिनेट मंत्री के पद से इस्तीफा दे दूंगा।

एमयूडीए मामले में भारतीय जनता पार्टी की सीबीआई जांच की मांग खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की भाजपा की मांग को गुरुवार को खारिज कर दिया। वहीं, विपक्षी पार्टी ने भूमि खोने वालों को धोखाधड़ी से जमीन आवंटित करने के खिलाफअपना प्रदर्शन तेज कर दिया।

भाजपा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूर के एक पॉश इलाके में वैकल्पिक जमीन आवंटित की गई थी। इस जमीन का मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था, जिसे एमयूडीए द्वारा अधिग्रहित किया गया था। साथ ही विपक्ष ने सीएम से उनके इस्तीफे की मांग की।

एमयूडीए ने पार्वती को तीन एकड़ से अधिक भूमि के बदले 50-50 अनुपात योजना के तहत जमीन आवंटित की थी, जिसे प्राधिकरण ने आवासीय लेआउट विकसित करने के लिए अधिग्रहित किया था।

एमयूडीए कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की

मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि जमीन गंवाने वालों को योजना के तहत एमयूडीए द्वारा आवंटित आवास स्थलों को कथित अनियमितताओं की जांच लंबित रहने तक रोक दिया गया है। भाजपा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के गृह जिले मैसूर में प्रदर्शन किया और वहां एमयूडीए कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उन्हें एक बस में ले जाया गया।

तो हम सब तबाह हो जाएंगे... इसरो चीफ सोमनाथ ने धरतीवासियों को दी बड़ी चेतावनी

नई दिल्ली। 30 जून 1908 को साइबेरिया के एक सुदूर स्थान तुंगुस्का में एक एस्टेरॉयड से हुए एक विशाल हवाई विस्फोट ने लगभग 2,200 वर्ग किलोमीटर घने जंगल को तहस-नहस कर दिया. इससे लगभग 80 मिलियन पेड़ नष्ट हो गए हैं. पृथ्वी के निकट का एस्टेरॉयड, जिसे वर्तमान युग का सबसे खतरनाक कहा जाता है, 370 मीटर व्यास वाला एपोफिस 13 अप्रैल 2029 को और फिर 2036 में हमारे पास से गुज़रेगा।

इस तरह के प्रभाव से डायनासोर के विलुप्त होने की परिकल्पना की गई है. दुनिया भर की अंतरिक्ष एजेंसियां ??पृथ्वी को एस्टेरॉयड से बचाने के लिए ग्रह रक्षा क्षमताओं का निर्माण करने की दिशा में काम कर रही हैं. इसरो भी इस संबंध में जिम्मेदारी लेने के लिए उत्सुक है।

उन्होंने आगे कहा कि 'ये वास्तविक संभावनाएं हैं. हमें खुद को तैयार करना चाहिए. हम नहीं चाहते कि यह धरती माता के साथ हो. हम चाहते हैं कि मानवता और सभी जीव यहां रहें. लेकिन हम इसे रोक नहीं सकते. हमें इसके विकल्प खोजने होंगे. इसलिए, हमारे पास एक तरीका है जिससे हम इसे विक्षेपित कर सकते हैं।

हम पृथ्वी के निकट आने वाले एस्टेरॉयड का पता लगा सकते हैं और उसे दूर कर सकते हैं और कभी-कभी यह असंभव भी हो सकता है. इसलिए, तकनीक विकसित करने की आवश्यकता है, भविष्यवाणी करने की क्षमता, इसे विक्षेपित करने के लिए वहां भारी प्रॉप्स भेजने की क्षमता, अवलोकन में सुधार और एक प्रोटोकॉल के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर काम करना।

इसरो चीफकी बड़ी चेतावनी

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा 'हमारा जीवनकाल 70-80 वर्ष है और हम अपने जीवनकाल में ऐसी आपदा नहीं देखते हैं, इसलिए हम यह मानकर चलते हैं कि ये संभव नहीं हैं. यदि आप विश्व और ब्रह्मांड के इतिहास को देखें, तो ये घटनाएं अक्सर होती रहती हैंज ग्रहों की ओर क्षुद्रग्रह का आना और उसका प्रभाव. मैंने बृहस्पति से टकराते हुए एस्टेरॉयड को देखा है, शूमेकर-लेवी को टकराते हुए देखा है. यदि पृथ्वी पर ऐसी कोई घटना होती है, तो हम सभी विलुप्त हो जाएंगे।'

शपथ ग्रहण की मांग को लेकर विधायकों का धरना जारी

विधानसभा परिसर में छठे दिन भी किया प्रदर्शन

कोलकाता। विधायकों का शपथ ग्रहण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन गुरुवार को छठे दिन भी जारी रहा। टीएमसी विधायकों ने बंगाल विधानसभा परिसर में धरना दिया। विधायकों की मांग है कि उन्हें राजभवन की बजाय सदन में शपथ दिलाई जाए। विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और रयात हुसैन सरकार 27 जून से प्रदर्शन कर रहे हैं।

बंदोपाध्याय और रयात हुसैन ने विधानसभा परिसर में डॉ. बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के नजदीक धरना दिया। विधायकों ने अपने हाथों में तख्तियां ली हुई हैं, जिन पर लिखा है कि 'हम राज्यपाल का इंतजार कर रहे हैं'। राज्यपाल ने अभी तक इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया है, जिसकी वजह से विधायकों का शपथ ग्रहण अटका हुआ है। शपथ न लेने की वजह से नवनिर्वाचित विधायक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी भूमिका शुरू नहीं कर सके हैं।

स्पीकर ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

राज्यपाल और विधायकों के बीच जारी इस खींचतान को लेकर स्पीकर बिमान बनर्जी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है और उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। उल्लेखनीय है,

नवनिर्वाचित विधायक अभी तक नहीं ले पाए हैं शपथ

बारानगर सीट और भांगबंगोला सीट पर हुए उपचुनाव में क्रमशः सायंतिका बंदोपाध्याय और रयात हुसैन ने जीत दर्ज की थी। जीत के बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दोनों विधायकों को शपथ ग्रहण के लिए राजभवन आमंत्रित किया था, लेकिन विधायकों ने राजभवन में शपथ ग्रहण करने से इनकार कर दिया। विधायकों की मांग है कि उन्हें विधानसभा में शपथ दिलाई जाए और इसके लिए राज्यपाल को स्पीकर या सदन के उपाध्यक्ष को जिम्मेदारी देनी चाहिए।

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि विधायकों के पास संविधान के प्रावधानों के अनुसार शपथ लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 188 और अनुच्छेद 193 राज्यपाल को इस तरह का अधिकार देते हैं। अनुच्छेद 188 में कहा गया है कि राज्य की विधानसभा या विधान परिषद का प्रत्येक सदस्य को राज्यपाल या उनके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के समक्ष शपथ लेगा। 'यदि कोई विधायक अनुच्छेद 188 के तहत शपथ लेने से पहले विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होता है तो अनुच्छेद 193 के तहत उसके लिए दंड का प्रावधान भी किया गया है। साथ ही शपथ से पहले विधायक विधानसभा में मतदान करता है, तो वह प्रत्येक दिन के लिए, जिस दिन वह बैठता है या मतदान करता है, पांच सौ रुपये के जुर्माने के लिए उत्तरदायी होगा, जिसे राज्य को देय ऋण के रूप में वसूला जाएगा।

अंतरिक्ष जाने से पहले प्रधानमंत्री मणिपुर जाएं : जयराम रमेश

नई दिल्ली। हाल ही में इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि अगर हम प्रधानमंत्री को अंतरिक्ष में भेज सके तो हमें बहुत गर्व होगा। एस सोमनाथ के इस बयान पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'प्रधानमंत्री को अंतरिक्ष में जाने से पहले मणिपुर जाना चाहिए।'

दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अगर भारत के पहले मानव मिशन गगनयान के तहत अंतरिक्ष जाना चाहते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होगी। गगनयान को साल 2025 में लॉन्च किया जाना है। इसरो चीफ से पूछा गया कि क्या अगर प्रधानमंत्री मोदी इसरो के मानव मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाना चाहें तो क्या उन्हें खुशी होगी? इसके जवाब में एस सोमनाथ ने कहा कि 'बेशक उन्हें इससे खुशी होगी, लेकिन उनके पास कई अन्य अहम जिम्मेदारियां हैं।

जिन्हें पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। लेकिन यह ऐसी क्षमता है, जिसें हम हासिल करना चाहते हैं कि अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने की क्षमता को इतना विकसित किया जाए यह बेहद सुरक्षित हो जाए और हम इसे हासिल करने की प्रक्रिया में हैं।'

महादेव,रेड्डी अन्ना सट्टा ऐप के पैनल नं 15 को संचालित करने वाले पांच सटोरिए गिरफ्तार

■ पुणे से कर रहे थे करोड़ों की हेराफेरी,रायपुर क्राइम ब्रांच रंगे हाथों दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। ईडी,ईओडब्ल्यू की लगातार कार्रवाई के बावजूद महादेव सट्टा एप से जुड़े मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। प्रार्थी को झांसे में लेकर बैंक में खाता खुलवाने के बाद बैंक अकाउंट से लाखों-करोड़ों रुपए के लेन-देन का मामला सामने आया है, जिस पर रायपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के पुणे शहर से महादेव और रेड्डी अन्ना-15 पैनल संचालित करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी दशरथ निषाद ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने साथी मोहित विश्वकर्मा के आग्रह पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बैंक खाता खुलवा कर दिया। उक्त बैंक खाते में प्रार्थी के आधार कार्ड के जरिए खरीदे गए एयरटेल का सिम रजिस्टर्ड कराकर बैंक पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया। इसके बाद एक दिन मोहित विश्वकर्मा ने प्रार्थी को फोन कर बैंक खाता बंद करने की बात कही तभी प्रार्थी को शंका होने पर जब उसने जानकारी हासिल की तो पता चला कि मोहित विश्वकर्मा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके बैंक खाता व मोबाइल नम्बर का प्रयोग महादेव सट्टा संचालन में लेन-देन के लिए कर रहे हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मौदहापारा थाना में अपराध दर्ज कर आरोपियों की पड़ताल शुरू की गई। जांच के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा सटोरियों की पतासाजी करते हुएआरोपियों की लोकेशन पुणे महाराष्ट्र स्थित सांगरिया फेस-03 मेगा पोलिस हिंजेवाडी के एक फ्लैट में होना पाया गया। टीम के सदस्यों को फ्लैट में रेड कार्रवाई के दौरान 5 व्यक्ति मिले, जो लैपटॉप व मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। मामले का खुलासा करते हुए रायपुर पुलिस ने बताया की सभी सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान महादेव सट्टा एप के रेड्डी अन्ना पैनल नं. 15 आई.डी. के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन करना स्वीकार किया गया। जिस पर सभी 5 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 47 मोबाइल फोन, 6 लैपटॉप, एक टैबलेट, 2 राउटर सहित कुल 12,50,000 रुपए जब्त किया गया। मामले में रायपुर पुलिस ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया, उनमें नागपुर निवासी अतुल भगवान पराते पिता भगवान मारुति पाटिल (25 साल), भिलाई निवासी विक्रांत रंगारे पिता रोहित कुमार रंगारे (29 साल), भिलाई निवासी अंशुल रेड्डी (30) पिता एसीबी रेड्डी, भिलाई निवासी देवेन्द्र कुमार विशाल उर्फ टिंकू पिता दीवाकर विशाल (30 साल) और कुशल ठाकुर पिता विजय ठाकुर (26 साल) शामिल है। कार्यवाही में निरीक्षक यामन कुमार देवांगन थाना प्रभारी मौदहापारा, एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट से प्रभारी परेश पाण्डेय, उपनिरी. मुकेश सोरी, सउनि प्रेमराज बारिक, किशोर सेठ, प्रआर महेन्द्र राजपूत, कृपासिंधु पटेल, वीरेन्द्र भार्गव, प्रेमराज बारिक, आर. सुरेश देशमुख, केशव सिन्हा, अविनाश देवांगन, मुनीर रजा, तुकेश निषाद, अभिषेक सिंह तोमर, नितेश राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम साय ने मेधावी बच्चों को दी 26 लाख की प्रोत्साहन राशि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में पूर्व पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों को नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 26 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में स्थान अर्जित करने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 13 मेधावी बच्चों को नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि का चेक वितरित प्रदान किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मेधावी बच्चों को प्रदान किए गए दो-दो लाख रुपए की राशि में एक लाख रुपए प्रोत्साहन स्वरूप और एक लाख रुपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। यहां यह उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को, जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में टॉप-10 सूची में है, उन्हें इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है।

न्यूज गैलरी

सीएम साय 5 को बगिया में शाला प्रवेशोत्सव में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 5 जुलाई को सवेरे 10 बजे जशपुर जिले के विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त मंत्री एवं जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओ. पी. चौधरी करेंगे। यह कार्यक्रम शासकीय हाईस्कूल बगिया में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री साय नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर स्वागत करेंगे और पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण करेंगे। इसके अलावा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉपर्स एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण भी करेंगे। साथ ही शाला परिवार द्वारा उत्कृष्ट पालकों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर मती रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव मती गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर मती शांति भगत, उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष कांसाबेल कमल साय भगत, जिला पंचायत सदस्य जशपुर सालिक साय एवं ग्राम पंचायत बगिया सरपंच मती राजकुमारी देवी उपस्थित रहेंगी।

विभागीय योजनाओं की खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने खाद्य आयोग कार्यालय में विगत दिवस खाद्य विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक माह नियमित रूप से राशन वितरण सुनिश्चित हो। यूनिवर्सल पीडीएस के तहत राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को ई-पास के माध्यम से पसंद की दुकानों में राशन वितरण करने संबंधी व्यवस्था को दुरुस्त करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री बाबरा ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन सामग्री वितरण में पारदर्शिता एवं जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पीडीएस से संबंधित शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर एवं कॉल सेंटर का दूरभाष नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका पदों पर दस्तावेज का सत्यापन 8 को

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर सातवें चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को सोमवार 08 जुलाई 2024 को समय प्रातः 09.30 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में बुलाया गया है। इस हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस, व्हाट्सएप्प पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना या सामान प्राप्तांक होने पर उक्त प्राप्तांक धारक सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट https://cgiti. cgstate. gov.in/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें।

मैक कॉलेज का आज 18वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित, महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) का आज 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। 2006 में मात्र 93 छात्र छात्राओं को लेकर प्रारंभ हुआ यह कॉलेज, वर्तमान में 2000 से अधिक छात्र छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है। मैक कॉलेज में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कोर्स के साथ साथ व्यवसायिक संबंधित कोर्स भी करवाए जाते है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में मैक कॉलेज से विभिन्न विभाग के विद्यार्थी प्रतिवर्ष मेरिट में अपना स्थान दर्ज करा रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में बैठक

■ मुख्य सचिव ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष गरिमापूर्वक मनाया जाएगा।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में यहां मंत्रालय महानदी भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन संबंध में अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तमाम तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। मुख्य सचिव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर शानदार परेड का आयोजन होगा। जिसमें पुलिस, सशस्त्र बल और एनसीसी, छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उप महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वारा परेड के आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाएगी। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग इसका समन्वय करेगा। कार्यक्रम के दौरान यातायात पार्किंग ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था नगर निगम रायपुर द्वारा की जाएगी। जिला मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कलेक्टरों को आवश्यक मार्गदर्शी निर्देश जारी किए जाएंगे।

बैठक में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्रीमती रेणुजी पिल्ले, अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व सुब्रत साहू, पुलिस विभाग के प्रमुख अधिकारी, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग पी.अन्बलगन, सचिव कृषि मती शहला निगार, परिवहन विभाग के सचिव एस.प्रकाश, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, सचिव कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा एस.भारतीदासन, सचिव खेल एवं युवा कल्याण हिमशिखर गुप्ता सहित स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनसम्पर्क, गृह, आदिम जाति विकास तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य, संस्कृति सहित अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए।

बेवजह राजस्व प्रकरणों को रोकने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : टंकराम

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि राजस्व पखवाड़ा के दौरान राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो। राजस्व के बहुत से कामों के लिए समय-सीमा निर्धारित है, इसका अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग को काम में गति लानी होगी, लोगो को भटकना न पड़े, बेवजह राजस्व प्रकरणों को रोकने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। श्री वर्मा धमतरी के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि जनता की सेवा के लिए हम यहां हैं। किसानों को नकली खाद, बीज, दवाई इत्यादि के बिक्री पर संबंधित संस्थानों और व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसान सम्मान निधि की राशि पात्र किसान को मिले। इसी तरह जिले में अवैध उत्खनन, शराब, सटोरिया इत्यादि पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए बजट हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में कुरूद विधायक श्री अजय चन्द्राकर,धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए आपदा प्रबंधन के कार्यों, खाद्यान्न के भंडारण, जल शुद्धिकरण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों की उपलब्धता आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले के सभी नागरिकों को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा लगाने के लिए प्रेरित करने कहा।

वायरल कार्टून कांग्रेस की दयनीय स्थिति और अंधकारमय राजनीतिक भविष्य का आईना: संजय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने बार-बार लॉन्च किए जाने के बाद भी लगातार तीसरी बार राहुल गांधी और कांग्रेस की विफलता पर एक कार्टून जारी करके कांग्रेस के राजनीतिक भविष्य पर तीखा व्यंग्य किया है।

विदित रहे, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में हुई चर्चा के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेता प्रतिपक्ष समेत इंडी गठबंधन के सांसदों के आचरण को लेकर कटाक्ष किया था और कांग्रेस के परजीवी होने की बात कहकर विफलता का जश्न मनाने वाले कांग्रेस सांसदों व नेताओं को आड़े हाथों लिया था। श्री मोदी ने इशारों-इशारों में 'बालक बुद्धि' कहकर नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बिना तंज भी कसा। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस कार्टून को लेकर कहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल यह कार्टून कांग्रेस की मौजूदा दयनीय स्थिति और अंधकारमय राजनीतिक भविष्य का आईना है। कांग्रेस को अब एक परिवार की चाटुकारिता से उबरकर अपने राजनीतिक सच का सामना करने की आदत डालने की जरूरत है। 543 में से महज 99 सीटों पर जीतकर कांग्रेस के नेता लगातार तीसरी बार शर्मनाक पराजय के बाद भी फूलकर इतने कुप्पा क्यों हुए जा रहे हैं, यह समझ से परे है।

भाजपा के द्वारा जारी किया गया पोस्टर उसकी झुंझलाहट को बताता है : कांग्रेस

■ संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता से भाजपा घबरा गयी है

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के द्वारा जारी किया गया पोस्टर उसकी झुंझलाहट को बताता है। 400 का पार का नारा देने वाली भाजपा दो बैसाखी के साथ बड़ी मुश्किल से सरकार में आयी है और मोदी 3 की लंगड़ी सरकार 6 या 8 महीनों से ज्यादा चलने वाली नहीं है। भाजपा कांग्रेस के लिये पोस्टर जारी कर रही है यह उसकी स्तरहीन राजनीति है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सांसदों की संख्या दुगुनी हुई है और भाजपा के सांसदों की संख्या कम हुई है। यदि जनता दल यूनाइटेड और चंद्रबाबू नायडू समर्थन नहीं करते तो नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। 400 पार का नारा देने वाली भाजपा अपने दम पर 272 के बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 2024 के चुनाव परिणाम से साफ हुआ है देश में मोदी की लोकप्रियता घटी है और राहुल गांधी के प्रति लोगों का समर्थन बढ़ा है। संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता से भाजपा घबरा गयी है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी ने जिस प्रकार से भाजपा और नरेंद्र मोदी को आईना दिखाया है उससे समूची भाजपा सहम गयी है। उन्हें इस बात का अहसास हो गया है कि 10 सालों तक जो मनमानी मोदी 1 और मोदी 2 में हुई है वह अब नहीं चलने वाली, विपक्ष के नेता के तौर पर संसद में जनता के मजबूत प्रहरी के रूप में राहुल गांधी है। कि मोदी सरकार को अब महंगाई, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी का जवाब सदन में देना होगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने नीट मामले को जिस प्रभावी ढंग से उठाया है।

विधानसभा में पहली बार 'यूथ असेंबली' युवा रखेंगे मन की बात

■ नेहरू युवा केन्द्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आज होगा यूथ असेंबली का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र संगठन , छत्तीसगढ़ शासन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में कल 5 जुलाई को राज्य स्तरीय युथ असेंबली का आयोजन छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन रायपुर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में केदार कश्यप , कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। इस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी देते हुए नेहरू युवा केन्द्र संगठन , छत्तीसगढ़ के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडे ने बताया कि यह देश का पहला यूथ असेंबली का होगा जिसका आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। 'क्लाइमेट चेंज फॉर युथ' की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 146 ब्लाकों से लगभग 200 युवा प्रतिभागी भाग लेंगे जिनमे 16 युवा वक्ता जलवायु परिवर्तन की समस्या पर अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना तथा युवाओं में राजनैतिक समझ को विकसित करना है। इस राज्य स्तरीय युथ असेंबली कार्यक्रम के पूर्व विकासखंड एवं जिला स्तर पर भी यह कार्यक्रम आयोजित होंगे।

12 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी बने इस महीने 'कॉप ऑफ द मंथ'

■ एसएसपी संतोष सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर एसएसपी संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए हर महीने 'कॉप ऑफद मंथ' पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से रायपुर पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा को लगन व जिम्मेदारी से कार्य करने और बेहतर बल प्रबंधन के लिए; निरीक्षक दुर्गेश रावटे प्रभारी टिकरापारा को अभियान निजात के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम व प्रभावी कार्यवाही करने,एसआई यू.एन. शांत थाना अभनपुर को अवैध शराब जप्ती, आरक्षक धनेश राते को थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन में परिवहन करते गांजा बरामद करने; सउनि सोबवंत सिंह रावत कार्यालय सीएसपी कोतवाली को सौंपे गए कार्यों का उत्कृष्ट तरीके से निर्वहन करने , आर. भूपेंद्र कुमार मिश्रा एसीसीयू को थाना टिकरापारा क्षेत्र में हुए चोरी में आरोपी को पकड़ने व 12 लाख मशरूका बरामदगी करने के लिए; प्र.आर रविकांत पांडे एसीसीयू को थाना देवेंद्र नगर क्षेत्र में हुए चोरी में आरोपी को पकड़ने व रुपए 30 लाख मशरूका बरामदगी करने के लिए , सउनि अतुलेश राय व आर. अरुण कुमार ध्रुव थाना टिकरापारा को कमल विहार क्षेत्र में महिला का शव मिलने पर अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तार करने पर; आर. सुरेंद्र सिंह थाना खरोरा को चोरी के 2 प्रकरणों में आरोपी को पकड़ने व मशरूका बरामदगी करने ,आर. प्रमोद चंदेल थाना न्यू राजेंद्र नगर को चोरी के आरोपी को तय मशरूका के पकड़ने व प्रयुक्त एक्टिवा की बरामदगी करने के सराहनीय कार्य के लिए , आर. मोह. राजिक एसीसीयू को एमडी ड्रग्स के सिंडिकेट पर कार्यवाही करने के सराहनीय कार्य के लिए एसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्य कार्यालयीन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर का भड़काऊ बयान बलौदाबाजार हिंसा सोची-समझी साजिश

■ भटगांव में कहा सतनामी समाज को टारगेट किया गया, दोषियों को बचा रही सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार में हुई हिंसा के बाद गुरुवार को भीम आर्मी के चीफ और सांसद चंद्रशेखर आजाद छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं। भीम आर्मी के चीफ और उत्तर प्रदेश के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि, बलौदाबाजार में जो हुआ, वो एक दिन की घटना नहीं है। बार-बार हमारे जैतखंब को, हमारी आस्था को, हमारे सम्मान को अपमानित करने का काम किया, हमें पीड़ा देने का काम किया। चंद्रशेखर गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे थे। बिलाईगढ़ के भटगांव में जनसभा को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि, हमने प्रशासन से बार-बार मांग कि इसकी सीबीआई जांच करा दो। यह सोची-समझी साजिश है, लेकिन एक महीने बाद 3-4 लोगों को गिरफ्तार कर खानापूर्ति की। उन्होंने कहा कि, हमारा सतनामी समाज कभी हिंसा के रास्ते पर नहीं जा सकता है। अगर ये हिंसा के रास्ते पर चलने वाला समाज होता तो छत्तीसगढ़ में कोई आंख उठाने वाला नहीं होता। चंद्रशेखर ने कहा कि, जो संविधान को मानने वाले है, वो कभी हिंसा का सहारा नहीं लेते है। ये जिस दिन इकट्ठा हुए थे, अपनी बात को कहने के लिए हुए थे। लेकिन इस भीड़ में असामाजिक तत्वों ने इसे अंजाम दिया। इस समाज को बदनाम करने के लिए षड़यंत्र किया। सरकार ने इसकी तह में जाना उचित नहीं समझा। बल्कि सरकार ने समाज के लोगों को टारगेट करने का काम किया। उनको जेल भेजा।

सुविचार

बुरे लोग सिर्फ़ अच्छे लोगों को बदनाम ही कर सकते हैं वे खुद कभी अच्छा इंसान नहीं बन सकते। - अज्ञात

संसदीय नियमों का पालन सुनिश्चित हो

18वीं लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता और विपक्ष के बीच जो आचरण देखने को मिला उससे संसदीय नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत शिद्दत के साथ महसूस हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को विपक्ष के आचरण पर नाराजगी दिखानी पड़ी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने निश्चित रूप से अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सरकार को जमकर घेरा लेकिन उन्होंने ससंदीय नियमों का भी उल्लंघन किया। नतीजतन उनके अभिभाषण कें कुछ अंशों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। इस पर आपत्ति उठाते हुए राहुल गांधी ने स्पीकर को एक चिटठी लिखकर अपनी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि उनके भाषण के कुछ हिस्सों को हटाना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। इसलिए हटाए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाए। राहुल गांधी ने स्पीकर पर भेदभाव का भी आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के भाषण में भी ऐसे आरोपों की भरमार थी लेकिन उनके भाषण से बहुत छोटा हिस्सा हटाया गया। गौरतलब है कि अनुराग ठाकुर ने विपक्ष को आईना दिखा दिया था। भारतीय संविधान की प्रतियां लहराने वाले विपक्षी नेताओं से अनुराग ठाकुर ने सदन में यह सवाल पूछ लिया था कि भारतीय संविधान की जिन प्रतियों को वे लहराते हैं। उसमें कितने पृष्ठ हैं यह बताएं। उनके इस सवाल का विपक्ष के किसी नेता के पास कोई जवाब नहीं था। इस पर अनुराग ठाकुर ने तंज कसा था कि संविधान की प्रति को आप लहराते हो उसे कभी खोल कर देख भी लिया करो। उनकी यह बात विपक्ष को चुभ गई थी। यह बात अलग है कि इसके बाद अनुराग ठाकुर ने भी कुछ आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग कर दिया था। जिसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया है। बहरहाल लोकसभा और राज्यसभा में जिस तरह का अमर्यादित आचरण देखने को मिला उसके बाद अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के नियमों में कुछ संशोधन करने की घोषणा की है। नए नियमों के मुताबिक अब लोकसभा में शपथग्रहण के दौरान सभी सांसदों को नियमानुसार ही शपथ लेनी पड़ेगी। इस दौरान वे और कोई नारा नहीं लगा पाएंगे। यह नियम तो अब अगले पांच साल बाद उपयोग में आएगा। जरूरत तो अभी इस बात की है कि सदन के भीतर संसदीय नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाए। जो भी सदस्य सदन में बगैर किसी तथ्य के झूठे आरोप लगाते हैं उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर न बख्शा जाए बल्कि उनके खिलाफ कार्यवाही का भी प्रावधान किया जाए। ताकि प्रजातंत्र के इस सबसे बड़े मंदिर की गरिमा बनी रही और संसद का काम व्यर्थ के बवाल के कारण प्रभावित न हो और इसका काम सुचारू रूप से चल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लोकसभा और राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान इस बारे में अध्यक्षीय आसंदी का ध्यान आकर्षित किया था। इसके पूर्व उन्होंने जब एनडीए सांसदों के साथ बैठक की थी। तब भी उन्होंने एनडीए के सांसदों को समझाइश दी थी कि वे संसद में संसदीय नियमों का पालन करें और ऐसा कोई आचरण न करें जो अशोभनीय हो। पीएम मोदी की इस अपील पर उनके सांसद अमल करते नजर आए लेकिन आईएनडीआईए के सांसदों ने संसदीय नियमों की अनदेखी की। भविष्य में संसद की कार्यवाही के दौरान ऐसा दृश्य देखने को न मिले इसके लिए कारगर पहल करना जरूरी है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान का श्रीगणेश

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान सभी देशवासियों से यह अपील की थी कि लोग एक पेड़ मां नाम पर जरूर लगाएं। प्रधानमंत्री के इस आव्हान पर अमल करते हुए छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदेश में इस अभियान का श्रीगणेश कर दिया है। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों और अस्पतालों में एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा ताकि प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण किया जा सके। उन्होंने कहा है कि सरकारी स्कूलों के अहातों के किनारे नीम, गुलमोहर और अर्जुन जैसे छायादार वृक्ष लगाए जाए जिसका स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी पालन पोषण और सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके लिए शासन निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा। उसके साथ ही पौधा रोपण के लिए उचित मापदंड के गड्ढ़े कराने तथा खाद आदि उपलब्ध कराने की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। निश्चित रूप से एक पेड़ मां के नाम अभियान की छत्तीसगढ़ में शुरूआत होना सराहनीय पहल है । इसे एक जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार अपने स्तर पर इस अभियान को वृहद रूप देगी लेकिन इसके लिए स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक संगठनों को भी आगे आना चाहिए और उन्हें भी इस अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज करानी चाहिए। सभी के समवेत प्रयासों से ही यह अभियान एक जन आंदोलन बन सकता है।

प्रो.संजय द्विवेदी

हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं,विधान परिषदों, नगरपालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है। लोकसभा के पहले सत्र का लाइव प्रसारण देखते हुए हर संवेदनशील भारतीय जन को ये दृश्य अच्छे नहीं लगे हैं। संसदीय मर्यादाओं और परंपराओं की रक्षा हमारे सांसद गण नहीं करेंगे तो कौन करेगा? संसदीय राजनीति के शिखर पर बैठे दायित्ववान सांसदों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण से इस महान संस्था का गौरव बढ़ाने में सहयोगी बनें। नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता से 'राजनीति' तो संभव है पर 'राष्ट्रनीति' हम न कर पाएंगे।

नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता का समय!

सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र

भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डा.राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ,वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गयी।

राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल था। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे,तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष की गलत बयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन आफद मैच' घोषित कर दिया। ज़ाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए।

लोकसभा के प्रथम सत्र से निकली छवियां बता रही हैं कि आगे भी सब कुछ सामान्य नहीं रहने वाला है। किंतु संसद को अखाड़ा, चौराहे की चर्चा के स्तर पर ले जाने के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? यह ठीक बात है कि सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सदन में सार्थक और प्रभावी विमर्श खड़ा करना विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। अब जबकि विपक्ष अपनी बढ़ी संख्या पर मुग्ध है तो क्या उसे संसदीय मर्यादाओं को छोड़कर अराजकता का आचरण करना चाहिए? सच तो यह है कि सदन के इस तरह चलने से सत्तारूढ़ दल का ही लाभ है। बिना बहस और चर्चा के कानून इसीलिए पास होते हैं क्योंकि संसद का ज्यादातर समय हम विवादों में खर्च कर देते हैं। संसदीय परंपरा रही है कि हर नयी सरकार को प्रतिपक्ष कम से कम छः माह का समय देता है। उसके कार्यक्रम और योजनाएं का मूल्यांकन करता है। पहले दिन से ही सदन को अराजकता की ओर ढकेलना उचित नहीं कहा जा सकता। अपनी लंबी संसदीय प्रणाली में भारत ने अनेक संकटों का समाधान किया है।

हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं,विधान परिषदों, नगरपालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है। लोकसभा के पहले सत्र का लाइव प्रसारण देखते हुए हर संवेदनशील भारतीय जन को ये दृश्य अच्छे नहीं लगे हैं। संसदीय मर्यादाओं और परंपराओं की रक्षा हमारे सांसद गण नहीं करेंगे तो कौन करेगा? संसदीय राजनीति के शिखर पर बैठे दायित्ववान सांसदों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण से इस महान संस्था का गौरव बढ़ाने में सहयोगी बनें। नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता से 'राजनीति' तो संभव है पर 'राष्ट्रनीति' हम न कर पाएंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1811 में आज ही के दिन वेनेजुएला ने स्पेनिश साम्राज्य से अपनी आजादी की घोषणा की थी। 1841 में 5 जुलाई को ही थॉमस कुक ने इंग्लैंड में अपने पहले रेलवे भ्रमण की व्यवस्था किया था। 1848 में आज ही के दिन हंगरी के राष्ट्रीय क्रांतिकारी संसद ने वर्क करना स्टार्ट किया था। 1922 में 5 जुलाई को ही नीदरलैंड में पहला आम चुनाव हुआ था। 1950 में आज ही के दिन नए लॉ के अंतर्गत सभी यहूदियों को इस्राइल में रहने की अनुमति दी गई थी। 1954 में 5 जुलाई को ही [illegible] ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का टेलीकॉस्ट किया था। 1959 में आज ही के दिन इंडोनेशिया में संविधान बहाल किया गया था। 1960 में 5 जुली को ही मंगोलिया ने संविधान अपनाया था। 1962 में आज ही के दिन अल्जीरिया 132 साल के फ्रांसीसी शासन से फ्री हुआ था। 1968 में 5 जुलाई को ही भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची थी। 1994 में आज ही के दिन जेफ बेजोस ने ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजॉन की स्थान की थी। 1998 में 5 जुलाई को ही पीट सम्प्रास ने 5वीं बार विंबलडन का एकल ख़िताब जीता था। 2004 में आज ही के दिन इंडोनेशिया में पहला प्रेसिडेंट चुनाव हुआ था। 2008 में 5 जुलाई को ही नेपाल की अंतरिम कैबिनेट ने संविधान संशोधन के लिए विधेयक लाने का प्रस्ताव पारित किया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आई है जब से बरसात

आई है जब से बरसात दिलाई है पुरानी याद। गिला किसी को बतौर शिकवा भी है छप्परफाड़ । गरज, तड़प है दिलों की अपनों से बढ़ाए मुलाक़ात। बादल बन के ख़्वाबों में भीग जाऊं बिन बरसात। रिमझिम फुहार सी हाल इश्क में भीगी भीगी रात।

- सुरेश वैष्णव

नन्हीं चींटी जब दाना

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है मन का विश्वास रगों में साहस भरता है चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है आखि़र उसकी मेहनत बेकार नहीं होती कोशिश करने वालों की हार नहीं होती....

- शेष अमित

ख़ास पाती

मौसम ने पुकारा आम को

मौसम ने पुकारा आम को आम बच्चों ने फलों का राजा कोयल ने प्रेमी गाया उसने पंचमस्वर संगीत हर्षाया आम लगा सबको आम ऐसे ही नहीं हुआ आम समाया है आम में अम्मा की आंख का पानी बाबा की देह का पसीना धरती की उर्वरता बादलों की गर्जन सूरज का ताप चांद की चांदनी पीढ़ियों के समर्पण के साथ अम्मा की रसोई से शक्कर की मिठास और हल्दी की पीलाई ले आम ने सजाई अमराई गर्मी को बचाया आम ने आम होने से जेठ, असाढ़, सावन,भादों गाते रहे आम आम आम गांव के पगलवा ने कहा आम ही रहा ख़ास बाकी सब बकवास । **- कल्पना मनोरमा**

वह लौट आती है एक लंबे विराम

वह लौट आती है एक लंबे विराम के बाद वह झुक जाती है प्रेम के साथ फिर भी उसे नहीं मिलती छुट्टी उस झगड़े से वह हमेशा की तरह फिर टूट जाती है फिर वह लौट आती है पर नहीं मिल पाता उसे सम्मान आखिर वह एक स्त्री है अंततः उसका विश्वास फिर तारतार हो जाती है शब्दों से यातनाएं सहती शब्दों से फिर प्रताड़ित हो जाती है वह स्त्री फिर भी रिश्ते से विमुख नहीं हो पाती वह लौट आती है। **- लक्ष्मी नारायण लहरे**

उम्र ही ग़म की बढ़ा देते हैं वो

उम्र ही ग़म की बढ़ा देते हैं वो जो जीने की दुआ देते हैं मर्ज बढ़ता ही चला जाता है जाने कैसी वो दवा देते है अच्छा लगता है कुरेदना इनको जख्म कैसे हैं,मज़ा देते हैं खूब वाकिफहैं आदाबे महफ़िल से अश्क नगमों में बहा देते हैं राह मंजिल की जब नहीं मिलती तो ये रस्ते ही बढ़ा देते हैं

- अनु मित्तल

मुझे बिछड़ने का डर है उससे

मुझे बिछड़ने का डर है उससे कहीं जुदा ये ही डर न कर दे मैं ख़ुश हूँ लेकिन नसीब मेरा कोई शरारत इधर न कर दे। मैं उसके दिल में बस एक कोना ही चाहती हूँ मगर कहीं वो लगा के क़ीमत वो मेरी उल्फ़त की नाम मेरे तो ज़र न कर दे। दिया है जो इख़्तियार उसको करे वो अब राज मेरे दिल पर थमाई है उंगली मैंने जिसको वो ही क़लम मेरा सर न कर दे । सहारा पाने को जिसके तन से लिपट गयी है ये बेल पगली समझ के इज़हार ये तो इसका रसीद चुम्बन शजर न कर दे। तलब रहेगी मुझे तो मालिक के दर्द समझे कभी तू मेरा नज़र से तब तक बहेंगे आँसू तू मुझपे जब तक नज़र न कर दे। ये 'पुष्प' चाहे तेरी चरण रज तू इसको मालिक फ़लक न देना इसे है डर तेरी रहमत इसको तुझी से ही बेख़बर न कर दे। **- पुष्प सैनी 'पुष्प'**

हर तरफ़ बेखुदी शह में

हर तरफ़ बेखुदी शह में। ज़िंदगी खोखली शह में। गाँव सुनसान वीरान हैं , भीड़ बेहद बढ़ी शह में। है इबादत न सजदा कोई, अब नहीं बन्दगी शह में। ताज़गी भी हवा में नहीं, साँस घुटने लगी शह में। मोल कुछ ज़िन्दगी का नहीं, जान सस्ती हुई शह में। पाक ज्यों है न कोई वहाँ, रोज़ होती ठगी शह में। लूट चोरी दगा ही नहीं, लाज भी लुट रही शह में। द्वेष ही द्वेष आता नज़र, है कमी प्यार की शह में।'अंशु' पाले थे अरमाँ कई, नेक सूरत लुटी शह में। **- अंशु विनोद गुप्ता**

लोक- मंगल कामना हो बस

लोक- मंगल कामना हो बस सबक यह याद रखना , जीत के उन्माद में अनुचित, बहकना याद रखना! है यह अवसर हाथ में तो खो न देना दंभ में ही, बस बजाना ही नहीं हर सत्र में केवल दुंदुभि! उचित नहीं झंडाबरदारो, जनहित में छलावरण! आओ, गढ़ो इतिहास नव ,कहता नया संसद-भवन। **- पंकज कुमार बसंत**

प्रेरक प्रसंग

सज्जनों की पहचान

गेरुआ वस्त्र, सिर पर बड़ी पगड़ी, एक हाथ में डंडा और कांधे पर बड़ी चादर डाले, स्वामी विवेकानंद अमेरिका के शिकागो शहर की सड़कों से होते हुए कहीं जा रहे थे, तभी उनका यह पोशाक सड़क पर जा रहे अमेरिकी लोगों के लिए एक जिज्ञासा का वस्तु बन गई। उनके पीछे-पीछे चल रही एक औरत ने अपने साथी पुरूष से कहा - "जरा इन अजीब वेशभूषा वाले महाशय को तो देखो, कैसे अजीब से कपड़े पहन रखे हैं!" विवेकानंद जी को पीछे चल रही महिला की बात समझते देर न लगी, वे समझ गये की ये अमेरिकी लोग उनके भारतीय पहनावे को तुच्छ नजर से देख रहे हैं। विवेकानंद जी रूके और पीछे मुड़कर उस महिला को बोले- "बहन! मेरे इस भारतीय पोशाक पर आश्चर्यचकित न हो। तुम्हारे इस देश में किसी व्यक्ति के पोशाक को ही उस व्यक्ति के सज्जन होने की कसौटी माना जाता है, परन्तु जिस देश से मैं यहां आया हूं, उस देश में किसी व्यक्ति के सज्जन होने का भाव उसके पोशाकों से नहीं बल्कि उसके चरित्र व आचरण से आता है।"

QUIZ TIME

1) पिक्नोमीटर नामक उपकरण का प्रयोग किसे मापने के लिए किया जाता है?

2) हाल ही में टाटा संस कहाँ 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाएगा?

3) तारकोल वाली सड़कों पर टूट-फूट तब होती है, जब उनमें-

4) दूरसंचार मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी नौवां संशोधन विनियमन 2024 कब से लागू हुआ ?

5) हाल ही में किसने 2024 का राष्ट्रमंडल लघु कथा पुरस्कार जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) घनत्व (2) अयोध्या (3) सड़क पर पानी भरने से होती है (4) 1 जुलाई (5) संजना ठाकुर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाख़ुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 107 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:32, सूर्यास्तः 19:17, चन्द्रोदयः 28:15, चन्द्रास्तः 18:17, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), मास : आषाढ, पक्षः कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : वृद्धि, प्रथम करण : वणिज (05:54 तक), द्वितीय करण : विष्टि (17:23 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : मिथुन (16:00), मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:53 से 12:49, अमृत काल : 19:11 से 20:46, विजय मुहूर्त : 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त : 19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या : 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:41, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, होमाहुति : केतु (27:54 से सूर्य), दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पाताल (05:54 से पृथ्वी), भद्रावास : स्वर्ग (05:54 से 17:23) चन्द्र वास दक्षिण (पश्चिम 15:58 से), शिववास : भोजन में (05:54 से श्मशान में, 28:57 से गौरी के साथ)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष नहीं रहेगा। धनाभाव के चलते कुछ कार्य बीच में छोड़ने पड़ेंगे।

वृषः आज के दिन आशानुकूल धन लाभ ना होने पर भी आप संतोषी वृति रखेंगे। लेकिन आर्थिक कारणों से तकरार अथवा राग द्वेष हो सकता है।

मिथुनः आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा दिनचर्या में सुधार लाएगा। फिर भी व्यर्थ की भागदौड़ लगी रहेगी।

कर्कः आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी घर एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर कामो की भरमार रहने के कारण शरीर की अनदेखी करेंगे।

सिंह : आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए बेहतर सिद्ध होगा परन्तु स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायते बाधक बन सकती है समय रहते शारीरिक परिक्षण कराये अन्यथा स्थिति गंभीर भी हो सकती है।

कन्याः आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी सामाजिक व्यवहारों के कारण भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

तुलाः आज का दिन राहत देने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही परेशानियों में कमी आएगी। स्वास्थ्य पेट सम्बंधित समस्याओं को छोड़ ठीक रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपकी कल्पनाओं को साकार करने वाला रहेगा। व्यापारी वर्ग में लोभ की भावना अधिक रहेगी।

धनुः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन भी शुभ रहेगा। कार्य व्यवसाय से कम समय में अधिक धन लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मकरः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज ना चाहकर भी क्रोध के प्रसंग बनेंगे।

कुंभः आज भी दिन का पूर्वार्ध दुविधा में बीतेगा आवश्यक कार्यो में सहकर्मियो एवं परिजनों से वैचारिक मतभेद रहने के कारण असमंजस की स्थिति बनेगी।

मीनः आज के दिन आप बोलचाल में विशेष सावधानी बरतें अधिक बोलने की प्रवृति सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र पर हानि करा सकती है।

न्यूज गैलरी

रायपुर-पुरी 2 फेरों के लिए रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रथ यात्रा के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़भाड़ को कम करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर एवं पुरी के मध्य 2 फेरों के लिए अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । यह ट्रेन रायपुर से 08383 नंबर के साथ 6 एवं 14 जुलाई को प्रातः 6 बजे रवाना होकर रात्रि 23 बजे पुरी पहुंचेगी। इसी प्रकार पुरी से 08384 नंबर के साथ 8 एवं 16 जुलाई को मध्य रात्रि 2.45 बजे रवाना होकर 16 बजे रायपुर पहुंचेगी । यह ट्रेन 18 कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन के कामर्शियल स्टापेज रायपुर, मंदिर हसौद, महासमुंद, बागबहरा, खरीयार रोड, नवापारा रोड, हरीशंकर रोड, कांटाभंजी, मूरी बहल, टीटलागढ़, केसिंगा, रुप्रा रोड, नरला रोड, लांजीगढ़ रोड, अंबाडोला, मुनिगुडा, बिसम कटक, थेरुबाली, सिंगारपुर रोड, रायगड़ा, पार्वतीपुरम टाउन, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, चिपुरुपली, सिगदम, पोंडुरु, श्रीकाकुलम रोड, तिलारु, कोटाबोमली, नौपाड़ा, पलासा, मंडासा, सोमपेटा, इच्छापुरम, ब्रहमपुर, छतरपुर, गंजम, खालिकोट्टी, बालुगाओं, कालुपाराघाट, निराकारपुर, काइपादर रोड, अरगुल एवं हरिपुरग्राम व पुरी के मध्य सभी स्टेशनों पर दिये गए हैं ।

अंत्योदय व आदिवासी स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोग अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते है। इसके लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन करने के लिए आवेदक को जिले का निवासी, अनसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग, आयु 18 से 50 के मध्य, आवेदक के परिवार की वार्षिक आमदनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ आय, जाति, निवास, आधार, राशन कार्ड, पूर्व में किसी शासकीय योजना में ऋण अनुदान प्राप्त न किया हो तथा ऋण बकाया न होने संबंधी शपथ पत्र, पासपोर्ट साईज के दो फोटोग्राफ्स प्रस्तुत करने होंगे। इच्छुक आवेदक पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 17 के जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति एवं संबंधित जनपद पंचायत से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। आवेदन की फोटोकॉपी, आवेदन में कांट-छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किये जाएंगे। यह योजना बैंक प्रवर्तित योजना है। योजनान्तर्गत संबंधित का ऋण प्रकरण संबंधित सेवा क्षेत्र की बैंक शाखा को प्रेषित किये जाएंगे।

सर्किट कोर्ट सीटिंग कैंप 8 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण जबलपुर न्यायपीठ जबलपुर (म.प्र.) का सर्किट कोर्ट सीटिंग कैम्प 8 जुलाई से 13 जुलाई तक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शामिल होने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के सदस्य कुमार राजेश चन्द्रा 7 जुलाई को एवं जस्टिस अखिल कुमार श्रीवास्तव का 8 जुलाई को शहर आगमन होगा।

शादी का झांसा दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर युवती से दो साल तक शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती ने शादी की बात कही तो युवक ने इंकार कर दिया। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है। युवती ने पुलिस को बताया कि एक दोस्त की शादी के दौरान भौवाकांपा में रहने वाले समीर खूंटे 21वर्ष से उसकी पहचान हुई थी। युवक ने उसका मोबाइल नंबर लिया। इसके बाद उससे संपर्क कर दोस्ती कर ली। थोड़े दिनों बाद युवक उससे मिला और शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाया। लगातार दो साल तक युवक उसका शारीरिक शोषण करता रहा, जब युवती ने शादी करने की बात कही तो युवक उसे गोल-मोल जवाब देकर टालने लगा। फिर उसका कॉल अटेंड करना बंद कर दिया। आखिर में युवती ने थाने में रिपोर्ट लिखाई।

45 विद्युतकर्मियों ने किया रक्तदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड बिलासपुर एवं बालाजी चेरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में सिकलसेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिये तिफरा स्थिल कल्याण भवन में एकदिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक किया गया। इस शिविर में छ.ग.स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के 45 अधिकारी तथा कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र व उपहार से सम्मानित किया गया। शिविर में बालाजी चेरिटेबल ब्लड सेंटर के मनीष रामटेके, कु. धनाश्री, मणिशंकर लहरे, शेरदिल कुर्रे, एवं श्री लिनेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जिले में 54 हजार पीएम आवास बने, 5317 निर्माणाधीन

कलेक्टर ने की पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा

- ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के काम-काज की बारीकी से सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कार्ययोजना बनाकर इसे समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत आर पी चौहान, एडीशनल सीईओ वंदना गवेल, परियोजना अधिकारी रिमन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी कामों को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्ययोजना बनाकर जल्द पूरा करने कहा। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अब तक 53 हजार 806 काम पूरे कर लिए गए है। 5 हजार 317 कार्य प्रगति पर है। मैदानी स्तर के अधिकारियों द्वारा छत स्तर तक बन गए आवासों की लगातार मॉनिटरिंग कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बहुल बसाहटों में मूलभूत सुविधाओं सहित पीव्हीटीजी को आवास योजना से भी लाभान्वित करें। कलेक्टर ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत जिले में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कम से कम 1 हजार पौधे लगाए जाएं।

जनदर्शन में एसडीएम ने बांटे मुआवजा के चेक

कोटा अनुविभाग के एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने अपने कार्यालय में जनदर्शन आयोजित कर ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में 5 किसानों को भूमि अधिग्रहण का 15 लाख 30 हजार रूपए की मुआवजा राशि के चेक वितरित किए। इनमें रणजीत सिंह कोटा 3 लाख 15 हजार, मोहनलाल कोटा 1 लाख 58 हजार, अगतराम यादव ग्राम जरगा एक लाख 4 हजार रूपए, मनीष भोसले ग्राम सैदा 8 लाख 78 हजार एवं श्रीमती शारदा ग्राम घुटकू 73 हजार शामिल हैं। जनदर्शन में ज्यादातर आवेदन जाति प्रमाण पत्र एवं अभिलेख सुधार के आये। श्री उर्वशा ने ग्रामीणों से खेती किसानी, खाद बीज की उपलब्धता की भी जानकारी ली। बिल्हा एसडीएम ने भी जनदर्शन में समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया।

पानी निकासी-बिजली समस्या पर हाईकोर्ट सख्त

चीफ जस्टिस ने पूछा- बारिश से पहले क्या प्रयास किए?

सचिव और आयुक्त ने प्रस्तुत की रिपोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की बदहाल पानी निकासी और खतरनाक होर्डिंग्स के मामले में नगरीय प्रशासन सचिव और निगम आयुक्त ने शपथपत्र के साथ जवाब प्रस्तुत किया। नगरीय सचिव की ओर से कहा गया कि सभी आयुक्तों और नगरपालिका, नगर पंचायत सीएमओ को निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर निगम आयुक्त ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण केंद्र बनाकर और निरीक्षण कर निकासी सुधारी जा रही। रिस्पांस टीम सूचना मिलते ही पहुंच कर पानी निकासी कर रही है। हाईकोर्ट ने कहा कि लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस प्रकरण को अभी ऑब्जर्वेशन में रखेंगे ताकि काम होता रहे। हाईकोर्ट ने बारिश से पहले ही नालियां जाम होने और सडकें डूबने के मामले को स्वतः संज्ञान में लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सचिव, शहरी प्रशासन एवं विकास और आयुक्त, नगर निगम, बिलासपुर को निर्देश दिया था कि वे खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण जल जमाव के लिए तेजी से कार्रवाई करें और इस संबन्ध में की जा रही कार्रवाई और उपायों पर व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करें। दोनों अधिकारियों ने बुधवार को शपथपत्र प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि गली- मोहल्लों की नालियां कचरे और गंदगी से जाम हैं। इसे हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर सुनवाई शुरू की है। इसमें शासन को पक्षकार बनाया गया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी में सुनवाई हुई। प्रतिवादियों की ओर से आरएस मरहास (अतिरिक्त महाधिवक्ता), अधिवक्ता अच्युत तिवारी और आशुतोष त्रिवेदी, उपस्थित हुए। कोर्ट कहा है कि हल्की बारिश के कारण पुराने बस स्टैंड की सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। नाली का पानी सड़क पर आ जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अभी मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है और इससे पहले ही लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

होर्डिंग्स, बिजली व्यवस्था के लिए खतरा

हाईकोर्ट की डीबी ने यह उल्लेख भी किया कि, हल्की बारिश के दौरान कश्यप कॉलोनी में अधूरे नाली निर्माण के कारण पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर जलभराव की स्थिति हो गई। पानी खाली होने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया। कश्यप कॉलोनी में नाली निर्माण का कार्य पिछले दो माह से चल रहा है और बारिश से पहले काम पूरा नहीं होने से समस्या आ रही है। हल्की बारिश से ही पुराने बस स्टैंड और राजीव प्लाजा की नालियां भी लबालब हो जा रहीं हैं। साथ ही होर्डिंग तेज अंधड़ में नीचे जाकर बिजली लाइन में फंस गया था जिससे 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया। इसे सुधारने में काफी समय लगा। इस अवधि के दौरान, पुराने आरटीओ, व्यापार विहार और पीजीबीटी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही। प्री-मानसून मेंटनेंस के नाम पर भी शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। बारिश और तूफान के कारण शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली बंद रही। सबसे बड़ी दिक्कत व्यापार विहार से ओल्ड आरटीओ और पीजीबीटी सब स्टेशन तक आने वाली 33 केवी लाइन बंद होने से हुई। इस पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

प्रदेश में 60 हजार से अधिक विशेष बच्चे शिक्षक सिर्फ 888, कोर्ट ने मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने स्पेशल चाइल्ड के लिए आरसीआई ट्रेंड टीचर्स एसोसिएशन की जनहित याचिका पर स्कूलों में विशेष शिक्षकों की भर्ती पर स्कूल शिक्षा सचिव से 6 सप्ताह में शपथपत्र पर जवाब मांगा था। बुधवार को हुई सुनवाई में यह प्रस्तुत नहीं किया जा सका। कोर्ट ने मामले की सुनवाई फिर से 6 सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। आरसीआई ट्रेंड टीचर्स एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि छत्तीसगढ़ में स्कूलों में सरकार स्पेशल एजुकेटर नियुक्त नहीं कर रही है। प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा विशेष जरूरतों वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ 888 विशेष शिक्षक ही हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में सरकारी आंकड़ों के हिसाब से आज लगभग हजारों विशेष शिक्षकों की ज़रूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से इसकी कम्पलाएंस रिपोर्ट भी मंगाई थी। इस निर्णय के 2 साल बाद भी छत्तीसगढ़ शासन ने कोई भी कदम नहीं उठाया। इस वजह से यह बच्चे उन स्कूलों में नहीं पढ़ पा रहे हैं जिसका उल्लेख राइट टू एजुकेशन एक्ट में किया गया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने सुनवाई के बाद शासन से पूछा कि, सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर सरकार ने कहां तक अमल किया है। इसके साथ ही शिक्षा सचिव को शपथपत्र पर जवाब देने कहा है।

शराब परिवहन के ठेके में गड़बड़ी, निगम को नोटिस

ठेका शर्तों का पालन नहीं, अनुबंध निरस्त करने याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। देशी-विदेशी मदिरा गोदाम आवंटन को निरस्त करने की मांग को लेकर दायर याचिका की सुनवाई के बाद कोर्ट ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड, मेसर्स श्रीसाई राम इंटरप्राइजेस और मेसर्स साई उद्योग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता ने कार्पोरेशन पर निविदा आवंटन में हुई गड़बड़ी और गलत तरीके से अपात्र कंपनी को अवार्ड देने का आरोप लगाया है। निविदा के अनुसार राज्य को 12 जोन में बांटा गया था। साथ ही निविदा की शर्तों में ये बताया गया था एक आवेदक अलग-अलग जोन में भाग ले सकता है। परंतु अधिकतम दो जोन में ही चयन के लिए पात्र है। इसके साथ ही निविदा की शर्तों के अनुसार अगर एक ही परिवार के दो लोग अलग-अलग रूप से निविदा में भाग लेते हैं तो उन सभी को अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। याचिकाकर्ता सिंह एंड कंपनी के प्रोपाइटर रणधीर कुमार सिंह ने अधिवक्ता मतीन सिद्धीकी के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि उसने तीन जोन, जोन एक (रायपुर), जोन चार (उत्तर बस्तर कांकेर, कोंडागांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद व नारायणपुर) व जोन छह (धमतरी, बस्तर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बीजापुर व सुकमा) में भाग लिया गया था। निजी प्रतिवादी श्रीसाई राम इंटरप्राइजेस द्वारा भी जोन एक, जोन चार व जोन छह में भाग लिया था। साई उद्योग द्वारा जोन पांच (बिलासपुर) में भाग लिया गया था। गौरतलब है की दोनों निजी प्रतिवादी एक ही परिवार के सदस्य हैं और इसी कारण मार्केटिंग कार्पोरेशन द्वारा साई उद्योग का आवेदन निरस्त कर दिया गया परंतु श्रीसाई राम इंटरप्राइजेस को विधि विरुद्ध जाकर दो जोन, जोन एक व जोन छह की निविदा अवार्ड कर दी गई। याचिका के अनुसार दोनों जोन, जोन एक व जोन छह में दूसरे स्थान का पात्र आवेदक था। प्रतिवादी मार्केटिंग कार्पोरेशन के इस निर्णय के कारण निविदा से वंचित रह गया। मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच में हुई।

आंगनबाड़ी भवन का प्लास्टर गिरा, सहायिका बाल-बाल बची

भवन की स्थिति जर्जर, सूचना के बाद भी सुधार नहीं

बिलासपुर/करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर पंचायत के वार्ड नं 10/1 के आंगनबाड़ी केंद्र भवन के सिलिंग प्लास्टर टूटकर गिर गया। भवन काफी जर्जर हालत में है। बुधवार को दोपहर में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के छुट्टी के बाद सहायिका गीता साहू ने कक्षा के अंदर बैठे आंगनबाड़ी का कार्य कर रही थी तभी अचानक बड़े हाल का सिलिंग प्लास्टर गिर गया। वह बाल-बाल बचीं। आंगनबाड़ी भवन का लंबे समय से मरम्मत तक नहीं हुई है। आंगनबाड़ी भवन में छोटे छोटे बच्चों कार्यकर्ता के साथ बच्चे भी कभी भी अनहोनी घटना घट सकता है। भवन में बिजली की भी सुविधा नहीं है। भवन में बिजली के लिए वायरिंग का काम हुआ है बिजली कनेक्शन नहीं है। स्थानीय प्रशासन और महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी अपने कार्यालय के निकट के ही आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा कर सुविधाएं विहीन संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को सुधार कार्य करवाने संबंधित भवन निर्माण कार्य एजेंसी से पत्राचार के माध्यम अवगत कराके जर्जर भवन को सुधार हो सकता है लेकिन जनप्रतिनिधि ना ही विभागीय अधिकारी ही ध्यान नहीं दे रहे हैं। आंगनबाड़ी सहायिका गीता साहू ने बताया की छोटे छोटे बच्चों को भोजन अवकाश के बाद छुट्टी होने के बाद मैं टैबल पर कार्य कर रही थी तभी प्लास्टर गिरा। भवन की स्थिति के बारे में विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

अधिकारी का फोन बंद

महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी सुरूचि श्याम को इस संबंध में जानकारी लेने फोन लगाया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

जल्द होगा सुधार-पार्षद

वार्ड नं 9 पार्षद लखन साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन का सुधार कराने संबंधित अधिकारी को अवगत कराके जल्द ही किया जायेगा।

बच्चे लक्ष्य तयकर आगे बढ़ें

हाईस्कूल खम्हरिया में शाला प्रवेशोत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड तखतपुर के शासकीय हाई स्कूल खम्हरिया में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरस्वती माता की पूजा व स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाया गया। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर मिठाई खिलाई गई और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धनंजय सिंह क्षत्री ने उद्बोधन में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं सभी छात्रों को निरंतर अध्ययन में जुट जाने कहा। बच्चों को लक्ष्य बनाकर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शाला के बेहतर संचालन के लिए प्राचार्य व शाला परिवार कि सराहना की।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता संस्था की प्राचार्या रेखा बारमते ने अपने उद्बोधन में मंचस्थ अतिथियों एवं गणमान्य नागरिको का स्वागत करते हुए कहा बच्चे विद्यालय कि शिक्षा को गहराई से ग्रहण करें और समय का महत्व को समझे। शिक्षा सफलता की कुंजी हैं। यह आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। शिक्षक-शिक्षिकाओं को नए शिक्षा सत्र में नई उर्जा व नए संकल्प के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त व्याख्याता राजेन्द्र कौशिक के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य विश्वनाथ यादव, सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र ध्रुव, व्याख्याता अनीता गारूडिक, व्याख्याता सीमा जायसवाल, व्याख्याता अनिता प्रसाद, कर्मचारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

संरक्षा प्रहरी को रेल महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

दुर्घटना की आशंका थी पहले ही किया सतर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में 3 जुलाई को बिलासपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के कर्मचारी को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक नीनु इटियेरा के द्वारा सम्मानित किया गया। बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट संत शरण कुमार ने 15 मई 2024 को एक डाउन ट्रेन के लोको में अपनी ड्यूटी के दौरान राबर्ट्सन-खरसिया सेक्शन में देखा कि दूसरी दिशा से आने वाली अप गाड़ी का एक वैगन फैला हुआ है, जो कि ओएचई असेंबली से टकराकर उसे क्षतिग्रस्त कर सकता था और एक संभावित दुर्घटना का कारण भी बन सकता था । उन्होने तुरंत इस घटना की सूचना ऑन ड्यूटि स्टेशन मास्टर/खरसिया को दी, जिसके उपरांत इसकी सुचना कंट्रोल को दी गई और गाड़ी को खरसिया स्टेशन पर कंट्रोल कर के आवश्यक सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से रवाना किया गया। संत शरण कुमार, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

सुविधा बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 46 करोड़ की लागत से 132 केव्ही का नया सब-स्टेशन ऊर्जीकृत

लो-वोल्टेज से मिलेगी निजात, होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

कवर्धा के बैजलपुर में बना उपकेंद्र, 80 एमव्हीए होगी सब-स्टेशन की क्षमता

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए प्रदेश में लगातार पारेषण क्षमता का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में आज 132/33 केवी सब-स्टेशन बैजलपुर (सिल्हाटी)- कबीरधाम को सफलतापूर्वक उर्जीकृत किया गया। इस परियोजना की कुल लागत 46.13 करोड़ रूपए है। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने आज दोपहर 01.59 बजे नवनिर्मित 132/33 केवी सब-स्टेशन बैजलपुर (सिल्हाटी)- कबीरधाम के एक नग 40 एम वी ए ट्रांसफार्मर को उर्जीकृत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष पी. दयानंद के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैजलपुर में 132/33 केवी का सब-स्टेशन स्थापित किया गया है, जिसकी क्षमता 2×40 एमव्हीए होगी, इसमें से एक 40 एमव्हीए क्षमता का एक ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया है जबकि दूसरा 40 एमव्हीए के ट्रांसफार्मर को भी जल्द ही उर्जीकृत करने की तैयारी प्रगति पर है।इस उपकेंद्र की लागत करीब 20.45 करोड़ रूपए है। इस उपकेंद्र में विद्युत सप्लाई 132 के वी गेंदपुर-बैजलपुर लाइन से होगी, जिसके लिए 32.5 किलोमीटर नई लाइन बिछाने पर 24 करोड़ रुपए एवं 220/132 केव्ही उपकेंद्र गेंदपुर में 132 केव्ही के दो फीडर-बे के निर्माण के लिए 1.68 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे।

उन्होंने बताया कि मानसून के सब-स्टेशन तैयार होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को बेहतर बिजली मिल सकेगी। इस क्षेत्र में काफी संख्या में कृषि पंप हैं, साथ ही औद्योगिक इकाईयों और घरेलू उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, मुख्य अभियंता डीके तुली, जी. आनंद राव, टीके मेश्राम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता चंद्रकला गिडवानी, अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह, सुनील भुआर्य, रंजीत घोष, कार्यपालन अभियंता एसके चौहान, श्री लोहनारे, वीरेन्द्र ठाकुर, सहायक अभियंता आरके हरमुख सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

बागेश्वर सरकार के अनुयायियों ने मनाया आचार्य का जन्मोत्सव

कांकेर/नवप्रदेश। मां भुनेश्वरी आश्रम सेवा समिति द्वारा बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव वृद्धाश्रम नन्दनमारा में भजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर मनाया गया । वृद्धाश्रम में सभी वृद्धजन हनुमान चालीसा पाठ कर भावविभोर हो गए व गुरुजी के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना किया गया।इस अवसर भरत मटियारा शालिनी राजपूत राजीवलोचन सिंह राजा देवनानी टिकेशर जैन,संजय सिन्हा जयंत अटभैया,डॉ ईश्वर सिन्हा गिरधर यादव दशरथ साहू योगेश साहू,विजय जैन जतिन अटभैया गौरव जायसवाल कान्हा जैन,देवनारायण जैन रोशन सिन्हा सुरेश जैन मौजूद थे।

मानसिक स्वास्थ्य का मिला प्रशिक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में संचालित युवोदय कोंडानार चेम्स स्वयंसेवकों का लगातार क्षमता वर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से 2 जुलाई को जिला कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य की राज्य समन्वयक सुश्री दानिश खातून हुसैन ने युवोदय स्वयंसेवकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रथम सहायता उपचार के लिए प्रशिक्षित किया। दुख और परेशानी से ग्रस्त व्यक्ति की सहायता प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था। जिला समन्यवयक पॉल कुमार ने कहा कि 'मैं हूं ना' थीम के तहत स्वयंसेवकों को मन मित्र के रूप में समुदाय में सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

रेत व ईंट का अवैध परिवहन करते 4 वाहनों पर कार्यवाही

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए बुधवार को खनिज विभाग द्वारा 3 वाहनों को रेत तथा एक वाहन को लाल ईंट का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इनमें कोंडागांव बस स्टैण्ड में नई स्वराज ट्रैक्टर में रेत का अवैध परिवहन करते हुए, जोन्दरापदर में नई महिन्द्रा ट्रैक्टर में लाल ईंट का परिवहन करते हुए, कुम्हारपारा में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 27 के 6305 में रेत और दुधगांव में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 17 जी 6203 में रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

चिपावंड में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

कोंडागांव/नवप्रदेश। विकासखंड कोंडागांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिपावड में क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव किया गया । इस अवसर पर विधायक ने नव प्रवेशी बच्चों को फूलमाला पहनाकर,पाठ्यपुस्तकें एवं निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया । इस दौरान अपने उदबोधन में कहा कि शालाओं में बच्चों और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के साथ नवाचारी गतिविधियों के साथ शिक्षा गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकता है।

खदान के गंदे पानी से झुमका जलाशय प्रदूषित

लाखों का प्लांट बना शो पीस

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। एक ओर जिला प्रशासन झुमका जलाशय को पर्यटन के रूप में विकसित करने प्रयासरत हैं। वहीं एसईसीएल चरचा प्रबंधन खदानों से निकलने वाले गंदे पानी को बिना ट्रीटमेंट किये नालों में भेज रहा जो कि झुमका जलाशय में जाकर मिलने से पानी को प्रदूषित कर रहा जबकि कोयला खदान से निकलने वाले गंदे पानी को झुमका जलाशय में मिलने से रोकने के लिए पर्यावरण विभाग की शर्तों पर चरचा कॉलरी में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से 8.64 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एसईसीएल ने बनाया था, ताकि खदान के दूषित पानी को साफ कर बांध में मिलने से रोका जा सके, लेकिन साफ पानी को खदान में मशीन समेत अन्य कार्यों के लिए उपयोग में लेने के बाद इसे बाहर बहा दिया जाता है, जिससे गंदा पानी बरसाती नालों से बहकर झुमका जलाशय में पहुंच रहा है।

जबकि पर्यावरण शर्तों के मुताबिक एसईसीएल को चरचा अंडर ग्राउंड माइंस से निकलने वाले पानी को फिल्टर करके नाला में छोड़ना था, क्योंकि यही पानी नाला में बहकर जिला मुख्यालय सागरपुर स्थित झुमका डेम में मिल जाता है। शिवपुर-चरचा के खदान से निकलने वाला गंदा पानी अब भी नाला में बहकर सीधे झुमका डेम में मिल रहा है। इससे न सिर्फ जलीय जीव जंतु बल्कि खेती पर भी खतरा मंडरा रहा है बल्कि पानी दूषित होने के कारण पीने लायक भी नहीं रह गया है यही कारण हैं कि जहां पूर्व में इस जलाशय का पानी पीने में उपयोग होता था वह भी बंद हो गया जिससे अब पाइन व नाले के माध्यम से गेज नदी जलाशय ही अब पीने के पानी का एकमात्र सहारा हैं। जबकि झुमका के पानी की गुणवत्ता खराब होने की पुष्टि कोरिया जिले के पीएचई विभाग की लैब में जांच के दौरान हुआ है। वहीं एसईसीएल अफसरों का कहना है कि झुमका में खदान का पानी नहीं पहुंच रहा है, खदान से निकलने वाले गंदे पानी को एसईसीएल सीएचपी समेत खदान में मशीनी वर्क के लिए उपयोग में ला रही है। पहले खदान से निकलने वाले गंदे पानी को पहले कंपनी द्वारा सीधे बरसाती नाले में छोड़ दिया जाता था, लेकिन अब डेम का पानी प्रदूषित नहीं हो रहा है।

कृषि विभाग का 9 दुकानों में छापा, 4 को दिया नोटिस

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में कृषि विभाग के अधिकारियों ने उप संचालक श्री डीपी तांडे के नेतृत्व में जिले के 9 दुकानों में छापा मारा और जांच की। इनमें दो दुकानों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 21 दिन के लिए बंद का आदेश जारी किया। वहीं 4 दुकानों को नोटिस दिया गया।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दुकानों की जांच के दौरान लंजोड़ा स्थित नमन कृषि केन्द्र और फरसगांव स्थित विकास कृषि केन्द्र में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बीजों का विक्रय करते हुए पाया गया। इस कारण इन दुकानों को 21-21 दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया। इसके साथ ही फरसगांव स्थित सिन्हा खाद भंडार में किसानों को सामग्री की बिल नहीं दिए जाने तथा फरसगांव की दास एग्रो एजेंसी, बहीगांव की रमेश कृषि केन्द्र व जीएन कृषि केन्द्र में मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किए जाने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को सफल बनाने मिशन मोड पर करना होगा काम

■ अभियान के तहत चयनित कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ ब्लॉक में होगा क्रियान्वयन

कांकेर/नवप्रदेश। नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल विकासखण्ड का चयन आकांक्षी ब्लॉक (एस्पिरेशनल ब्लॉक) के तौर पर हुआ है। इसके तहत आज से प्रारम्भ हो रहे 'सम्पूर्णता अभियान' के एमओयू (द्विपक्षीय समझौता) पर जिले के कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने हस्ताक्षर किए। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के उद्देश्य एवं विकासखण्ड स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी दी। यह अभियान तीन महीने यानी 30 सितम्बर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत आकांक्षी विकासखण्ड कोयलीबेड़ा एवं दुर्गूकोंदल में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कृषि क्षेत्र एवं अन्य निर्धारित इंडिकेटर पर कार्य करने के संबंध में आज बैठक में चर्चा हुई। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि आकांक्षी जिले की तर्ज पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो केन्द्र शासन का अभियान है। इसके तहत कम विकसित ब्लॉकों का चयन कर उनका त्वरित एवं प्रभावी ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है, जिसके लिए जिले के कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल विकासखण्ड का चयन किया गया है।

मेडिकल कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सुनीं स्टाफ की समस्याएं

■ ग्राम तेलगरा स्थित प्रस्तावित कॉलेज का किया मुआयना

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने आज मेडिकल कॉलेज में जाकर पूरे परिसर का निरीक्षण किया और वहां मौजूद स्टाफ से चर्चा कर उनकी विभिन्न मांगों व समस्याओं से वे रू-ब-रू हुए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम तेलगरा के समीप प्रस्तावित कॉलेज हेतु आबंटित भूमि का मौके पर मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

दोपहर 12 बजे कलेक्टर क्षीरसागर ग्राम नंदनमारा के छोटेपारा में स्थित शासकीय चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने परिसर में स्थित क्लास रूम, प्रयोगशाला, टेक्निकल इंस्ट्रुमेंट्स कक्ष सहित विभिन्न कमरों का निरीक्षण किया तथा सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संस्था के अधिष्ठाता को दिए। इस दौरान उन्होंने मेडिकल इक्विपमेंट्स सहित अन्य तकनीकी उपकरणों का समुचित ढंग से रखरखाव और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर ने वहां के सभाकक्ष में बैठक ली तथा अधिकारियों व स्टाफ की विभिन्न मांगों व समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अलग-अलग आवश्यकताओं के अनुरूप पृथक् आबंटन हेतु प्रस्ताव तैयार करने तथा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में पत्राचार करने के निर्देश संस्था के डीन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे को दिए। साथ ही छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक इंतजाम करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विशेष तौर पर कन्या छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चौबीसों घण्टे निगरानी करने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए। इसके अलावा प्रशासनिक एवं अकादमिक रिक्त पदों की पूर्ति, स्टाफ हेतु शासकीय आवास, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आदि के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उपलब्धता जैसी विभिन्न मांगों से कलेक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इस अवसर पर डीएफओ श्री आलोक बाजपेयी सहित मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर पर स्टाफ मौजूद थे।

'पोस्ट ऑफ द मंथ' के विजेता शिक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में पोस्ट ऑफ द मंथ अप्रैल और मई के जिला स्तर के विजेता रहे शिक्षकों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के उद्देश्य हेतु आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है।

आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम ,टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक है। यह हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए ''पोस्ट ऑफ द मंथ'' अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस कड़ी में पिछले महीने अप्रैल और मई के ''पोस्ट ऑफ द मंथ'' के

जिला स्तर के विजेता रहें शिक्षिका शिल्पा चव्हाण (प्राथमिक शाला सोनारापारा, गीदम) लक्ष्मी पुरांडे-(प्राथमिक शाला कदमपाल कुआकोंडा), और इसी के साथ मई महीने के विजेता रवि कुमार सुराना (माध्यमिक शाला बडेसूरोखी,) मनीषा सोनी (पटेल पारा हारम) और सुनीता अजीथ-(बालक प्राथमिक शाला गीदम) आज सम्मानित हुए।

कांकेर की बेटी वेदिका ने बारहवीं में किया टॉप

■ मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता में वेदिका को सौंपा दो लाख का चेक

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री जनदर्शन के दौरान जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम तुड़गे की मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा कु. वेदिका निषाद को कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत उन्हें आज दो लाख रूपये का चेक भेंट किया। रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज सुबह आयोजित जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री साय ने यह चेक कु. वेदिका को भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने वेदिका को एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि और एक लाख रूपये स्कूटी खरीदने के लिए प्रदाय किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा शिक्षा सन 2023-24 के लिए कक्षा 10 एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्यता सूची जारी की गई थी, जिसके टॉप-10 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुड़गे (भानुप्रतापपुर) की कक्षा 12वीं की छात्रा कु. वेदिका निषाद ने 95.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में सातवां स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर कु. वेदिका गदगद हो गई। इस योजना के तहत् श्रमिक परिवार के कुल 13 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा चेक भेंट किया गया।छात्रा की माता श्रीमती पेमीन बाई निषाद श्रम विभाग अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुंबई देश का सबसे महंगा शहर, जबकि...

अधिक वस्तुओं की लागत का आकलन करता है। सर्वेक्षण के अनुसार, मुद्रास्फीति, विनिमय दर अंतर, आर्थिक और साथ ही भू-राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ते संघर्ष जैसे कई कारकों ने जीवनयापन की लागत में वृद्धि में योगदान दिया है।

विष्णु जनदर्शन से ...

जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक दिए गए। इसमें से एक लाख रूपए प्रोत्साहन के रूप में और एक लाख रूपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। इन बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में 2023-24 के टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। ये सभी श्रमवीरों के बच्चे है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निवास परिसर में अपनी मां के नाम दहीमन का जो पौधा आज रोपा वह अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। यह पौधा सरगुजा अंचल में पाया जाता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से भी मां के नाम अपने-अपने निवास या गांव में पौधा रोपने की अपील की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाल के मन की बात कार्यक्रम में लोगों से एक पेड़ मां के नाम मुहिम में शामिल होने की अपील की थी।

इस बार के जनदर्शन में एक दर्जन से ज्यादा ऐसे भी लोग शामिल हुए जो पिछले बार के जनदर्शन में भी आए थे, तब उनके आवेदनों का निराकरण मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कर दिया गया था। इन लोगों ने त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इनमें दिव्यांग भी शामिल थे, जिन्हें श्री साय के निर्देश पर ट्रायसाइकिल और अन्य उपकरण तत्काल उपलब्ध कराए गए थे। आज कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। खून जांच, बीपी की जांच, शुगर और अन्य आम बीमारियों की जांच की सुविधा शिविर में उपलब्ध कराई गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार सदियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

हाथरस भगदड़ : पुलिस ने ...

है कि बाबा के चरण रज लेने से काफी कष्ट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि सेवादार के रूप में कार्य करते हैं, समिति के अध्यक्ष व सदस्य हैं। विवेचना में अगर बाबा का नाम आता है तो उस बिंदु पर कारवाई होगी। जरूरत पडने़ पर बाबा से पूछताछ की जाएगी।

आईजी ने बताया कि मृतकों की संख्या 121 है। सभी शवों की पहचान हो गई है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आईजी शलभ माथुर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज़ किया गया है। मुख्य आरोपी मधुकर पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया है। जल्द ही उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। आईजी ने कहा कि हम इस बात की भी जांच करेंगे कि क्या यह घटना किसी साजिश के चलते हुई है। आईजी ने कहा कि आयोजकों ने पहले भीड़ को रोक लिया था, फिर एक दम लोगों को छोडऩे से यह हादसा हुआ। महिलाएं और बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिर गए। चरणरज के लिए भीड़ बाबा की गाड़ी के पास थी। आईजी शलभ माथुर का कहना है कि हम भोले बाबा के आपराधिक इतिहास की जानकारी ले रहे हैं। उनके नाम पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई थी।

सबसे बड़ा सवाल, बाबा का नाम मुकदमे में क्यों नहीं?

हाथरस के सिंकदराराऊ क्षेत्र के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में मंगलवार को नारायण साकार हरि महाराज उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में हुई 121 लोगों की मौत के लिए फिलहाल बाबा के सेवादार, निजी सुरक्षा कर्मी और आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया गया है। चाहें आयोजन की अनुमति देने वाले एसडीएम की रिपोर्ट हो या फिर सिंकदराराऊ थाने में दर्ज मुकदमा। इन दोनों ही रिपोर्ट में भगदड़ के लिए इन्हें ही जिम्मेदार माना जा रहा है।

वहीं, आयोजकों को इसके लिए दोषी माना गया है कि उन्होंने पूर्व के सत्संगों में जुटने वाली भीड़ की स्थिति को छिपाते हुए केवल 80000 की भीड़ इकट्ठा होने की अनुमति मांगी थी। फिलहाल शासन स्तर से अफसरों को भी क्लीन चिट दे दी गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रशासन को पता था कि अस्सी हजार की भीड़ जुटेगी तो उस तरह से इंतजाम क्यों नहीं हुए। इन सवालों का जवाब अभी तक कोई नहीं दे पाया है।

पीएम 8 से 9 जुलाई 22वें ...

समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बाद यह पीएम मोदी की पहली रूस यात्रा होगी। बयान में कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन परंपरागत रूप से मैत्रीपूर्ण रूसी-भारतीय संबंधों के आगे विकास की संभावनाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एजेंडे के प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

2019 में की थी आखिरी रूस यात्रा

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने कहा था कि पीएम मोदी की इस यात्रा से कई अहम संदेश निकलेंगे और दोनों देशों के बीच संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। इस यात्रा का विशेष महत्व है क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी बार चुने जाने के बाद पहली रूस यात्रा होगी। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया, उसके बाद से भारत और रूस के बीच कोई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्रा नहीं हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार 2019 में रूस का दौरा किया था, जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक में पांचवें पूर्वी आर्थिक मंच शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।मॉस्को की पीएम मोदी की आखिरी आधिकारिक यात्रा 2015 में हुई थी. पुतिन की भारत की आखिरी यात्रा 2021 में हुई थी।

कलेक्टर ने उल्लास कार्यक्रम के प्रगति की जानकारी ली

■ साक्षरता अभियान की सफलता के लिए दिलाई शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने आज उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत सभी युवा, प्रौढ़, पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी आगे बढ़कर कार्य करें। साथ ही वालेंटियर शिक्षक के रूप में कार्य करने जिले के नागरिकों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और सभी विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित लोगों को साक्षरता अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाई।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत स्वेच्छा से अपनी सेवा देने के इच्छुक लोगों को वालेंटियर शिक्षक के रूप में चयनित किया जाना है। इसके लिए युवाओं सहित मैदानी स्तर के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ के सदस्यों की भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि साक्षर करने हेतु स्थलों का चयन कर उल्लास साक्षरता केन्द्र स्थापित किया जाना है। साक्षरता कार्यक्रम के जिला नोडल वैभव कुमार मेश्राम ने उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य एवं जिले की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अनुशंसित उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जो कि सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई है।

आदेश्वर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जिला अस्पताल में डॉक्टरों का किया सम्मान

कोंडागांव/नवप्रदेश। डॉक्टर्स डे के अवसर पर आदेश्वर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जिला अस्पताल परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर डॉक्टरों का सम्मान किया।कार्यक्रम का आयोजन आदेश्वर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बसंत पारेख के निर्देश में प्राचार्य लता राफेल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ आरसी ठाकुर, वरिष्ठ डॉ अमृत लाल, डॉ रीता गेडाम समेत अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मे बच्चों ने डॉक्टरों के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देते हुये डॉक्टरों को फूल और स्मृति चिन्ह भी भेंट कर समानित किये ।डॉक्टरों ने बच्चों के सम्मान और कृतज्ञता के भावों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्य लता राफेल ने डॉक्टरों के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे समाज के लिए सच्चे नायक हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर जीवन और मृत्यु के बीच की लड़ाई में हमेशा तत्पर रहते हैं और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ट प्रयास करते हैं। यह कार्यक्रम डॉक्टरों के प्रति बच्चों के सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त करने का एक सराहनीय प्रयास था। इस कार्यक्रम ने बच्चों में डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आदर की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

न्यूज गैलरी

रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्री हुए रवाना

नगरी/नवप्रदेश। रामलला के दर्शन करने तीर्थयात्री जनपद पंचायत नगरी से स्पेशल बस द्वारा रवाना हुए। दर्शनार्थी छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय श्री राम- जय श्री राम की जयघोष करते रवाना हुए। जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, महामंत्री हृदय साहू, अनुविभागीय अधिकारी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी सहित जनपद पंचायत नगरी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

विविध क्रिया कलापों से बच्चों ने सीखा पढ़ना

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्रायोगिक शाला नगरी (अंग्रेजी माध्यम) में अध्ययनरत कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों की माताओं को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने केलिए अंगना मा शिक्षा संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्राथमिक शाला के बच्चों से माताओं की उपस्थिति में विविध गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आराधना शुक्ला ने कहा कि अंगना में शिक्षा कार्यक्रम सरकार की महत्वपूर्ण शैक्षणिक योजना है जिसमे माँ अपने घरेलू कामों को करते हुए अपने बच्चे को खेल खेल में शिक्षा दे सकती है।विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित अजय नाहटा उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी ने यह कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि माताएं आसानी से घर के कामों को करते हुए बच्चों को पढ़ा सकती है।

अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। संकुल केन्द्र प्राथमिक शाला हटकेशर में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थी।जनप्रतिनिधियों के स्वागत के पश्चात बच्चों के लिए शाला द्वारा नौ काउंटर बनाया गया ।

विहिप व बजरंग दल ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

धमतरी/नवप्रदेश। कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के बयान के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने पुतला दहन किया । संगठन का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद भवन के अंदर हिन्दुओ के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है जिससे पूरे देश के हिन्दू समाज मे आक्रोश पैदा हुआ है । हिन्दू समाज के सहनशीलता का नाजायज फायदा उठाकर अपना राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने और तुस्टीकरण करने की कोशिश की है। विधायक आतंकी संगठन का समर्थन करने वाली पार्टी के नेता हिन्दू समाज को अहिंसा का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहा है जिससे नाराज होकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिले में अलग अलग विकासखण्डो में राहुल गांधी का शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया और इस तरह की बयान बाजी न करने की चेतावनी दी है ।

संदीप अग्रवाल ने कहा- महत्वपूर्ण पद में बैठकर हिन्दू विरोधी बयान देने वाले घृणित मानसिकता के व्यक्ति राहुल गांधी को माफ नही किया जा सकता । दीपक ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी , इंदिरा गांधी भी सत्ता के नशे में हिन्दू समाज के साथ दुर्भावना पूर्ण व्यवहार किया जिसका परिणाम उन्हें सनातन की शक्ति ने दिखा दिया।

राहुल गांधी सनातनियों की सभ्यता को पहले जान ले कि सभी सनातनी सत्य, अहिंसा, और सहिष्णुता के पुजारी रहे जिसके कारण सैकड़ो वर्षो की गुलामी भी अखण्ड भारत को झेलनी पड़ी, अब वो समय जा चुका है अब सनातनी लोग छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्शो पर चलने लगे हैं, आज का भारत किसी की जागीर नहीं कि कोई भी व्यक्ति सनातन समाज पर अभद्र टिप्पणी करेगा और समाज उसे छोड़ देगा, जिस हिन्दू ने भी मातृ भूमि का मान रखा है और अपनी सनातनी माता का सहृदय सम्मान किया है वो आज दलगत राजनीति से हटकर सनातन के सम्मान में खड़ा हुआ है, मातृभूमि का सौदा करने वाले नपुंसक दलाल कभी भी सनातनी या हिन्दू नहीं हो सकते।

जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने कहा कि हिन्दू के बर्दाश्त की सीमा अब समाप्त हो चुकी है यदि सांसद बनकर भी बात करने की तमीज नही सीखा है तो ऐसे सांसद को संसद से बाहर किया जाना चाहिए इटली से आयी विदेशी महिला की संतान भारत के हिन्दुओ को अहिंसा का पाठ न पढ़ाये।

1984 के दंगे , आपातकाल में भारत को झोंकने वाले अपनी गिरेबान में पहले झांक ले। प्रिंस जैन जिला सहसंयोजक ने कहा राहुल गांधी की हिंदुओं के प्रति ऐसी कुंठित मानसिकता उनकी बौद्धिक स्थिति का परिचय देती है और ये बताती है कि बहुसंख्यक समाज के प्रति उनकी कितनी घृणित सोच है। पुतलादहन के कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष संदीप अग्रवाल , जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर जिलामंत्री रामचंद देवांगन, जिला सह संयोजक प्रिंस जैन ,सह संयोजक डाकेश्वर साहू, जिला प्रचार प्रमुख योगेंद्र साहू, नगर संयोजक चित्रेश साहू नगर कार्याध्यक्ष पीयूष पारख, नगर अध्यक्ष कैलाश बकतानी, गौ रक्षा प्रमुख गणेश सिन्हा , मानव यादव, विद्यार्थी प्रमुख दुर्गेश साहू सह संयोजक सत्यम सिन्हा ,प्रेम राव , घनेन्द्र साहू, अविनाश दुबे मिथलेश सिन्हा, पुलकित साहू , कुशल चंद्रकार, रोशन गोस्वामी ,नामदेव रॉय, के साथ सभी बजरंगी शामिल रहे।

जनदर्शन में कलेक्टर को लोगों ने बताई अपनी समस्याएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम नवागांव निवासी श्रीमती सुलोचना श्रीवास्तव ने कृषि भूमि का सीमांकन के लिए आवेदन की। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम हर्राटोला निवासी धनराज चंद्रवंशी ने अपने पिता की दुर्घटना से मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा राशि के लिए आवेदन किया।

नपा ने बुलडोजर से तोड़ा टपरा, बचाव में सामने आए नपा अध्यक्ष

दोबारा बनवाया, बगैर पूर्व सूचना पहुंचा निगम का राजस्व अमला

गरियाबंद/नवप्रदेश। 15 साल से काबिज चाय वाले के टपरा हटाने बुलडोजर लेकर पहुंचा राजस्व अमला तो बचाव में पालिका अध्यक्ष आ गए सामने। बगैर पूर्व सूचना ,भरे बारिश में हो रही कार्यवाही से भड़के पालिका अध्यक्ष ने कार्यवाही रोक दोबारा बनवाया टपरा। अध्यक्ष बोले दोबारा तोड़े तो गरीब के न्याय के लिए जिला प्रशासन के खिलाफ धरने पर भी बैठ जाऊंगा।

गरियाबंद जिला मुख्यालय में आज उस समय ऊहापोह की स्थिति बन गई जब कोतवाली के आगे मुख्य मार्ग पर एक चाय के खोमचे को हटाने राजस्व अमला बुलडोजर लेकर पंहुचा। यहा श्याम लाल सिन्हा द्वारा विगत 15 साल से भी ज्यादा समय से चाय व नाश्ते का दुकान लगाया जा रहा है।जिला प्रशासन इसी स्थल पर लाइब्रेरी बनाना चाह रही थी,जिसके लिए संचालक को बगैर कोई सूचना दिए आज राजस्व अमला बुलडोजर मशीन लेकर दुकान तोड़ना शुरू कर दिया।

सूचना मिलते ही पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन मौके पर पहुंच कार्यवाही को रोका।इस बीच नायब तहसीलदार और पालिका अध्यक्ष के बीच काफी बहस हुई। अध्यक्ष ने बगैर पूर्व सूचना और पालिका को संज्ञान में लिए हो रही इस कार्यवाही को अवैध करार दिया।तीखी बहस के बाद आधा अधूरा कार्यवाही कर राजस्व अमला को वापस लौटना पड़ा।

पालिका अध्यक्ष ने कहा कि भरे बारिश में किसी गरीब के रोजगार को छीनना न्याय नही हैं।ना ही ये उचित समय है।राजस्व प्रशासन ने कब्जा हटाने गलत तारिका इस्तेमाल किया है।जब तक इस चाय वाले को विधिवत विस्थापन नही किया जाएगा तब तक इसके खिलाफ कोई करवाही भी होगी।विभाग अगर कार्यवाही करेगी तो मैं पीड़ित परिवार के साथ जिला प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ जाऊंगा। इधर मामले में राजस्व विभाग ने चुप्पी साध लिया है।

बेलर मंडल के भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

लोकसभा में दिए बयान का किया विरोध, बताया हिंदू विरोधी

नगरी/नवप्रदेश। राहुल गांधी के सोमवार को लोकसभा में दिए बयान के बाद बेलरगांव मंडल के भाजपाइयों ने विरोध करते हुए बस स्टैंड में उसका । पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी ओर कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने राहुल को हिंदू विरोधी बताया है।

सनातन को अपमानित करने तथा सदन में झूठी बयानबाजी करने के लिए राहुल गांधी को देश कि जनता से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी सदन के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद भी बेतुका और बचकानी बातें करते हैं।इस दौरान प्रमुखरूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप, महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, राकेश चौबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर आडील,सासंद प्रतिनिधि मोहन पूजारी,युवा मौर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य मौर्यध्वज सेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यवंती नेताम, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू साहु, युवा मोर्चा महामंत्री लिलेश प्रजापति, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक साहू, किसान मौर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य उमेश साहु,मंडल मंत्री सीमा देवांगन,खेमन साहु, प्रकाश साहु, कोमल देवांगन, प्रकाश सेन, शंभूनाथ साहु, उमेश देवांगन सहित युवा मोर्चा, महिला मौर्चा वं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

किरंदुल/नवप्रदेश। मां भारती के अनन्य उपासक एवं भारतीय दर्शन को वैश्विक क्षितिज पर आलोकित करने वाले महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी की 122 वी पुण्यतिथि पर किरंदुल भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं ने कोड़ेनार पंचायत रिंग रोड 4 न. स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने स्वामी जी के बारे में सभी ने अपने विचारों को रखा। इस दौरान सरपंच मीना मंडावी, किरंदुल भाजपा मण्डल सह प्रभारी भावना सक्सेना, मंडल अध्यक्ष डीपी मिश्रा, आरटीआई सेल जिला संयोजक मनोज छालीवाल,विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता मंडल , तपन दास, राजेश बैपराल,मंत्री सुनीता साहू, अनीता नायर, ज्योत्सना स्वाइन,महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा , सरस्वती डेहरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

आत्मानंद हिंदी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया

छुरा/नवप्रदेश। शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव गरिमामय ढंग से मनाया गया।अतिथि के रूप में खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष, भोले शंकर जाय सवाल सभापति नगर पंचायत, रजनी लहरे पार्षद, मीना चंद्राकर पार्षद एननसी साहू प्राचार्य मंचासीन रहे। सर्वप्रथम परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चनाकर की गई। पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा 9वीं में नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली पाठ्य पुस्तक उन्हें प्रदान की गई कक्षा दसवी के विद्यार्थियों को भी पाठ्य पुस्तक प्रदान की गई ।अपने उदबोधन में खोमन चंद्राकार ने कहा कि नये विद्यालय एवं नई कक्षा में प्रवेश हेतु सभी विद्यार्थियों का स्वागत है साथ ही अनुशासन में रह के पढ़ाई के महत्व को समझते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने का सुझाव दिये।

पूजा भृगु ने बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया

भाटापारा/नवप्रदेश। डॉक्टर पूजा भृगु स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा आदर्श स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा एवं शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड भाटापारा के बच्चों को स्कूल बैग का वितरण कर समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल पेश किया है। पूर्व में भी उन्होंने बच्चों को रैन कोट, जूता मोजा आदि का वितरण गरीब बच्चों को किया था। इस सेवा के लिए शाला के प्रधान पाठक शत्रुहन डहरिया प्रमोद वर्मा वीरेन्द्र मानसरोवर बंशी लाल चौहान शत्रुघन कुर्रे और श्रीमती सविता मानसरोवर ने आभार प्रकट किया है। स्कूल बैग पाकर नन्हे मुन्नों के चेहरे खिल उठे।

विधायक इन्द्र साव की पहल पर नपा में दो करोड़ के कार्य स्वीकृत

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका में विभिन्न निर्माण कार्य से संबंधित 15वें वित्त आयोग की एक वर्ष से लंबित कार्य योजना की स्वीकृति मिलने पर विधायक इन्द्र साव ने नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। विधायक इन्द्र साव ने बताया कि नगरीय निकाय मंत्री से उन्होंने गत सप्ताह मुलाकात करते हुए यहां की समस्या से उन्हें अवगत कराया था ।

AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH

MANTH (KHARORA), State Highway 9, Raipur Baloda-Bazaar Road, Chhattisgarh – 493225 (Raipur)

Notice Inviting Tenders for Hostel Mess Service

Amity University Chhattisgarh, Raipur invites tenders from reputed and experienced contractors for running the mess service for its hostels. Tender forms can be collected from Accounts office Amity University Kharora, Raipur on payment of Rs 1500/- + GST 18%. The last date for the collection of tender forms is 05/7/2024. For further details & tender documents visit our website www.amity.edu/raipur & Email id: rgupta@rpr.amity.edu

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पालीटेक्निक, तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVERNMET POLYTEWCHNIC, TAKHASTPUR DISITT-BILASPUR (C.G) PIN CGDE-459330

Email Address:- Add Webside- www.govtpolytechctakhtpur.cs.in

:: निविदा सूचना ::

क्रमांक/शापात/भवन/2024/178/ तखतपुर, दिनांक 02.07.2024

शासकीय पाटीटेक्निक, तखतपुर जिला, बिलासपुर (छ.ग.) में सुरक्षा प्रहरी हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तें एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.govtpolyrechnictkhatpur.ac.in, http://cgdtaraipur.cgstate.gov.in, & www.bilaspur.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। किंतु निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क रुपए 500=00 का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय पालीटेक्निक तखतपुर के नाम से देय हो, निविदा प्रपत्र के सुरक्षा निधि लिफाफा में रखे, अन्यथा यह माना जावेगा कि निविदा प्रपत्र विधिवत रुपए से क्रय नहीं किया गया है। निविदा प्रपत्र को इस संस्था के भवन शाखा से निर्धारित शुल्क रुपए 500=00 देक भी प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा के संबंध में तिथियां निम्नानुसार है :-

निविदा बिक्रा की अंतिम तिथि - 06.08.2024- 05.00 बजे अपरान्ह

निविदा जमा करने की तिथि - 07.08.2024 - 03.00 बजे अपरान्ह

निविदा खोलने की तिथि - 07.08.2024 - 054.00 बजे अपरान्ह

स्थान :- कार्यालय प्राचार्य , शासकीय पालीटेक्निक, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

जी-242500791/4

प्राचार्य
शासकीय पालीटेक्निक
जिला-बिलासपुर

कार्यालय कलेक्टर , (खनिज शाखा), जिला-सरगुजा (छ.ग.)

फोन एवं फैक्स नं. 07774-224332 ई मेल mining.surguja@gmial.com

-: निविदा सूचना :-

निविदा सूचना क्रमांक 02/2024-25

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम तथा सतत निगरानी हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत वाहन (स्कार्पियो/बोलेरो) किराए पर लिया जाना प्रस्तावित है। अतः परिवहन विभाग से पंजीकृत इकाईयों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदाएं दिनांक 02.07.2024 से 15.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक	निविदा क्रमांक	निविदा की संक्षिप्त विवरण	धरोहर राशि (रुपये)
01	02/2024-25	किराये पर वाहन लेने हेतु	1,00,000.00 (एक लाख मात्र)

1. निविदा प्रपत्र दिनांक 02.07.2024 से 15.07.2024 को 1.00 बजे अपरान्ह तक प्राप्त किए जा सकते हैं।
2. निविदा स्वीकार करने की अंतिम तिथि 15.07.2024 समय 3.00 बजे अपरान्ह तक
3. निविदा खोलने की तिथि 15.07.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे ।
4. निविदा की शेष शर्तें कार्यालय की सूचना पटल पर भी पढ़ा जा सकेगी।

(कले. महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी-242500790/3

अपर कलेक्टर
जिला सरगुजा (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधरण को यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म- मे. आदिनाथ ट्रेडर्स महलपारा रोड बैकुंठपुर जिला-कोरिया जो की एक साझेदारी फर्म है एवं जिसके साझेदार श्री देवांशु जायसवाल आ. श्री प्रमोद जायसवाल, श्रीमती श्वेता जायसवाल पति देवांशु जायसवाल आपसी सहमति से फर्म से निर्विति ले रहे हैं। सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

मे. आदिनाथ ट्रेडर्स
अमित कुमार बिस्वा
प्रतिभा बिस्वास (पार्टनर)
महलपारा रोड, बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202406160100001
अ-21 (4)/ 2023-24
ग्राम- कतियाररास

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देऊ पिता दुखु उम्र 35 वर्ष, जाति माहरा निवासी ग्राम कतियाररास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम कतियाररास प.ह.नं. 14 में स्थित शासन से व्यवस्थापन में प्राप्त भूमि खसरा नंबर 7, 22 रकबा क्रमशः 0.550 हे., 0.250 हे. कुल रकबा 0.800 हे. को क्रेता श्री सूर्यपाल सिंह ठाकुर पिता श्री देवीसिंह ठाकुर जाति धाकड़ निवासी ग्राम पण्डेवार तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24.07.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 28/06/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
दंतेवाड़ा

समक्ष- श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा जिला द.ब. दंतेवाड़ (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं नम्रता भोगामी पिता कृष्णा भोगामी, आयु 18 वर्ष निवासी मंगनार (दोक्कापारा) पोस्ट कुपेर तहसील दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. पिन नं. 494449 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करती हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा नाम एवं उपनाम नम्रता भोगामी पिता कृष्णा भोगामी रहा है जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों में अंकितानुसार सत्य एवं सही है।
3. यह कि त्रुटिवश मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम अमृता पिता कृष्णा अंकित कर दिया गया है।
4. यह कि मेरा नाम एवं उपनाम मेरे उपनामानुसार नम्रता भोगामी पिता कृष्णा भोगामी एवं अमृता पिता कृष्णा दोनों नाम मेरा ही नाम है किसी अन्य का नाम नहीं है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड मेरे उपनामानुसार अमृता के स्थान पर नम्रता भोगामी पिता कृष्णा भोगामी सुधार कर अंकित कराना चाहता हूं।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ पत्र बनाया गया है।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 02/07/2024 को स्थान दंतेवाड़ा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, जशपुर जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़)

Phone 9424242409 E-Mail ID-ee-res.Jashpur@nic.in

" निविदा आमंत्रण सूचना "

क्रमांक/174/वलेलि/ग्रा.यां.से. /2024-25 जशपुर, दिनांक 27.06.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल कीओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की तिथि
1	2	3	4	5
1	Zonal tender for Civil work at sub, division-Bagicha, DulDula, Farsabahar, Jashpur, Kansabek, Kunkuri, Manora, Pathalgaon	320.00 (40.00 Lach each)	15.07.2024	18.07.2024 17:30 PM
2	Zonal Tender fo Electrification work at Sub division-Begacha, DulDula, Rafsabahar Jashpur, Kansabel, Kunkuri, Manora, Pathalgaon	320.00 (40.00 Lach each)	16.07.2024	19.07.2024 17:30 PM
	Total	640.00		

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 01.07.2024 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ प्राप्त की जा सकती है।

जी-242500819/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग जिला-जशपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर

Email ID-res-janjfirechampa.jangir@gmail.com

//निविदा सूचना क्रमांक-01//2024-25

क्रमांक 1990/निविदा/ग्रा.या.सेवा/2024 जांजगीर, दिनांक 27/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
बागवानी उत्पादों के भंडारण के लिए शास. नर्सरी रोपणी डोडकी में स्टोर सह गार्ड रूम निर्माण कार्य विकासखण्ड सक्ती टेण्डर नम्बर 155416	22.86
शास. हाईस्कूल महुदा (च) में 03, अति. कक्ष निर्माण विकासखण्ड बलौदा टेण्डर नंबर 155419	21.12
शास. हाई स्कूल सोंठी में 03 नग अति. कक्ष निर्माण विकासखण्ड बम्हनीडीह टेण्डर नम्बर	21.12
शास. मा. शाला चंगोरी में 02 नग अति. कक्ष निर्माण विकासखण्ड अकलतरा टेण्डर नम्बर 155420	14.08
शास. मा. शाला उदयबंद में 02 नग अति. कक्ष निर्माण विकासखण्ड बलौदा टेण्डर नंबर 155421	14.08
शास. प्रा. शाला खैरा (से.) में नवीन भवन निर्माण विकासखण्ड नवागढ़ टेण्डर नंबर 155422	10.50
शास. प्रा. शाला हरदीपारा मेंहदी में नवीन भवन निर्माण विकासखण्ड पामगढ़ टेण्डर नम्बर 155423	10.50
शास. प्रा.शाला मुलमुला में नवीन भवन निर्माण विकासखण्ड पामगढ़ टेण्डर नम्बर	10.36

नोट :- निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-242500779/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

युवक ने लगाई फांसी

लखनपुर/नवप्रदेश। ग्राम तराजू में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरेश राजवाड़े उम्र 24 वर्ष ने अपने घर में गमछे का फंदा बना फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच कर जांच पड़ताल कर युवक के शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है युवक आदतन शराब पीने का आदी था।

रेल विस्तार को लेकर विधायक अग्रवाल ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

लखनपुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर से नागपुर (महाराष्ट्र) तक रेल विस्तार को लेकर विधायक राजेश अग्रवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।

जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन जो रात्रि 10.30 निकाल कर सुबह 9ः55 बजे दुर्ग पहुंचती है जो पुणे 10.45 बजे रात्रि दुर्ग से निकलकर प्रातः 8.00 बजे अंबिकापुर आती है अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन को नागपुर तक विस्तार करने की मांग विधायक अग्रवाल ने की है। अंबिकापुर से नागपुर तक रेल विस्तार होने की स्थिति में क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के लोगों को धार्मिक प्रयोजनों के लिए भी तिरुपति ,बालाजी, रामेश्वर, नासिक व अन्य धार्मिक स्थलों में पहुंचने सहुलियत होगी। इस रेल सेवा से स्वास्थ्यगत प्रयोजन में पुणे,मुंबई ,हैदराबाद बेंगलुरु व अन्य बड़े शहरों के यात्रा करने में जरूरतमंदो को सुविधा होगी। जनहित में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल का बेहतर पहल है।

61 ग्राम पंचायतों ने शत प्रतिशत स्वीकृत पीएम आवास

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में निरंतर प्रगति आ रही है। राज्य से जिले को प्राप्त 37568 आवासों की स्वीकृति के विरुद्ध 34509 (92 प्रतिशत) आवास पूर्ण हो चुके है। शेष आवासों के हितग्राहियों से लगातार संपर्क करते हुए, जल्द आवास पूर्ण करके राशि प्राप्त कर लेने संबंधी समझाइश दी जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले की 61 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जिन्होंने अपने ग्राम पंचायत के समस्त आवासों को पूर्ण कर लिया है। जिसमें प्रतापपुर से सबसे ज्यादा 43, रामानुजनगर से 9, सूरजपुर से 5, प्रेमनगर से 3 तथा भैयाथान से 1 ग्राम पंचायत शामिल है। जिले को अभी भी 3059 आवास पूर्ण करने है, जिसमें हितग्राहियों को सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। ज्ञात हो, कि योजना में आवास निर्माण हेतु अग्रिम राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित की जाती है एवं हितग्राही स्वयं से अपने आवास का निर्माण कार्य पूर्ण कराते है। विभाग का सभी हितग्राहियों से अपील है कि अपने आवास को जल्द पूर्ण कराएं और योजना से चार किस्तों में प्राप्त होने वाली कुल राशि 1,20,000 की तथा 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि प्राप्त करें।

सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग चयन परीक्षा 14 को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के द्वारा जारी पत्र के अनुसार राजीव युवा उत्थान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों का संभाग स्तर पर प्राक्कयन परीक्षा 30 जून 2024 को दोपहर 12:00 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित किया जाना था। किन्तु उक्त समय दिवस पर प्री.बीएड. एवं प्री.डी.एलएड. की परीक्षा होने के कारण विभाग द्वारा आयोजित प्राक्कयन परीक्षा की तिथि में संशोधन करते हुए प्राक्कयन परीक्षा 14 जुलाई 2024 रविवार को समय 12:00 बजे से 02:30 बजे तक आयोजित की जावेगी।

पीएम युवा मेंटरशिप प्रोग्राम के लिए शेफाली का चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लोरमी में रहने वाली शेफाली दास का चयन प्रधानमंत्री युवा मेंटरशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। शेफाली ने इस कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व कर जिले का मान बढ़ाया है। जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर राहुल देव ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज और शेफाली के परिवारजन मौजूद रहे। गौरतलब है कि लेखन में उत्कृष्टता के लिए देश के 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें राज्य की ओर से मुंगेली जिले के शेफाली दास ने प्रतिनिधित्व किया। शेफाली की इस उपलब्धि के लिए राज्य ने भी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

भवन के लिए जमीन नहीं मिलने से कार्य रूका

जिले में सत्तापक्ष के विधायक फिर भी शहर का विकास घोषणाओं तक सीमित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के तीनों विधानसभाओं में सत्तापक्ष के विधायक है, फिर भी मुंगेली शहर के विकास घोषणाएं तक सीमित रही जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही, जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पा रहा।शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये बजट में महाविद्यालय भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नही मिल पा रही है।

जिले में शासन द्वारा अनेक सौगाते तो दी जाती है,किन्तु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सही नही होने से समय पर उसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नही मिल पाता। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये बजट में महाविद्यालय भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नही मिल पा रही है। महाविद्यालय में स्वीकृत पद के अनुसार 21 स्टाफ की स्वीकृति है जिसमें से कॉमर्स के 2, आर्ट 2, साइंस 1 पद लेक्चरर, क्लर्क वरिष्ठ 1,क्लर्क कनिष्ठ 1,टेक्निशियन 1,चतुर्थ श्रेणी में पोस्टिंग नही है। 4 पोस्ट लैब अटेंडेंट रिक्त है।उधार के भवन में महाविद्यालय संचालित हो रहा है। विगत दो वर्षो से करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का स्वयं का भवन नही रहने से व्यवस्थित संचालन नही हो पा रहा है। शासन ने मुंगेली को 2022-23 में नवीन कन्या महाविद्यालय की सौगात तो दी। करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। महाविद्यालय भवन के लिये जमीन 5 एकड़ से अधिक होने पर यूजीसी का ग्राण्ट महाविद्यालय को मिलता है।

शासन से महाविद्यालय के भवन हेतु शासन से प्रथम किश्त के रूप में 1 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रशासनिक स्तर पर जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन नही मिलने से महाविद्यालय भवन का कार्य प्रारंभ नही हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में शासन द्वारा अनेक सौगाते तो दी जाती है, किन्तु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सही नही होने से समय पर उसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नही मिल पाता। जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक उपेक्षा के चलते सौगात केवल कागजों पर ही सिमट जाती है। नगर में पूर्व में भी तत्कालीन नगरीय निकाय मंत्री द्वारा ऑडिटोरियम के लिये भी राशि दी गई थी,

शासन से भवन के लिये राशि की स्वीकृति मिल चुकी

शासन से नवीन कन्या महविद्यालय भवन के लिये राशि की स्वीकृति मिल चुकी है, जमीन नही मिल पाने की वजह से कार्य आगे नही बढ़ पाया है।

-एसके तिवारी, प्रभारी प्राचार्य, नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली

किन्तु भूमि चयन के चलते 7 वषो बाद भी आज तक नही बन पाई है। इसी तरह से नगर के वार्डो में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालित हो रहे है जिनमें से वार्डो में आंगनबाड़ियों के लिये भी विभाग द्वारा नगर पालिका को राशि दी गई थी।एक-दो वार्डो को छोड़कर शेष वार्डो में भूमि उपलब्ध नही होने के चलते आंगनबाड़ी भवन नही बन पाया है। इसी प्रकार नगर में 4 स्थानों पर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाना था जिसमें से पेण्डाराकापा में जमीन मिलने पर भवन का निर्माण किया गया। वही 3 अन्य स्थान पर जमीन उपलब्ध नही हो पाने के चलते शहरी स्वास्थ्य केन्द्र भवन नही बन पाया है। नगरीय निकाय में आगर नदी के सौंदर्यीकरण के अलावा चैपाटी निर्माण के लिये भी राशि स्वीकृत हो गई थी किन्तु आज तक इसका कार्य प्रारंभ नही हो पाया है। चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पिछले 6 वर्षो से धीमी गति से चल रहा है।

बीमा कंपनी कार मालिक को 7 लाख का भुगतान करे

जांजगीर/नवप्रदेश। बीमा अवधि में मारुति बेलेनो दुर्घटनाग्रस्त होने व फिर जलकर नष्ट होने पर बीमा कंपनी द्वारा बीमा क्लेम देने से इनकार कर दिया। अब उपभोक्ता आयोग ने 7 लाख 31 हजार 255 रुपए, मुकदमे के खर्च 5 हजार व मानसिक क्षतिपूर्ति 20 देने का आदेश पारित किया है।शिकायतकर्ता अनिता नारंग पति अवध नारंग निवासी ग्राम नगारीडीह ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी से अपनी मारुति बलेनो का बीमा 25 अक्टूबर 2022 से 24 अक्टूबर 2023 तक के लिए एडऑन बीमा, आन डेमेज पॉलिसी के अधीन कराया था। बीमा अवधि में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसकी सूचना उपभोक्ता ने बीमा कंपनी व थाने में भी दी और वाहन को मारूति सर्विस सेंटर में बनाने के लिए दिया, इस बीच मारूति सर्विस सेंटर के यार्ड में आगजनी होने से शिकायतकर्ता का वाहन पूर्ण रूप से जलकर नष्ट हो गया। उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत दर्ज कराया। आयोग ने उपभोक्ता को आदेश दिया कि वह सभी दस्तावेज बीमा कंपनी को उपलब्ध कराए तथा बीमा कंपनी दस्तावेज मिलने के बाद 30 दिनों के अंदर बीमा दावे का निराकरण करें, परंतु बीमा कंपनी द्वारा दावे का निराकरण नहीं किया और वाहन टोटल लॉस की श्रेणी में है माना। तब शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष फिर से शिकायत की। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों व तर्कों का सावधानी पूर्वक अवलोकन कर यह पाया। बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर सेवा में कमी की है। इसलिए बीमा कंपनी शिकायतकर्ता को क्लेम राशि 731255 रुपए, मासिक संताप का 20 हजार तथा वाद व्यय का 5 हजार आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर अदा करने का आदेश पारित किया गया।

यातायात नियम तोड़ने वाले 54 वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

जांजगीर/नवप्रदेश। शराब पीकर वाहन चलाने वाले व यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 54 वाहन चालको के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 2 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नहीं होना, पार्किंग लाईन का नहीं होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना व अलग-अलग धाराओं के तहत वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों

का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के संबंध में समझाईस दी जा रही है। यातायात प्रभारी प्रदीप जोशी ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। यातायात नियम तोड़ने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाला शिक्षक गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। खरसिया पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर यौन उत्पीड़न के अपराध में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा है । महिला द्वारा ताराचंद पटेल निवासी सक्ती के विरुद्ध अश्लील बातें कर मानसिक रूप से परेशान करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पीड़ित महिला ने बताया कि शासकीय कार्य को लेकर 01 मई को सहायक शिक्षक ताराचंद को कॉल की जिस पर ताराचंद अश्लील बातें करने लगा जिससे उसका कॉल काट दी । उसके बाद से ताराचंद अश्लील मैसेज करने लगा जिससे परेशान होकर ताराचंद पर कार्यवाही करने

एसडीएम ने सेवानिवृत्त पटवारी को प्रदान किए पेंशन भुगतान के आदेश

जांजगीर/नवप्रदेश। तहसील कार्यालय सारागांव के हल्का ग्राम सरवानी में कार्यरत पटवारी अलीम बेग 30 जून को सेवानिवृत्त हुए है, जिनका 01 जुलाई को ही पीपीओ जारी कर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा नीरनिधि नंदेहा द्वारा पटवारी को सम्मान सहित प्रदान किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल मार्गदर्शन में जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त उपरांत उनके पेंशन भुगतान आदेश एवं मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपादान भुगतान आदेश प्रदाय किए जाने की पहल चलती आ रही है, कलेक्टर द्वारा 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले 17 शासकीय कर्मचारियों को पीपीओ और जीपीओ आदेश की कॉपी

प्रदान की गई थी, जिसमे अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा द्वारा आवश्यक पहल करते हुए अलीम बेग पटवारी को अपने कार्यालय चांपा में ही सम्मानित करने का निर्णय लिया गया जिसमे अनुभाग चांपा के साथ साथ पटवारी संगठन के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

जिसमें संबंधित पटवारी को सहसम्मान पीपीओ जीपीओ आदेश की प्रति दी गई। उपस्थित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ पटवारियों ने अपने अनुभव सांझा किए। इस कार्यक्रम में देवेंद्र चौधरी तहसीलदार बम्हनीडीह, विभोर यादव नायब तहसीलदार चांपा, प्रशांत गुप्ता नायब तहसीलदार चांपा, विशाल वैभव कानूनगो चांपा, एम एल दुबे, बसंत राठौर, संतोष सिंह, दीपक सिदार, रंजिता कुंभकार, लुकेश्वरी कंवर, तनेंद्र सोनी, राजस्व पटवारी संघ संभाग अध्यक्ष बिलासपुर अशोक बंजारे जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव जिला सचिव संदीप राठौर एवं तह चाम्पा अध्यक्ष रोशन सिंह सचिव सुधेश शांडिल्य एवं पटवारीगढ़ चाम्पा नीलकंठ पटेल तहसील सरागांव से रंजीत जांगड़े, विकास पटेल, अनुरंजन एक्का, अनिल शर्मा,

बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका: विधायक

सरगुजा/नवप्रदेश। जीवन के पाठशाला में माता पिता के बाद गुरू ही किताबी ज्ञान के अलावा जीवन जीने की कला सिखाते हैं । उदयपुर में खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल रहे। जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सेजस सह गर्ल्स हायर सेकेण्डरी सृकूल उदयपुर के विद्यालय प्रांगण में प्रवेशोत्सव मनाया गया ।कार्यक्रम की शुभारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र पर धूप दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्टाहार अर्पण कर किया गया।

मचासीन अतिथियों का स्वागत बीईओ उदयपुर रविकांत यादव, सेजस प्राचार्य चंद्रभूषण सिंह, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ओमप्रकाश गुप्ता ,बीआरसी श्रीमती उषा किरण बाखला शिक्षक -शिक्षिकाओं द्वारा बैच लगा,पुष्प गुच्छ,पुष्प दण्ड भेंट

कर किया । छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम का आगाज करते हुए सर्वप्रथम सेजस प्राचार्य सी बी सिंह जी द्वारा अपने संक्षिप्त उदबोधन में शाला प्रवेशोत्सव के उद्देश्यों एंव महत्ता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष भोजवंती सिंह ने सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला । तत्पश्चात् भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ने अपने उदबोधन में बच्चों को नियमित विद्यालय आने प्रेरित करते हुए छात्र जीवन में शिक्षकों की महत्ता के बारे में बताया। वही अपने उदबोधन में श्रीमती कल्पना भदौरिया ने बालिका शिक्षा का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने प्रेरित किया। वहीं उदबोधन की कड़ी में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कवि हृदय विनोद हर्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासकीय विद्यालयों की महत्ता बताते हुए निजी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों की बढ़ती रूचि पर चिंता जाहिर करते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को शासकीय विद्यालयों में भेजने का आह्वान करते हुए बच्चों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अलावा भी उनकी रूचि अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी उनके विकास हेतु कार्य करने शिक्षकों को प्रेरित किया ।

एडिशनल एसपी ने ली डॉयल 112 कर्मियों की बैठक

रायगढ़/नवप्रदेश। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष में एडिशनल एसपी (शहर) आकाश मरकाम द्वारा डॉयल 112 मैनेजमेंट टीम के साथ डॉयल 112 में कार्यरत आरक्षक, ईआरवी चालक की मीटिंग ली जा रही है । मीटिंग में एडिशनल एसपी ने डायल 112 स्टाफ से ईआरवी वाहनों एवं इवेंट से संबंधित विषयों पर चर्चा किया गया । एडिशनल एसपी द्वारा सभी ईआरवी वाहनों में केन हेलमेट, जाली बॉडीगार्ड (बलवा सामाग्री) एवं फायर किट आवश्यक रूप से वाहन में रखने निर्देशित किये । उन्होंने बताया कि डॉयल 112 वाहनों के लिये नया स्टापेज प्वाइंट जारी किया गया है, निर्धारित प्वाइंट पर ही कर्मचारी ड्यूटी तब्दील करें ।

गलत पते से वापस लौटे लाइसेंस अब आरटीओ दफ्तर में मिलेंगे

जांजगीर/नवप्रदेश। वर्तमान में परिवहन विभाग पूरी तरह से ऑनलाइन हो चुका है। वर्तमान में ड्राइविंग लाइसेंस और आरसीबुक आवेदकों के पते पर सीधे घर तक पहुंच रही है। आरटीओ दफ्तरों में आवेदन करने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने का सिस्टम खत्म कर दिया गया है।

हालांकि इसमें एक समस्या तब खड़ी हो जा रही थी तब आवेदक के द्वारा अपना एड्रेस देने समय कुछ गलती हो जाती थी। इस स्थिति में डाक वापस होकर सीधे रायपुर कार्यालय चली जाती थी और इसके बाद आवेदक को रायपुर का चक्कर लगाना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए अब प्रदेश सरकार ने 1 जुलाई से नई सुविधा शुरू कर दी है। अब एड्रेस में गलती होने पर डाक रायपुर जाने की बजाए संबंधित आरटीओ कार्यालय में भेज दिया जाएगा। आवेदक अपने ही जिले के आरटीओ दफ्तर से डाक ले सकेगा। परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र का पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे में आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था।सीएम विष्णु देव साय के संज्ञान में जब ये बात आई तो उन्होंनें इस पर गंभीरता दिखाई। परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए।

बचाव डेंगू के लक्षण पाये जाने पर निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र, मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को करें सूचित

डेंगू की रोकथाम के लिए विभाग ने जारी की एडवाइजरी

अधिक जानकारी,परामर्श सेवा हेतु 104 डायल करें व डेंगू कंट्रोल रूम जिला चिकित्सालय में करें संपर्क

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधान और जागरूक रह कर इससे बचा जा सकता है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पांच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं।

सीएमएचओ ने कहा कि डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरांत धनात्मक पाये जाने वाले मरीज केवल डेंगू के संदेहास्पद मरीज होते है, उनको अंतिम डेंगू के धनात्मक मरीज नहीं माना जाता है। उक्त मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में श्वद्यद्वह्यड्ड टेस्ट में धनात्मक पाये जाने पर ही शासन द्वारा डेंगू के मरीज होने की पुष्टि की जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुये डेंगू से संबंधी ऐहतियात बरतने की सलाह नागरिकों को दी है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं परामर्श सेवा हेतु 104 डायल करें अथवा डेंगू कंट्रोल रूम, जिला चिकित्सालय रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

डेंगू के लक्षण

डेंगू के लक्षण होने पर अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंख के पीछे दर्द होना, जी मचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह एवं मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना जैसे लक्षण पाये जाते है। इस तरह के लक्षण पाये जाने पर निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र /मितानिन/स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें एवं त्वरित जांच कर इलाज कराए। बारिश के बाद अपने घर के आसपास पानी जमा होने की जांच करें। सभी पानी के कंटेनरों/ओवरहेड टैंकों आदि को ठीक से ढककर रखें। हफ्ते में एक बार घरों, कार्यालयों, कारखानों, स्कूलों आदि में सभी कूलरों और कंटेनरों को साफ कर के सुखाएं। हर हफ्ते फ्रिज की पिछली ट्रे में पानी जमा होने की जांच करें और उन्हें अच्छे से सुखाएं। पक्षियों और जानवरों को खिलाने वाले बर्तन डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर के प्रजनन का संभावित स्रोत हैं इसलिए इन्हें स्क्रब से साफ करें और हर हफ्ते पानी बदले। मच्छरों के काटने से बचने के लिए दिन के समय खुले हिस्सों पर मच्छर निरोधक का प्रयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े और लंबे कपड़े व पतलून पहनें जो हाथ और पैरों को ढकें। मच्छरों को दूर रखने के लिए जालीदार दरवाजे व खिड़कियां, मच्छर कॉइल वेपरमैट आदि का उपयोग करें। दिन के समय विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त किसी भी तरीके से डेंगू के मरीजों को मच्छर के काटने से बचाएं। सुनिश्चित करें कि ईमारतों के आसपास के

क्या नहीं करना चाहिए

टूटे हुए मिट्टी के बर्तन, बोतलें, गमले, फूलदान आदि को बाहर या छतों पर इकट्ठा न होने दें। उपयोग में न होने पर डेजर्ट कूलर में पानी न छोड़ें। फूलों के गमलों के नीचे प्लेटें न रखें। पानी को बिना ढके या ठीक से ढके हुए कंटेनरों और टैंकों में न रखें। घरों, वर्कशॉप, गोदामों आदि के बाहर टायर न रखें। नारियल पानी पीने के बाद नारियल के छिलकों को खुले में न फेंके, क्योंकि इन छिलकों में बारिश का पानी जमा हो सकता है, जिससे मच्छर पनप सकते हैं। गिलास, कप, प्लेट, कुल्हड़ आदि जैसी डिस्पोजेबल वस्तुओं को खुले में न फेंकें क्योंकि इन वस्तुओं में भी पानी जमा होने से मच्छरों के प्रजनन का खतरा हो सकता है। डेंगू बुखार के रोगियों को एस्पिरिन और ब्रूफेन न दें, प्लेटलेट्स बहुत कम होने पर रक्त स्राव हो सकता है इसलिए टेबलेट पेरासिटामोल का उपयोग बुखार और शरीर दर्द के लिए किया जा सकता है।

जमीनी क्षेत्रों में, छत पर कोई जलजमाव न हो और खुले स्थानो पर कोई टूटा हुआ फर्नीचर या कबाड़ न हो।

मध्य प्रदेश के दो गांजा तस्करों को पुसौर पुलिस ने पकड़ा

रायगढ़/नवप्रदेश। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय कर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी पुसौर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक एमपी नंबर की मोटरसाइकिल पर दो लड़के उड़ीसा से गांजा लेकर मंडला, एमपी जाने निकले हैं । थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर कार्यवाही के लिए नाकेबंदी पॉइंट लगाया गया । इसी दरमियान नवापारा चौक में नाकेबंदी कर रही पुसौर पुलिस टीम द्वारा लारा की ओर से आ रही एमपी पासिंग मोटरसाइकिल यामहा को रोका गया जिसमें दो युवक बैठे हुए थे। मोटरसाइकिल ने अपना नाम प्रिंस कुमार साहू तथा पीछे बैठा युवक अपना नाम नितेश कुमार मिश्रा दोनों निवासी ग्राम कहका थाना निबास जिला मंडला के रहने वाले बताएं । दोनों युवकों को नाकाबंदी के कारणों से अवगत कराते हुए विधिवत उनकी तलाशी ली गई ।

न्यूज गैलरी

खाद्य व औषधि विभाग ने मेडिकल फर्मों का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ तथा कलेक्टर सरगुजा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि विभाग अंबिकापुर की टीम द्वारा जिले में नशा के विरूद्ध एक अभियान और जन सामान्य जागरूकता के तहत मेडिकल फर्मों का औचक निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार टीम के द्वारा गत 02 जुलाई 2024 को सीतापुर विकासखंड के मेडिकल फर्मों का गहन निरीक्षण किया गया जिसके तहत कोडिन सीरप एवं नशीली औषधियों के क्रय-विक्रय, आपूर्ति एवं वितरण की विवेचना की गई। दोषी पाए जाने पर संबंधित फर्मों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यवाही लगातार पूरे जिले में एक अभियान के तहत जारी रहेगी। जिससे आमजन में जागरूकता तथा नशा फैलाने वाले लोगों में विधि का भय व्याप्त हो। उक्त कार्यवाही के दौरान निरीक्षण दल में सहायक औषधि नियंत्रक रमीला भगत, औषधि निरीक्षक अनिल कुमार पैंकरा एवं आलोक कुमार मौर्य उपस्थित थे।

नपं प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री से की भेंट

गौरेला/नवप्रदेश। नगर पंचायत अध्यक्ष गंगोत्री गोवर्धन राठौर, उपाध्यक्ष संदीप जयसवाल एवं पार्षद दल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य भेंट की। सर्वप्रथम गौरेला नगर पंचायत का उन्नयन नगर पालिका करने हेतु राजपत्र में अंतिम प्रकाशन हेतु निवेदन किया। नगर पंचायत गौरेला में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण, खेल सुविधा विस्तार हेतु लघु इनडोर स्टेडियम, लोहराघोरकी स्थित गार्डन के उन्नयन एवम मूलभूत सुविधा हेतु मांग पत्र सौंपा। सीएम एवं उपमुख्यमंत्री के द्वारा मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया।पार्षद दल ने कोटा छेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप जूदेव से उनके निवास में जाकर मुलाकात की। उन्होंने गौरेला नगरपंचायत एवम गौरेला पेंड्रा से ऐतिहासिक लीड दिलाने हेतु आभार जताया। श्री जूदेव ने पार्षद दल को क्षेत्र की प्रत्येक समस्या के निदान हेतु दृढसंकल्पित होकर प्रयास करने की बात कही। उक्त पार्षद दल में ममता मार्को,अमोल पाठक, मोहित राजपूत, नीलेश साहू पार्षद प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल, मैग्डलीन जेम्स, दिलीप विश्वकर्मा, लाल सिंह मरावी, तुलसी पेंद्रो, शिव रोहणी, पंकज जेम्स शामिल हुए।

डाक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान

पेंड्रा/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद जिला बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी के द्वारा चिकित्सक दिवस पर पेंड्रा के सेवा भावी डॉक्टर हेमंत तंवर एवं डॉ. अनिष ताम्रकार का सम्मान चंदन तिलक पुष्प वर्षा भगवा पट्टी के माध्यम से मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से उपहार प्रदान करते हुए मातृशक्ति के प्रमुख कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्मान किया गया। जिला उपाध्यक्ष सरोज दीदी जिसमें द्वारा तिलक लगाकर, जिला संयोजिका प्रिया त्रिवेदी द्वारा श्रीफल देकर उनके सेवा कार्य के लिए उनका आभार किया गया जिला सह संयोजिका मीनू पांडे द्वारा लेखनी देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी वैशाली पांडे द्वारा श्री राम जन्म भूमी का चित्र दिया गया विद्यार्थी प्रमुख देवांश तिवारी, सुरक्षा प्रमुख नवीन विश्वकर्मा, करुणा पटेल, किरण पटेल एवं समस्त मातृ शक्ति एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन ग्रुप पेंड्रा मंडल के द्वारा डॉक्टर दिवस पर पेंड्रा के सेवा भावी डॉक्टर हेमंत तंवर एवं सुरेश कुमार थदलानी , डॉ प्रवीण कुमार राय, डॉक्टर यादव का सम्मान चंदन तिलक पुष्प वर्षा गायत्री मंत्र उच्चारण के माध्यम से मंडल की ओर से उपहार प्रदान करते हुए गायत्री परिवार युवा संगठन डिवाइन ग्रुप दिया के प्रमुख कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्मान किया गया। गायत्री परिवार युवा शाखा के अभिनंदन कार्यक्रम के तहत सम्मान किया गया जिसमें जिनके द्वारा सम्मान किया गया उसमें दिया जिला संयोजिका कंचन सिंह, नवीन विश्वकर्मा, प्रिया त्रिवेदी, जिला कोषाध्यक्ष सुषमा साहू, सुनीता बलभद्र, देवांश तिवारी, वैशाली पांडेय, मीनू पांडेय, करुणा पटेल, जिला मंडल संचालक मुकेश जायसवाल, प्रांत विस्तारक दिया छत्तीसगढ़ ओमप्रकाश बलभद्र, कु .शालू साहू, समाजसेवी कविता थदलानी , अनीता केवट, पूजा जायसवाल, आदि गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान आज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देशानुसार 5 जुलाई को जिले में आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर नीति आयोग के इकोनॉमिक ऑफिसर जयंत पटेल की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ किया जाना है। साथ ही क्षेत्र भ्रमण एवं कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशाला सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्टर सरगुजा ने सह समीक्षा बैठक में समस्त विभागों को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत विभागीय सूचकों का प्रगति प्रतिवेदन, लक्ष्य आपूर्ति कार्ययोजना प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

स्वच्छ शाला भवनों में संवरेगा बच्चों का भविष्य: साय

- 1104 स्कूलों की बदली तस्वीर, 22 करोड़ की लागत से मरम्मत
- स्कूल जतन योजना के तहत आकर्षक रंग-रोगन, ज्ञानवर्धक कलात्मक चित्र से सजे स्कूल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 26 जून से जिले के स्कूलों में रौनक लौट आई है, बच्चों की नए सत्र में पढ़ाई शुरू हो चुकी है। नया सत्र प्रारंभ होने से पहले ही जिले के विभिन्न स्कूलों में जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है जिससे अपने पुराने स्कूल को नए रूप में देखकर बच्चों में खासा उत्साह है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में शाला भवनों का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य कराया गया है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत चिन्हांकित स्कूल भवनों में आवश्यकतानुसार टाइल्स, रंगरोगन, दीवारों पर ज्ञानवर्धक एवं कलात्मक चित्र, खिड़की-दरवाजों के मरम्मत के कार्य किए गए हैं। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में प्राथमिकता के साथ शाला भवन मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा है। वर्तमान में 1104 भवनों में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं 74 कार्य प्रगति पर हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग अम्बिकापुर द्वारा मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के 1083 कार्य पूर्ण किए गए हैं जिसकी लागत लगभग 22.13 करोड़ है। 9.51 करोड़ के 74 कार्य प्रगतिरत हैं, जिन्हें जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्र में नगर निगम को निर्माण एजेंसी बनाया गया है जिनके द्वारा 21 स्कूलों में 36 लाख 59 हजार की लागत से मरम्मत कार्य पूर्ण किया गया है। जिले में शासकीय प्राथमिक शालाओं में 85,412 विद्यार्थी, पूर्व माध्यमिक शालाओं में 48,576 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वहीं जिले में हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों में 42,224 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिले के विभिन्न प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, और हायर सेकेंडरी स्कूलों में मरम्मत और निर्माण कार्यों के लिए महत्वपूर्ण प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। उदयपुर के ग्राम पंचायत जजगा और ग्राम पंचायत घाटबर्रा के हाई स्कूल में 03-03 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण भी 24.20 लाख रुपए की लागत से, प्राथमिक शाला बिशुनपुर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य 6.83 लाख, बालक आश्रम केदमा में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य 2.25 लाख, प्राथमिक शाला डोई में 1.35 लाख, प्राथमिक शाला सोनतराई में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य 5.30 लाख की लागत से हुआ है। जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत कर्रा के प्राथमिक शाला महुआपारा भवन का 2 लाख 25 हजार रूपए एवं ग्राम पंचायत डूमरडीह के माध्यमिक शाला का 2 लाख 28 हजार रुपए की राशि से मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कराया गया है। जनपद पंचायत बतौली के भटको के माध्यमिक शाला भटको का 2 लाख 71 हजार की राशि से जीर्णोद्धार कार्य कराया गया। इसी तरह जनपद पंचायत बतौली के माध्यमिक शाला भटको, कसईडीह, महेशपुर, अम्बिकापुर के प्राथमिक शाला कुबेरपुर, पाटीपारा, प्राथमिक शाला बरकेला, प्राथमिक शाला नवापारा घंघरी सहित विभिन्न स्कूलों में मरम्मत के बाद सुंदर रंग-रोगन किया गया है, जिससे बच्चों में स्कूल का नया कलेवर देख बेहद खुशी है।

कलेक्टर कार्यालय घेरने की चेतावनी

विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पेंड्रा/नवप्रदेश। जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर 7 दिवस के भीतर सभी समस्याओं के हल करने की मांग की है। जिले में व्याप्त प्रमुख समस्या जिसमें अघोषित बिजली कटौती, लाचर कानून व्यवस्था, राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार, कलेक्टर कार्यालय में आम जनता के आवेदनों पर कार्यवाही, टी.एल. प्रकरण का निराकरण, रेत परिवहन के नाम पर ट्रैक्टर मालिकों से अवैध वसूली बंद किया जाए, आबकारी विभाग द्वारा किए जा रहे अवैध वसूली,मरवाही वन मंडल में व्याप्त भ्रष्टाचार, किसानों के खाद बीज की उचित व्यवस्था तथा आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना पर रोक लगाने संबंधित कुल 13 प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए आज ज्ञापन सौंपा गया है। जिसका निराकरण 7 दिवस के भीतर नहीं होने पर 8 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। आज ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नगर पलिका अध्यक्ष राकेश जलन, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, अशोक शर्मा, गाजमति भानू, मो.सादिक खान, वैभव तिवारी,संतोष ठाकुर, ममता पैकरा, श्वेता मिश्रा, सुनीता तिमोथी, गिरजा रानी पोटाम, रेखा रंजन, मंजू सिंह ठाकुर, कलीराम मांझी, विद्या राठौर, मनोज यादव, बाला कश्यप, चांदनी यादव, जलेश सिंह, बलदेव यादव, सुफियान खान, शारदा चरण पसारी, प्रकाश केसरी, शंकर पटेल, प्रशांत श्रीवास, मोहम्मद नफीस खान, आमिर अली, रवि राय, रियांस सोनी, एस शर्मा,उमाकांत सोनी, व अन्य लोग शामिल थे।

हिन्दू विरोधी बयान पर भाजपाइयों ने जताया विरोध, राहुल का फूंका पुतला

सक्ती/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 1 जुलाई को संसद में दिए गए बयान को हिंदू विरोधी बताते हुए भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के कचहरी चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया भाजपा ने सदन में राहुल गांधी द्वारा हिंदू के लिए कथित टिप्पणी को लेकर कड़ी आपत्ति जताई सक्ती भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक विरोध किया राहुल गांधी द्वारा बार बार हिंदू को लेकर गलत बयान बाजी किया जाता है अभी हाल में सदन में हिंदू को लेकर कथित टिप्पणी की जिस पर प्रदेश भाजपा के निर्देश पर सक्ती भाजपा द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, रामनरेश यादव, दादू केवट, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अंकित अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा, रवि पटेल, पार्षद गजेंद्र यादव, गोविंदा निराला, महिला मोर्चा से पुष्पेंद्री कसेरा, अनीता सिंह, अनीता गोपाल, ललिता साहू, युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष रोशन राठौर, उपाध्यक्ष लाखन नामदेव, परमेश्वर साहू, महामंत्री सोमेश सोनी, सूरज देवांगन, योगेश साहू, नूतेश साहू, अनुराग विश्वकर्मा, देवाशीष पटेल, गोपाल गौतम, घनश्याम भारद्वाज, मुनेश्वर जायसवाल, आकाश साहू, वेद देवांगन, भाजपा एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। सक्ती भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी के बयान से आक्रोशित नजर आए भाजपा एवम भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की कांग्रेस लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से बौखला गई है।

पत्नी के नाम जमीन का करा लिया एग्रीमेंट, पटवारी निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। बीते मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम जिवलिया निवासी आवेदक मोहित राम के द्वारा कलेक्टर विलास भोसकर के समक्ष भूमि संबंधी गड़बड़ी की शिकायत की गई। कलेक्टर द्वारा इस मामले में तत्काल जांच करने एसडीएम धौरपुर नीरज कौशिक को निर्देशित किया गया। जिस पर एसडीएम धौरपुर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित पटवारी को निलंबित कर दिया है।

जनदर्शन में आवेदकगण द्वारा शिकायत की गई थी कि उक्त पटवारी ने छलकपट कर उनकी भूमि का बिक्री हेतु अपनी पत्नि के नाम से रजिस्टर्ड एग्रीमेंट बिना पैसे दिये करा लिया गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व निरीक्षक रानिमं रघुनाथपुर, तहसील- लुण्ड्रा (धौरपुर) के प्रतिवेदन मय पंचनामा अनुसार पटवारी हल्का नंबर 16 डकई में पदस्थ उक्त पटवारी द्वारा कार्यालयीन समय में अक्सर पटवारी कार्यालय में नहीं रहने, ग्रामवासियों के आम समस्याओं के निराकरण में रूचि नहीं लेने, सीमांकन प्रतिवेदन लंबित रखने, साथी राजस्व निरीक्षक से अनर्गल वाद विवाद करने, शासन व उच्च कार्यालय को भेजी जाने वाली जानकारियों को प्रस्तुत करने में अक्सर विलंब करने तथा ग्रामसभा के आयोजन में अनुपस्थित रहने का उल्लेख किया है। पटवारी शिवराम एक्का, हल्का पटवारी के द्वारा किया गया। उक्त कृत्य शासकीय सेवकों के आचरण के विपरीत होते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (1),(क),(ख),(ग) एवं नियम तीन (3)(क), (घ),(ङ),(च) के सर्वथा विपरीत होने के साथ ही सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) (क) के तहत दण्डनीय है। फलस्वरूप एसडीएम धौरपुर ने कार्यवाही करते हुए उक्त पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय, लुण्ड्रा (धौरपुर) नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

शिक्षा नीति विकसित भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : डॉ. शांतनु

सीपत/नवप्रदेश। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग नवा रायपुर एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के निर्देशानुसार स्थानीय शासकीय मदन लाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत में इस महाविद्यालय एवं वैदिक महाविद्यालय सीपत, नयनतारा शर्मा महाविद्यालय पंधी और दुर्गा कन्या महाविद्यालय खम्हरिया के शिक्षकों और अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षण देने हेतु डॉ. शांतनु घोष (सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा) मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने की। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे ने किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. रघुनंदन पटेल ने आभार ज्ञापन किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. शांतनु घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विकसित भारत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह चार वर्षीय सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित है छात्र केंद्रित प्रणाली है, नियमित और स्वाध्यायी सभी छात्रों के लिए सतत आंतरिक मूल्यांकन व्यवस्था है जिसमे 30 प्रतिशत अंक है, सेमेस्टर में 70 प्रतिशत अंक है, दोनो मिलाकर 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना है। बहुविषयक अध्ययन की सुविधा से विद्यार्थी का ज्ञान बहुआयामी होगा, विषय के अध्येता शोध और शिक्षण के लिए तैयार हो सकेंगे और बहुविषयी अध्येता प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर बढ़ सकेंगे। इसमें लचीलापन है, अपने अनुसार विषय चुन सकेंगे, इनपर पाठ्यक्रम और परीक्षा का दबाव कम होगा। अब एक या दो वर्ष बाद बीच में पढ़ाई छूट जाने पर भी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा मिलेगा अर्थात विद्यार्थी की कोई मेहनत बेकार नहीं होगी। उन्होंने इसकी शब्दावली, क्रेडिट, अध्यापन और परीक्षा प्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनका मानना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सम्बन्ध में बहुत सी भ्रांतियां हैं इसलिए इसके संबंध में सकारात्मक और उचित जानकारी प्रचारित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सहभागियों ने परिचर्चा की, सवाल भी पूछे जिसके उत्तर मास्टर ट्रेनर ने सहजता से दिए।

प्रशिक्षण | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी सरगुजा ने अम्बिकापुर केंद्रीय जेल में किया आयोजन

बंदियों को आजीविका प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया आरसेटी सरगुजा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कर बन्दियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। केंद्रीय जेल में आरसेटी के तहत जेल बंदियों को प्रशिक्षणार्थियों के रूप में विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें। इस दौरान आरसेटी के राज्य निदेशक अशोक सिंह, केंद्रीय जेल अधीक्षक योगेश क्षत्री, क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह और आरसेटी सरगुजा डायरेक्टर श्याम गुप्ता उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री भोसकर ने इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीता हुआ कल आपके हाथ में नहीं था किन्तु आने पल आपके हाथ में हैं। जैसा चाहे, वैसा ही इसे बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि गलतियों से सीख लें और वर्तमान समय को बेहतर बनाने अपने आज को समर्पित करे।

आरसेटी के राज्य निदेशक श्री सिंह द्वारा आरसेटी के सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि आरसेटी ने आपके अन्दर एक बीज बोया है और उसे विशाल वृक्ष का रूप आप स्वयं दे सकते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय जेल अम्बिकापुर के जेल अधीक्षक श्री योगेश ने बन्दियों को अपने खाली समय का पूरा उपयोग करने सकारात्मक सोच रखने, शिक्षण प्रशिक्षण व कौशल में अपनी भागीदारी रखने और स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण को आजीविका के रूप में देखने की सलाह दी। इसी क्रम में क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त सभी बन्दियों को मुख्य धारा से जुड़ कर अपना स्वरोजगार स्थापित कर व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में ऋण प्रदान किए जाने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर केन्द्रीय जेल में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास की भी शुरुआत की गई। जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता द्वारा समस्त प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई एवं साक्षर भारत कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 जून से निरंतर चलाया गया जिसमें 3 मुख्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सब्जी उत्पादन, पेपर कवर एनवेलप और होम मेड अगरबत्ती शामिल रहे। यह कार्यक्रम मुख्यत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों स्वरोजगार करने के उद्देश्य से केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर में कराया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा बन्दी मुख्य धारा से जुड़ कर समाज में अपनी जगह बना सके। इस कार्यक्रम के समापन के रूप आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरसेटी सरगुजा डायरेक्टर श्री गुप्ता द्वारा समापन कार्यक्रम का संचालन किया गया। साथ ही आरसेटी सरगुजा से संकाय सदस्य तमन्ना निशा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया एवं रिजवान अहमद मुख्य सहायक के रूप में कार्य किया। विरेनद्र अम्बष्ट,अकांक्षा जायसवाल एवं जेल समन्वयक श्री भास्कर महाराणा उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

सीएम से मिले भाजपा नेता

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला भाजपा के मंत्री राजेंद्र गोलछा ने रायपुर पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट किया।

नर्सरी में प्रथम आने पर बच्ची को दी शुभकामनाएं

नगरी/नवप्रदेश। आनंद मार्ग विद्यालय की नर्सरी की छात्रा कु जाह्नवी नेताम 91त्नके साथ उत्तीर्ण हुई ,उनकी इस सफलता पर आनंद मार्ग विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद राम साहू , सिक्षिका लीलेश साहू, प्रतिमा प्रजापति,हेमलता साहू,धनेश्वरी निर्मलकर वा सभी स्टाफ ने बधाई दी। गौरतलब है कि कु जाह्नवी ,प्राचार्य डी एस नेताम की नातिन और जितेंद्र नेताम छिपली की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर उनकी दादी, मम्मी, पड़े पापा, छोटे दादा ,बड़ी मम्मी, बुआ आदि शुभकामनाए दी हैं।

16 उप निरीक्षक व आरक्षकों के तबादले

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा ने सहायक उप निरीक्षक सहित आरक्षकों तक के तबादले किए हैं, जिसमें 16 लोगों का स्थानांतरण किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पारिवारिक, स्वास्थ्यगत व अन्य समस्याओं को लेकर स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया गया था। इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा ने स्थानांतरण किया है। इनमें सहायक उप निरीक्षक हरेन्द्र मेश्राम तथा ताज खान को कबीरधाम से मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में पदस्थ किया गया है। इसी तरह एमएमसी से प्रधान आरक्षक गिरीश देशमुख, डुलेश्वर साहू, सुनील गौतम, महिला आरक्षक कल्याणी गजपाल, सुमन ठाकुर तथा नेहा साखरवाड़े को राजनांदगांव जिले में स्थानांतरित किया गया है। आरक्षक रामकुमार पटेल को राजनांदगांव से मोहला-मानपुर-अं. चौकी, नागेन्द्र साहू को मोहला-मानपुर से राजनांदगांव, महिला आरक्षक उमेश्वरी अंचल को राजनांदगांव से मोहला-मानपुर, पेमिन मंडावी को मोहला-मानपुर से राजनांदगांव, चालक आरक्षक शेषनारायण सिन्हा को कबीरधाम से राजनांदगांव, आरक्षक लक्ष्मण प्रसाद कुंभकार को राजनांदगांव से कबीरधाम, आरक्षक चितेश्वर साहू को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से मोहला-मानपुर, आरक्षक दिलीप निषाद का तबादला मोहला-मानपुर से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई किया गया है।

पटेल समाज के कन्हैया लाल कार्यकारी अध्यक्ष

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज के समस्त पदाधिकारी क्षेत्रीय संगठन, युवा संगठन, महिला संगठन, के समस्त पदाधिकारी एवं न्याय पंच समिति सदस्य के उपस्थिति में स्वर्गीय बहुरसिंह पटेल(अध्यक्ष सिहावा राज पटेल समाज)के निवास स्थान ग्राम सांकरा में कोसरिया मरार समाज सिहावा राज का आवश्यक बैठक आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से अमर सिंह पटेल संरक्षक कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज ने बैठक का संचालन कर सभी सिहावा राज के पदाधिकारी, सभी क्षेत्रों के अध्यक्षगण,की उपस्थिति में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज का कार्यकारणी अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल को दायित्व सौंपा गया तथा कार्यकारणी अध्यक्ष का कार्यभार एक वर्ष तक निभायेंगे,ज्ञात हो कि कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष बहुर सिंह पटेल के निधन के पश्चात यह पद रिक्त था। बैठक में लतखोर पटेल राजा पटेल समाज सिहावा राज, नारायण पटेल खुटैत, अमरसिंह पटेल कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा संरक्षक,हरिनाथ पटेल, दिलीप पटेल कोषाध्यक्ष, डिलेश्वर पटेल महासचिव,डामेश्वर पटेल उपाध्यक्ष, मोती लाल पटेल उपाध्यक्ष,बृज लाल पटेल न्याय पंच, कुंज लाल पटेल न्याय पंच,नरेश पटेल संगठन मंत्री, पुरषोत्तम पटेल न्याय पंच, युवराज पटेल सचिव, डिगेश पटेल, नरेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष, सियाशरण पटेल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज,खिलावन पटेल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सांकरा, प्रेम लाल पटेल ग्रामीण अध्यक्ष सांकरा,लकेश पटेल सिहावा ग्रामीण अध्यक्ष, अघनू राम पटेल अध्यक्ष नगरी,मानिक पटेल,सेवक पटेल, रिषी पटेल, रामसाय पटेल आदि उपस्थित थे।

चौक पर तीसरी नजर सीसीटीवी कैमरों का डॉ. रमन ने किया शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रामकृष्ण नगर चौक पर त्रिनेत्र योजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने राजनांदगांव शहर के चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी दी और भविष्य में अन्य स्थानों पर लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर खूबचंद पारख, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, पद्मश्री पुखराज बाफना, त्रिनेत्र योजना के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के

अधिकारी उपस्थित थे।

त्रिनेत्र योजना जनसहयोग से जनता की सुरक्षा व अपराधों के रोकथाम व अपराधों को पकड़ने, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए एक सकारात्मक पहल हैं। त्रिनेत्र ऐसा प्रोजेक्ट है, जो बिना किसी शासकीय मद के केवल जनसहयोग से शहर में लगभग एक करोड़ की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का प्रस्ताव है।

स योजना के प्रथम चरण में राजनांदगांव के शहरीय क्षेत्रों मे कैमरे लगाये जा रहे हैं। द्वितीय चरण मे जिले के अन्य ब्लाक ग्रामों में कैमरे लगाये जाने की योजना है। इस योजना के तहत शहर में 385 नग नये सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे, जिसमें अत्याधुनिक एएनपीआर कैमरा 25 नग, व्हेरीफोकल कैमरा 300 नग, पीटी जेड कैमरा 10 नग एवं 80/50 मीटर फोकस कैमरा 50 नग लगाना तय किया गया है। शहर में पूर्व से जनसहयोग एवं शासकीय मद से लगे 152 नग कैमरे लगाये गये थे, जिससे नगरवासियों एवं पुलिस को कई बड़े अपराध डिटेक्ट करने में सफलता मिली है। जिन्हें अपडेट किया जाएगा। वर्तमान पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित नवीन कट्रोल रूम बिल्डिंग में मॉर्डन इन्टीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है, जहां कस्टमाईजड विडियो वॉल डिसप्ले लगया जा रहा है। सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रूम में स्थापित नवीन सर्वर में 1000 कैमरा जोड़ने की क्षमता होगी। त्रिनेत्र योजना में प्रथम सूचना पत्र (एफआईआर) दर्ज होने पर या संबधित थाने से अनुमति मिलने के बाद ही आम जनता को फुटेज दिखाया जायेगा, जिसकी कण्ट्रोल रजिस्टर में विस्तृत, तिथि, समय, मोबाईल नंबर का संधारण किया जायेगा। राजनांदगांव शहर में 7 मुख्य चौक पर नया ट्रैफिक सिग्नल लगया गया है। एनपीआर नम्बर प्लेट रीडर कैमरा से भविष्य में ट्रैफिक ई-चालान की कार्रवाई की जाएगी। सभी सीसीटीवी चौक पीए सिस्टम से लैंस होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने नवीन पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का किया लोकार्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में नव निर्मित नवीन पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जिले वासियों को नये पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय भवन प्रारंभ होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यालय भवन का अवलोकन भी किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिले में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय खुल जाने से यहां के नागरिकों के पुलिस विभाग के कामकाज शीघ्र हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में कार्ययोजना बनाकर विस्तार किया जाएगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय को हरा-भरा एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अमरूद का पौधा लगाया। उन्होंने नागरिकों को पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण लगाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, रमेश पटेल, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित आदि उपस्थित थे।

अभा आदिवासी विकास परिषद ने डीएफओ को हटाने की मांग की

नगरी/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद के द्वारा छ्स्नह को हटाने के लिए आंदोलन करने की चेतावनी दी साथ ही राज्यपाल भवन, रायपुर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, जिलाधीश गरियाबंद, छत्तीसगढ़ के नाम पर ज्ञापन सौंपा।

जिसमे आदिवासी के ऊपर फर्जी मामला बनाकर वन विभाग द्वारा शारीरिक प्रताड़ना करने के संबंध में ज्ञापन दिया कि हजारी पिता- तुलसी नेताम, ग्राम- कारीमाटी, वि ख.-मैनपुर जिला-गरियाबंद को वनविभाग द्वारा 3 दिन तक प्रताड़िता किया गया। जिसका संज्ञान न्यायालय देवभोग ने भी लिया है। घटना को लेकर पीडित के द्वारा थाना-इंदागांव में स्रढ्क्र दर्ज अभी कराया गया है। इस तरह के कई घटना वर्तमान छ्स्नह वरूण जैन उन्दती., सीतानदी अभ्यारण के द्वारा किया गया है। जिसे लेकर जिले के आदिवासी समाज कई बार धरना घेराव करके उक्त डीएफओ के खिलाफ कार्यवाही करने एवं हटाने की मांग कर रहे हैं। मगर अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उक्त घटना की शीघ्र जांचकर दोषियों पर कार्यवाही करते हुए., वर्तमान छ्स्नह वरूण जैन की शीघ्र हटायी जाए। मांग़ पूरी नही होने पर आदिवासी समाज उग्र आंदोलन एंव घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

जिस पर कार्रवाई की गई निर्दोष नहीं : डीएफओ

सीतानदी उदन्ती डीएफओ वरुण जैन ने कहा कि हजारी पिता तुलसी नेताम ने भालू का शिकार किया था, जिसका पुख्ता सबूत है कि किस प्रकार से हजारी नेताम ने बम का प्रयोग किया, जिसका सेवन करने से भालू की मौत हुई, साथ ही जब आरोपी को उड़ीसा से लाकर उसके घर की तलाशी ली गई तो भालू का खाल सहित अन्य अवयव, फंदे बरामद हुए।

हजारी नेताम को जब अदालत में पेश किया गया था तो उसके शरीर पर कुछ चोटों के निशान थे, एक चूक विभाग से हुई थी कि आरोपी का मेडिकल चेकअप नहीं कराया जा सका था। इस केस में उनके द्वारा विभाग के दो कर्मचारियों को सस्पेंड भी किया गया था। उन्होंने कहा कि आदिवासी विकास परिषद जो भी मांग मेरे विरुद्ध कर रही है, वे अपने नजरिये से अपनी जगह पर सही हो सकते हैं, लेकिन मेरे द्वारा किसी भी निर्दोष को प्रताड़ित नहीं किया गया है ।

अयोध्या की विशेष ट्रेन को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। बुधवार को रामलला के दर्शन करने प्रदेश के सैकड़ों श्रद्धालु, रायपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना हुए । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुद विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया । अयोध्या रवाना होने वाले इन श्रद्धालुओं में भाजपा मंडल नवापारा के लीलाराम साहू धनमती साहू, साधना सौरज, श्रीमती झुनेश्वरी कृति यादव, मालती ध्रुव, श्रीमती मनीषा सांखरे, यशवंत सांखरे, परदेशी साहू, श्रीमती मोंगरा साहू सहित अन्य लोग भी शामिल हैं । इन श्रद्धालुओं को आज नवापारा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव द्वारा आत्मीय विदाई देते हुए उनकी यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं दी । श्री यादव ने कहा कि भगवान श्री रामलला के दर्शन करने के लिए आज हर कोई आतुर है । लेकिन आर्थिक और विभिन्न कारणों के चलते लोगों को यह शुभ अवसर नहीं मिल पा रहा था। इसके चलते सीएम साय ने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू कर, उनकी कामना पूरी की है। आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आप सब श्री रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य हासिल करने जा रहे हैं । यादव ने सभी से छत्तीसगढ़ के लोगों की उन्नति की कामना भगवान श्री रामलला से करने की अपील की ।

रोपणी को तार से घेरने वन विभाग से की मांग

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा अमलीपारा बेलर गांव के निवासी चुन्नू लाल साहू जो सेवा भाव से श्मशान घाट के आसपास नर्सरी में दस एकड़ में आम का दो क्विंटल बीज और जामुन का 30 किलो बीज लगाया है वहीं उस जगह पर सैकड़ों पेड़ पौधे है अब उनकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग वन परिक्षेत्र बिड़गुडी से अधिकारियों को तार घेरने की मांग चुन्नू लाल साहू ने किया है अभी वर्तमान में आम व जामुन के हजारों बीज मजदूर लगाकर श्मशान घाट, नर्सरी के आसपास लगायें है। इस ओर मवेशियों का आना-जाना लगा रहता है।

माता शीतला के आशीर्वाद से गांव में रहती हैं शांति और खुशहाली : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम गुजरा में जय मां शीतला जुड़वास समिति गुजरा के द्वारा जुड़वास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीं से शीतलता की प्राप्ति के लिए एवं आम जनों के सुख शांति एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए मां शीतला में विधिवत पूजा अर्चन कर माता से शीतलता की कामना ग्रामवासियों के द्वारा की जाती है। मां शीतला जुड़वास समिति के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य जागेश्वरी राकेश साहू ने की।

रंजना साहू ने गांव की आराध्य देवी मां शीतला की पूजा अर्चना की एवं ग्रामवासियों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर स्थानीय विभिन्न क्षेत्रों से आए सेवा समिति के द्वारा माता का भजन प्रस्तुत किया गया।

मानिकचौरी में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू का पौधे रोपकर मनाया गया जन्मदिन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू का जन्म दिवस अंचल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।श्री साहू सर्वप्रथम अपने गृह ग्राम मानिकचौरी पहुंचे जहां उन्होंने प्राथमिक शाला स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर सभी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठा करा कर शाला प्रवेश कराया। वहीं निशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक,कॉपी पेन का भी वितरण किया गया।श्री साहू ने संबोधन में कहा कि स्कूल के बारे में कहा कि यहां आते हैं तो उन्हें अपना बचपन याद आ जाते हैं,उस समय से लेकर अभी वर्तमान में भी यहां पढ़ाई का स्तर काफी अच्छा रहा है।

मुजगहन स्कूल के प्रवेश उत्सव में विधायक ने बच्चों में बांटी मिठाई

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम मुजगहन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू सहित शाला विकास समिति, ग्राम विकास समिति एवं अतिथियों ने विद्या की देवी मां शारदा की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों के स्वागत पश्चात विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया द्य विधायक ने बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर, गुलाल लगाकर पुस्तक वितरण किया और बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी द्य इस अवसर पर शिक्षकों व अतिथियों ने बच्चों को जानकारी दी द्य ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब प्रदेश में भूपेश बघेल जी की सरकार थी तब सभी जिलों को मिलाकर लगभग 171 स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले गए द्य जहां पर गरीब परिवार से आने वाले बच्चे निन्शुल्क हिंदी और इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई कर सकते हैं। जहां पर पुस्तकालय ,अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, जहां अत्यधिक बुनियादी ढांचे और शिक्षकों व स्कूल प्रमुख की एक उच्च प्रशिक्षित टीम होती है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करती है तथा बच्चों को आगे बढ़ने का एक अवसर प्रदान करती है। विधायक ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के विकास के लिए अलग-अलग प्रक्रियाओं का प्रयोग करना चाहिए। जैसे कि अध्यापन विधियां, खेल गतिविधियों, संवाद, संकलन, मौखिक और लिखत गतिविधियों का अभ्यास करना चाहिए। इसके अलावा बच्चों को नैतिक मूल्यों , सामाजिक संबंधों, सहयोग, समर्पण और स्वयं को समझने का मौका देना चाहिए ताकि बच्चों में खुद के पैर पर खड़े होने की क्षमता में विकास हो।

खेल विभाग के पास फ़ंड नहीं वनांचल के बच्चे कैसे पहुंचेंगे राष्ट्रीय स्पर्धा तक

छुरा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास खेल संगठनों के लिए बजट नहीं है तो वनांचल के बच्चे कैसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुंचेंगे और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे, जिले के पांच ब्लाकों में अलग-अलग ब्लॉकों में अलग-अलग प्रकार के खेलों में लोगों ने राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। जिला बनने के पश्चात भी अंतरराष्ट्रीय,राष्ट्रीय ेलों के बढ़ावा के करने की दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

इससे पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ी दोनों में काफी निराशा है क्योंकि क्षेत्र वनांचल है इसलिए यहां के बच्चे फिजिकली रूप से काफी स्ट्रांग होने की वजह से इस प्रकार के खेलों में पदक दिला सकते हैं। किंतु है समय-समय पर सही मार्गदर्शन ,डाइट और सामग्री उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

प्राथमिक शाला हटकेशर में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश । संकुल केन्द्र प्राथमिक शाला हटकेशर में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थी।जनप्रतिनिधियों के स्वागत के पश्चात बच्चों के लिए शाला द्वारा नौ काउंटर बनाया गया उसके पश्चात बच्चों ने सभी गतिविधियों में पालको के साथ भाग लिया । डिप्टी कलेक्टर द्वारा शिक्षकों और छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया । संकुल समन्वयक दीपक सिंह ठाकुर ने पालको को बच्चों को घर में पढ़ाने हेतु प्रेरित किया, माताओं को सम्बोधन में कहा मा बच्चों की प्रथम गुरु होती है ,ईश्वर हर समय सबके साथ नहीं रह सकते इसलिए उन्होंने माता पिता बनाया है, ताकी ईश्वर को सभी सरलता से महसूस कर सकें।

मांग | ब्लाक में महाविद्यालय खोलने की मांग सालों से अधूरी

महाविद्यालय नहीं होने से उच्च शिक्षा से वंचित हो जाते हैं बच्चे

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के बेलरगांव तहसील की जनता की बहुत पुरानी मांग है कि बेलरगांव में नवीन महाविद्यालय खोला जाए। बेलरगांव को पूर्ण रूप से तहसील का दर्जा मिलने के बाद भी उच्च शिक्षा का क्षेत्र के बच्चों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां नवीन महाविद्यालय बनाने के लिए 1980 से लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस पर अभी तक पहल नहीं हो पा रही है।

अगर यहां नवीन महाविद्यालय खुलेगा तो बेलरगांव तहसील में पड़ने वाले बोराई, घुटकेल, मेनपुर, कसपुर, नवागांव, रतावा, घटुला, पदमपुर, जैतपुरी, घुरावड़, बरबांधा, आमगांव, भुरसींडोगरी, घोटगांव, बासपानी, बिरगुड़ी, सेमरा, गढ़डोंगरी, टागापानी, पावदार, गिधावा, कुरमाईया, खडपथरा के बच्चे आसानी से उच्च शिक्षा का लाभ उठा सकते हैं। अभी बच्चों को महाविद्यालय पढ़ाई के लिए 23 किमी नगरी जाना पड़ता है। वहीं उत्तर बस्तर कांकेर 55 किमी पढ़ाई करने के लिए जाने को मजबूर हैं। ऐसे में ज्यादा दूरी को देखते हुए इस क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई से वंचित होना पड़ता है।

इस क्षेत्र के गरीब व पिछड़े वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा पाने बहुत ही मुश्किल होती है। बेलरगांव भौगोलिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो एक बहुत बड़ा तहसील है, जिसमें 36 ग्राम पंचायत आते हैं। यहां नवीन महाविद्यालय बनाने के लिए शहर के साथ क्षेत्र के आसपास के जनप्रतिनिधियों ने मिलकर कई बार शासन-प्रशासन को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक इस मांग पर अमल नहीं हो पाया है।

कॉलेज खुलने से क्षेत्र का होगा विकास

अगर यहां नया नवीन महाविद्यालय बन जाता है तो इस क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा। मामले पर बेलरगांववासियों ने कहा, महाविद्यालय आज की आवश्यकता है। ग्रामीण सुरेश देवांगन ने बताया कि हमारे बेलरगांव के बुजुर्ग उच्च शिक्षा के लिए 1980 से लड़ाई लड़ रहे हैं कि यहां भी एक महाविद्यालय खुलना चाहिए, मगर आज क्षेत्रवासियों की मांग पर जरा भी शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं है।

आदर्श स्कूल लाल बहादुर में हुआ पढ़ई तिहार का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार स्कूली शिक्षा को जन जन तक पहुंचाने के लिए आदर्श स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा एवं शहीद वीर नारायण सिंग स्कूल में संयुक्त रूप से 2 जुलाई को पढ़ई तिहार का आयोजन एबीईओ भास्कर देवांगन एवं समन्वयक मुकेश देवांगन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक शत्रुहन डहरिया ने किया। इस अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी बच्चो को तिलक लगाकर और पुस्तक एवं गणवेश भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने समूह द्वारा नेवता भोजन कराया गया। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत माताओं द्वारा बच्चों को घर में बेसिक शिक्षा उपलब्ध कराने के रोचक और सरल तरीके बताए गए। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को रोज स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किए साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून के उपयोगी बिंदुओं से परिचित कराया गया। शिक्षा मंत्री का संदेश का भी वाचन किया गया। इस पढ़ई तिहार में पालकों और माताओं , समूह और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रभारी शत्रुघन कुर्रे , निहाला मैडम और आदर्श स्कूल लाल बहादुर के प्रमोद वर्मा वीरेन्द्र मानसरोवर बंशी लाल चौहान अंगना म शिक्षा प्रभारी श्रीमती सविता सोनकर और एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती लोकेश्वरी ध्रुव का विशेष योगदान रहा।



विजयी जुलूस : रोहित-विराट के नाम से गूंज उठी मुंबई, मरीन ड्राइव से वानखेड़े तक उमड़ा जनसैलाब

रायपुर/नवप्रदेश। टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत हासिल कर वतन लौटी टीम इंडिया की विक्ट्री परेड जल्द शुरू होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फैंस का जनसैलाब उमड़ा है। टीम इण्डिया के स्वागत के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। फैंस के बीच इस जीत का जश्न मनाने का उत्साह साफ झलक रहा था। लोग ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहे हैं। फैंस का कहना था कि यह जीत उनके लिए गर्व का क्षण है और टीम इंडिया ने उनका सिर ऊंचा कर दिया है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया की विजय परेड शुरू होगी। इस परेड में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से वानखेड़े स्टेडियम तक खिलाड़ियों ने खुली बस में सफर करेंगे। यह परेड शाम 5 बजे से शुरू होगी और वानखेड़े स्टेडियम पर समाप्त होगी। फैंस बारिश के बावजूद टीम इंडिया का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

विक्ट्री परेड के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम

मुंबई पुलिस ने टीम इंडिया के स्वागत के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मुंबई के जॉइंट पुलिस कमिशनर सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि विक्ट्री परेड के लिए ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। लोगों की जांच और तलाशी के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। एमसीए ने जनता को निशुल्क प्रवेश देने की व्यवस्था की है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बन सकें।

पीएम ने पूछा बारबाडोस की पिच की मिट्टी खाने का राज

भारतीय टीम बारबाडोस से चार्टर फ्लाइट के जरिए दिल्ली पहुंची, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। आईटीसी मौर्या होटल में ठहरने के बाद, टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और फिर मुंबई के लिए रवाना हुई। एयर इंडिया की विशेष चार्टर फ्लाइट, जिसका नाम एयर इंडिया चैंपियंस 24 वर्ल्ड कप (ढ्ढष्ट24ड्ढष्ट) रखा गया था, ने टीम को वापस भारत लाया। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके अनुभवों को साझा किया। उन्होंने रोहित शर्मा से उनके बारबाडोस की पिच की मिट्टी खाने के बारे में भी पूछा। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को यादगार बताते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

टीम इंडिया ने पीएम मोदी के साथ ब्रेकफास्ट किया

टीम इंडिया के टी20 विश्व कप जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात को बेहद यादगार बताया गया। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने टीम के सदस्यों के साथ नाश्ता किया और उनके अनुभवों को साझा किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि प्रधानमंत्री से मिलने के बाद मुंबई के लिए रवाना हुई, जहां उनके स्वागत के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए का इनाम

बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा की। इसके अलावा, रोहित शर्मा ने टी20आई से संन्यास का ऐलान किया। विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने भी अपनी रिटायरमेंट की घोषणा की। वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया को सम्मानित किया गया और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई।

चैंपियंस ट्रॉफी में 1 मार्च को भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान

दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगा, जिसमें 10 मार्च फाइनल के लिए रिजर्व डे होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट के 15 मैचों का ड्राफ्ट ICC को भेज दिया है। ICC टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 8 टीमों के बोर्ड से सहमति लेने के बाद ही इस शेड्यूल को अप्रूव करेगा। पाकिस्तान एक मार्च को लाहौर में सबसे बड़े राइवल भारत से भिड़ सकता है। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक इस मैच के लिए अपनी सहमति नहीं दी है। आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। हालांकि, PCB ने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी एशिया कप के कुछ मैच पकिस्तान में हुए थे।रिपोर्ट के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने 15 मैचों का शेड्यूल ICC को भेजा है। जिसमें भारत के सभी मैच सुरक्षा कारणों की वजह से लाहौर में रखे गए हैं। बोर्ड के एक सदस्य ने कहा, पीसीबी ने 15 मैचों की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया है। लाहौर में सात, कराची में तीन और रावलपिंडी में पांच मैच होंगे। शुरुआती मैच कराची में होंगे, जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में होंगे।

अब यूएई में यूपीआई के जरिए कर सकेंगे भुगतान

नई दिल्ली। अब आसानी से मध्य पूर्व के देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में यूपीआई से भुगतान किया जा सकेगा। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका की बड़ी डिजिटल कॉमर्स कंपनी नेटवर्क इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की है।

यूएई में अब भारतीय यात्री या एनआरआई पॉइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से क्यूआर कोड के जरिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान कर पाएंगे।एनपीसीआई इंटरनेशनल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि यूएई के मर्चेंट्स के बीच यूपीआई पेमेंट की बढ़ती हुई स्वीकार्यता केवल भारतीय यात्रियों के लिए ही नहीं सुविधाजनक होगा, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनोवेटिव डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन को भी प्रमोट करेगा।एनपीसीआई ने कहा है कि 2024 में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारतीय यात्रियों का आंकड़ा 98 लाख पहुंचने का अनुमान है। अकेले यूएई में 53 लाख के करीब भारतीयों के पहुंचने की संभावना है। भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एनपीसीआई इंटरनेशनल मिलकर यूपीआई को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं।

फिलहाल भारत के बाहर नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस, यूएई, सिंगापुर, फ्रांस और भूटान में यूपीआई से भुगतान किया जा सकता है। यूपीआई से डिजिटल भुगतान आसान होने के कारण इसके जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है। एनपीसीआई के डेटा के मुताबिक, यूपीआई प्लेटफॉर्म पर जून में लेनदेन की संख्या 13.9 अरब थी। इसमें सालाना आधार पर 49 प्रतिशत का इजाफा देखा गया है। इस दौरान यूपीआई से औसत लेनदेन की संख्या प्रतिदिन 463 मिलियन रही और प्रतिदिन औसत 66,903 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। यूपीआई के लेनदेन में बढ़त की वजह रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ना और यूपीआई को विदेशों में भी लॉन्च करना है।

रियलमी ने वेगन लैदर डिज़ाइन के साथ पेश किया रियलमी सी 63

नई दिल्ली। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपनी चैंपियन सीरीज़ में नया स्मार्टफोन, रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं।

रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे युवा ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा कर सके। रियलमी सी63 इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और किफायती मूल्य में अनेक आधुनिक फीचर्स प्रदान करता है। हमारा मानना है कि रियलमी सी63 अपने अद्वितीय स्टाईल, ड्यूरेबिलिटी और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बजट स्मार्टफोन के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देगा।''

एचडीएफसी बैंक ने कोर बैंकिंग सिस्टम को नए इंजीनियर्ड प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट करने की योजना बनाई

13 जुलाई को अपग्रेड के दौरान कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से सीमित रहेगी

मुंबई। भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 13 जुलाई, 2024 को सिस्टम अपग्रेड करने जा रहा है। बैंक अपने कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) को नए इंजीनियर्ड प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश भर में 9.3 करोड़ व्यक्तियों और व्यवसायों के अपने बढ़ते ग्राहक आधार के लिए ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना है। इस माइग्रेशन से बैंक को प्रदर्शन की गति में सुधार करने, उच्च ट्रैफिक वॉल्यूम को संभालने की अपनी क्षमता का विस्तार करने, विश्वसनीयता और मापनीयता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस अपग्रेड के साथ एचडीएफसी बैंक अपने आकार और बैंकिंग वॉल्यूम के हिसाब से देश में सबसे बड़े बैंकों में से एक होगा, जो अपने कोर बैंकिंग सिस्टम को नए-जीन प्लेटफॉर्म पर होस्ट करेगा।

शेड्यूल किए गए अपग्रेड विवरणः

प्रारंभः शनिवार, 13 जुलाई 2024 को सुबह 3.00 बजे

समाप्तिः शनिवार, 13 जुलाई 2024 को शाम 4.30 बजे

इस साढ़े 13 घंटे की अवधि के दौरान, ग्राहक निम्नलिखित सेवाओं का उपयोग कर सकेंगेः

उपलब्ध सेवाएँ

नेट और मोबाइल बैंकिंग - यूपीआई- ग्राहक इस सेवा का उपयोग जारी रख सकते हैं। हालांकि यह शनिवार 13 जुलाई 2024 को सुबह 3:00 बजे से 3:45 बजे तक और सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक उपलब्ध नहीं रहेगी।

बिल भुगतान - नए बिलर्स को जोड़ा जा सकता है और मौजूदा बिलर्स को देखा जा सकता है। डीमैट, कार्ड और लोनः केवल सेवाएँ देखें।

दुनिया भारतीय युग की शुरुआत के कगार पर, 2047 तक हम बनेंगे विकसित राष्ट्र

नई दिल्ली। इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ के अध्यक्ष एनके सिंह ने कहा कि वे नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे साथी भारतीयों की श्रेणी में शामिल होने पर विनम्र महसूस कर रहे हैं। दुनिया भारत के युग में प्रवेश करने के मुहाने पर खड़ी है और देश 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहा है। प्रमुख अर्थशास्त्री और नीति निर्माता एनके सिंह ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस में प्रतिष्ठित मानद फेलोशिप प्रदान किए जाने पर अपने संबोधन में ये बातें कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि वे नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे साथी भारतीयों की श्रेणी में शामिल होने पर विनम्र महसूस कर रहे हैं।

भारत का कोयला उत्पादन जून में 84.6 मिलियन टन पहुंचा

नई दिल्ली। भारत का कोयला उत्पादन जून में रिकॉर्ड 14.5 प्रतिशत बढ़कर 84.63 मिलियन टन हो गया है, जो कि पहले पिछले वर्ष समान अवधि में 73.92 मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा जून में 63.10 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। इसमें सालाना आधार पर 8.87 प्रतिशत की बढ़त हुई है। पिछले वर्ष यह 57.96 मिलियन टन था। वहीं, अन्य कंपनियों द्वारा बीते महीने 16.03 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 55.49 प्रतिशत की बढ़त हुई है।जून 2024 में सीआईएल की ओर से 64.10 मिलियन टन कोयला पहुंचाया

गया। इसमें सालाना आधार पर 5.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष समान अवधि में ये आंकड़ा 60.81 मिलियन टन था। वहीं, अन्य कोल कंपनियों की ओर से जून में 16.26 मिलियन टन (प्रोविजनल) कोयला पहुंचाया गया। इसमें 43.84 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 11.30 मिलियन टन था।कोयला कंपनियों की ओर से किया जाने वाला कोयला भंडारण (जून 30 तक) सालाना आधार पर 41.68 प्रतिशत बढ़कर 95.02 मिलियन टन हो गया है। थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) में कोयले का भंडारण सालाना आधार पर 30.15 प्रतिशत बढ़कर 46.70 मिलियन टन हो गया है। बता दें, गर्मी के दिनों में बिजली की मांग बढ़ने के कारण टीपीपी पर कोयले की मांग अधिक बढ़ जाती है।

न्यूज गैलरी

ज्वेलर्स दुकान से 10 लाख का जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में लगातार चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में आ गए हैं। इसी बीच चोरों ने एक और वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरिया इलाके में चोरों ने ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाया और करीब 10 लाख रुपये की चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची टिकरापारा थाना पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इससे पहले विधानसभा थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग कालोनियों में चोरों ने धावा बोलते हुए तीन दिन के भीतर 15 लाख रुपये नकदी सहित सोने, चांदी और डायमंड की अंगूठी पार कर दिए। तीन स्थानों में चोरी की घटनाएं हुई है, उनमें दो चोरी की घटना एक ही रात को हुई। घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें चोर ने अपने चेहरे को स्कार्फ से ढंका हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पतासाजी जारी है।

नालंदा परिसर से एक्टिवा चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। नालंदा परिसर गेट के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रिति साहू 29 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत की कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केटी 2392 को नालंदा परिसर गेट के पास खड़ी की थी, जो चोरी चली गई। सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 9 लोग पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने खोखोपारा तालाब पार के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सतीश देवांगन 44 वर्ष व गोविंद शुक्ला 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी पवन निषाद 33 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र कुमार साहू 30 वर्ष, प्रहलाद साहू 21 वर्ष, अश्वनी कुमार पाटले 30 वर्ष, सौमिल वैष्णव 24 वर्ष व अभिषेक धनगर 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राखी पुलिस ने आरोपी छोटूराम निषाद 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन और माना थाना पुलिस की टीम ने अवैध शराब बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 99 पाव देशी शराब व रकम 280 रुपए जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने तरूण नगर पंडरी में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी अशोक बेहरा 42 वर्ष के पास से 83 पाव देशी शराब जप्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी दिलीप दास 68 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 280 रुपए जप्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

शक में ले ली पत्नी की जान

कोरबा/नवप्रदेश। शाम को बकरी चराकर घर लौटा तो पति ने अपनी पत्नी को दो मर्दों से बात करते हुए देख लिया। उसके बाद वह गुस्से में आगबबूला हो गया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। पति ने गुस्से में आकर पत्नी पर फावड़े से हमला कर दिया। अत्यधिक रक्तश्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने बाद में जंगल में छिपे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला पुलिस चौकी कोरबी का है। जानकारी अनुसार ग्राम जलके के मांझा बहरा मोहल्ला में देर शाम बसन्त कुमार पोया ने अपनी पत्नी मंगली बाई (32) की हत्या कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुटी रही। सूचना मिली कि आरोपी जंगल में छिपा हुआ है। छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

शराब दुकान के पास मिली युवक की लाश

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के देशी शराब दुकान के पास एक युवक की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। जानकारी के बाद कुसमुंडा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिलहाल मौत प्रथम दृष्टि शराब के अत्यधिक नशे को माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने बताया कि कुसमुंडा थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने अपने काम के सिलसिले में कुसमुंडा देशी शराब दुकान की ओर गए थे। जहां एक युवक को अचेत अवस्था में देखा। देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर युवक के पास जाकर जांच की गई तो उसकी सांसें नहीं चल रही थी। उसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर उनकी शिनाख्त का प्रयास किया गया। बताया जा रहा है कि मृतक कोरबा के पम्प हॉउस का रहने वाला है जो अपनी बाइक सीजी 12 बीएल 1349 में कुसमुंडा आया हुआ था। शाम को कुछ लोगों ने मृतक को कुसमुंडा देशी शराब की दुकान में शराब पीते देखा गया था। पुलिस मामले में मार्ग कायाम कर जांच में जुटी है।

जनदर्शनः ट्रायसायकल मिलने पर दिव्यांग पति-पत्नी के चेहरे खिले

रायपुर/नवप्रदेश। दिव्यांगता को कमजोरी नही मान कर हौसले से जीवन को सहज और सरल तरीके से जीने की कला कोई भागवत से सीखे।

जन्म से ही दोनों पैरों से विकलांग भागवत आरंग विकासखंड के ग्राम केशला के रहने वाले है। शिक्षा समाप्ति के बाद बिजली विभाग में कॉल अटेंडर के रूप में कार्य करना शुरू किया। भागवत की दिव्यांगता के चलते विवाह में दिक्कतें हुई। ऐसे में उन्होंने दिव्यांग लड़की से विवाह करने का फैसला लेकर दिव्यांग वीणा निषाद से विवाह किया। बिजली विभाग फोन अटेंडर के रूप में कार्य करने से होने वाली आय से घर परिवार चलाने में दिक्कते खड़ी होना प्रारम्भ हो गया। वैसे भी उन्हें कार्यस्थल तक आने जाने के लिए दूसरों की मदद लेनी होती थी। किसी पर आश्रित नही होने की महत्वाकांक्षा उसे अंदर ही अंदर खाये जा रही थी। कही भी आने जाने की सुविधा के लिए भागवत ने निःशुल्क बैटरी चलित ट्रायसाइकल के लिए समाज कल्याण और सम्बन्धित विभागों में आवेदन देने के बाद भी पिछले 2 सालों से उन्हें सहायता नही मिल पा रहा था। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा आमजनों की शिकायतों और मांगो को पूरा करने के लिए जनदर्शन के बारे में पता चला। भागवत मुख्यमंत्री के सहृदयता के बारे में विभिन्न माध्यमो से अवगत थे। उन्हें पूरे विश्वास था कि जनदर्शन में जाने से निश्चित रूप से मदद मिलेगी। जनदर्शन कार्यक्रम में भागवत अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ उपस्थित होकर बैटरी चलित ट्रायसाइकल हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवेदन प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने उनके आवेदन पर संवेदनशीलता से विचार कर दोनों को तत्काल बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल करते हुए दिव्यांग पति-पत्नी को बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान की गई। ट्रायसाइकल मिलने पर दिव्यांग पति पत्नी के खुशी का ठिकाना न रहा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कुनकुरी सदन चले जाएं, वहां बच्चे का होगा इलाज

अपने बीमार बच्चे के इलाज के लिए मदद की फरियाद लेकर जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंची शशि वर्मा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनके बच्चे का बेहतर से बेहतर इलाज होगा। मुख्यमंत्री ने मती शशि वर्मा के आग्रह पर उन्हें उनके बीमार बच्चे के साथ रायपुर स्थिति कुनकुरी सदन पहुंचाने के निर्देश दिए। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दूर-दराज के जरूरत मंद लोगों के इलाज और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था के लिए रायपुर में कुनकुरी सदन शुरू किया गया है। इसकी जानकारी मती शशि वर्मा को मिली तो वह भी अपने बीमार बच्चे को लेकर जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री से कुनकुरी सदन में रूकने और बच्चे का इलाज कराए जाने का आग्रह किया।

संवेदनशील मुख्यमंत्री ने मती वर्मा के आग्रह पर उनके ठहरने और बीमार बच्चे के समुचित इलाज की व्यवस्था कुनकुरी सदन के माध्यम से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुनकुरी सदन इसलिए ही बनाया गया है, ताकि राजधानी में इलाज में किसी तरह की दिक्कत महसूस कर रहे लोगों की सहायता की जाए। वहां पर प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर और एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध है।

कमार परिवारों के बेदखली मामले की जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित सप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में बागबाहरा वन क्षेत्र के कमार जनजाति परिवारों के आवेदन की सुनवाई की। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वर्षों से बागबाहरा वन क्षेत्र क्रमांक 88 निवासरत कमार परिवारों को वहां से बेदखल किए जाने के लिए सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा जारी नोटिस की जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में बागबाहरा वन क्षेत्र क्रमांक 88 में निवासरत कमार जनजाति के परिवार के लोग मुख्यमंत्री से बेदखली की कार्यवाही रोकने की फरियाद लेकर पहुंचे थे।

अलख राम कमार ने बताया कि उसके सहित 20 कमार परिवारों को उक्त वन क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। कमार परिवारों को वहां से बेदखल किए जाने के लिए नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार वन अधिकार अधिनियम 2006 के पूर्व से 20 कमार परिवार के लोग उक्त वन क्षेत्र में निवास कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। वर्ष 2008 में ग्राम पंचायत तमोरा द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए वहां बोर खनन कराया गया है।

वन अधिकार समिति द्वारा 10 मई 2008 को काबिज परिवारों को पट्टा दिए जाने की भी अनुशंसा की गई है। पट्टा के नाम पर अधिकारियों द्वारा राशि की मांग किए जाने का विरोध करने पर आज पर्यन्त तक उन्हें वन अधिकार पट्टा नहीं दिया गया। कमार परिवारों को प्रताड़ित करने के लिए समय-समय पर बेदखल किए जाने की धमकी और नोटिस दी जाती है, जिससे कमार परिवार के लोग भयभीत है। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों को पूरे मामले की जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

कैंसर पीड़िता ने मदद के लिए किया आग्रह

मुख्यमंत्री जनदर्शन में ग्राम परसा विकासखंड मालखरौदा, सक्ती जिले से मितानीन उर्मिला देवी आई। उन्होंने अपनी समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

उन्होंने बताया कि मेरे पति नहीं है। बच्चा भी साथ नहीं रहता। कैंसर से पीड़ित हूं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत उर्मिला देवी की मदद करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मोतीलाल पटेल अपनी 5 साल की बिटिया डॉली को लेकर पहुंचे। डोली को थैलेसीमिया की समस्या है और हर 20 दिन में खून लगता है। पटेल ने मुख्यमंत्री से इलाज में सहायता की मांग की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डॉली के उचित इलाज के लिए निर्देश दिए।

झोलाछाप डॉक्टर के शिकार अनुज ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

गलत इलाज से अपने 7 वर्षीय पुत्र दीपेश के दिव्यांग होने की सुनाई दास्तानमुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में आज तिल्दा नेवरा इलाके के ग्राम तुलसी निवासी अनुज बंजारे अपनी पत्नी मती पूर्णिमा और बेटे दीपेश बंजारे के साथ पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री साय को बताया कि वो तिल्दा के सब्जी मंडी में हमाल का काम करते हैं। 24 अगस्त 2023 को उनके पुत्र का बायां हाथ खेलते हुए फैक्चर हो गया। तुरंत उन्होंने स्थानीय चिकित्सक के क्लिनिक जाकर उसका इलाज करवाया, जहां डॉक्टर ने 1700 रुपए लेकर प्लास्टर किया। आराम ना मिलने पर बेटे को दूसरे अस्पताल ले गए, जहां पता चला कि प्लास्टर गलत तरीके से किया गया है, जिसके कारण हाथ में मवाद और सूजन आ गया है। वहां से रायपुर मेकाहारा रेफर किया गया। बेटे का इलाज के लिए एम्स रायपुर गए तो वहां के डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे का हाथ कभी ठीक नहीं होगा और अब उसका बायां हाथ काम करना बंद कर दिया है । एम्स से वापिस आकर ईलाज के लिए हम उसी डॉक्टर के पास गए तो उन्होंने 3 माह तक फिजियोथैरिपी करवाने कहा। हमने फिजियोथैरिपी करवाया पर फिर भी हाथ में कोई सुधार नहीं हुआ और अब ईलाज से उसने मना कर दिया।

रायपुर- बलौदाबाजार मार्ग बनेगा फोरलेन

भू-तल परिवहन मंत्रालय से मिली 1494 करोड़ की मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर-बलौदाबाजार राष्ट्रीय राजमार्ग का जल्द ही फोर लेन में उन्नयन होगा। इसके लिए भारत सरकार के भू-तल परिवहन मंत्रालय से 1494 करोड़ की मंजूरी मिली है। दुर्घटनाओं से भरे इस मार्ग के बन जाने पर इस जिले की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। परेशानियां कम होगी।

इस मार्ग का काम दो चरणों में पूरा किया जाएगा। इसकी स्वीकृति मिलने पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त जताते हुए क्षेत्र की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने केन्द्रीय भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस मार्ग के उन्नयन के लिए चर्चा की थी जिस पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सहमति दी है। भारत सरकार के भू-तल परिवहन मंत्रालय द्वारा रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग के लिए 1494 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

दूसरे चरण में 650 करोड़ का काम

जानकारी दी गई कि यह सड़क प्रथम चरण में 844 करोड़ रुपए की लागत से विधानसभा रायपुर से 53.1 किलोमीटर तक और दूसरे चरण में 650 करोड़ रुपए की लागत से 53.1 किलोमीटर से 85.6 किलोमीटर तक फोरलेन सड़क बनायी जाएगी। गौरतलब है कि रायपुर-बलौदाबाजार राष्ट्रीय राजमार्ग 130बी में यातायात का अत्याधिक दबाव रहता है। इसके अलावा इस मार्ग के आसपास बड़े सीमेंट उद्योग के साथ-साथ अन्य उद्योग भी हैं। वर्तमान में यह सड़क टू लेन है। इस मार्ग के फोर लेन में उन्नयन से जहां यातायात के दबाव में कमी आयेगी, वहीं रायपुर से बलौदाबाजार आना-जाना सुगम और सुविधाजनक हो जाएगा। वहीं इस मार्ग में होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी।

दुकान के गल्ले से 2 लाख से अधिक की रकम पार

रायपुर/नवप्रदेश। मेटल पार्क स्थित विद्या ट्रेडर्स में झाड़ू-पोछा करने के दौरान युवक ने गल्ले से 2 लाख 1 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेम कुमार साहू (35 वर्ष) बंजारी नगर खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाने में शिकायत की कि आरोपी आकाश जांगड़े मेटल पार्क स्थित विद्या ट्रेडर्स में झाड़ू-पोछा का काम करता था। काम के दौरान आरोपी ने गल्ले में रखे नकदी 2 लाख 1 हजार रुपए पार कर दिया। शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राज्य में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास परिसर में लगाया दहीमन का पौधा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 70 लाख पौधों का होगा रोपण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का आज विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर अपने निवास कार्यालय परिसर रायपुर में दहीमन का पौधा लगाने के साथ ही प्रदेशवासियों से अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए जाने का आव्हान किया। इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे। दहीमन का पौधा सरगुजा अंचल में बहुतायत रूप से मिलता है। औषधीय गुणों से भरपूर और यह कई बीमारियों के इलाज में यह उपयोगी है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने की अपील देशवासियों से की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ में 11 जुलाई को वन महोत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत 70 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। राज्य में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में लोग अपनी मां के नाम पौधा लगाएंगे। पौध रोपण कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पौध रोपण क्षेत्र के संरक्षण के लिए इसे जनप्रतिनिधियों द्वारा गोद भी लिया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत लोग अपनी श्रद्धा और आस्था के अनुरूप देवी-देवताओं के नाम पर भी पौध रोपण कर सकेंगे। वन क्षेत्रों के अलावा सामान्य क्षेत्रों में सड़कों के किनारे भी पौध रोपण किए जाएंगे।

जल जीवन मिशन : गड़बड़ी की शिकायत होगी जांच

कांग्रेस नेता कपिनाथ महोबिया की शिकायत पर विभाग ने दिए जांच के आदेश

खैरागढ़ / नवप्रदेश। जिले के छूईखदान और खैरागढ़ ब्लाक के अनेक ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्यों में चल रही भर्राशाही की अब जांच होगी। कांग्रेस नेता कपिनाथ महोबिया की शिकायत के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के मुख्य अभियंता ने दुर्ग संभाग अधीक्षण अभियंता को जांच के निर्देश दिए हैं। महोबिया ने लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय मंत्री अरूण साव को मामले में शिकायत करते बताया था कि खैरागढ़ जिले में जल जीवनमिशन योजना के तहत व्यापक तौर पर गड़बड़ी की जा रही है। शिकायत में महोबिया ने छूईखदान ब्लाक के कुकुरीटोला, भोथली भुजारी, रामपूर, नवांगांव खैरागढ़ ब्लाक के पाडादाह, सांकरा, बेन्द्रीडीह सहित कई गांवों में योजना के तहत पानी टंकी के कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण नहीं करने, आधा अधूरा करने, पाइप लाइन बिछाने में निम्र स्तर के मटेरियलों का प्रयोग करने, जगह-जगह निर्माण के बाद पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने, पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों का भराव नहीं करने, पानी टंकी निर्माण कमजोर होने के चलते लिकेज होने, गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कर लापरवाही बरतने, समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं करने, योजना को प्रारंभ नहीं करने आदि शामिल है।

केन्द्रीय वित्त आयोग अध्यक्ष 11 जुलाई से राज्य के दौरे पर

राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं और आर्थिक प्रगति सहित अनेक मुद्दों पर होगा विचार-विमर्श

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय वित्त आयोग 11 से 13 जुलाई तक राज्य के दौरे पर रहेगा। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और मंत्रीमण्डल के सदस्य, केंद्रीय वित्त आयोग के साथ राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा आयोग के समक्ष राज्य के आर्थिक, वित्तीय, अधोसंरचना विकास तथा राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतीकरण देंगे। प्रस्तुतीकरण में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के गठन उपरांत से अद्यतन प्रगति की स्थिति से आयोग को अवगत कराया जाएगा

झीट में सफाई नहीं, जगह-जगह कचरे का ढेर, नालियों का पानी सड़क पर

नारायण वर्मा

दुर्ग/ झीट/ नवप्रदेश नव प्रदेश। दुर्ग जिले के ग्राम झीट में समस्याओं का अंबार है। जगह जगह कचरा जाम नजर आ रहा है। ग्रामवासियों ने बताया की सफाई और कचरा सफाई का काम सिर्फ कोई बड़ा कार्यक्रम या सालाना आने वाले तीज तिहारो में किया जाता है। बारिश आने के पूर्व ना तो यह के नालियों को साफ सफाई किया गया ना ही कचरा डंपिंग से कचरा हटाया गया है। नालियों का पानी बाहर बह रहा है। ग्राम झीट बड़ा गांव है आबादी भी बहुत है लेकिन ग्राम पंचायत के उदासीन रवैया के कारण हाल बेहाल हो गया है। भाटापारा बैगा पारा रहवासियों ने बताया की सरपंच कई महीनों से नही आई है।

नालिया जाम हो गई है बारिश होते ही रहने वालो का आना जाना तो दूर कई जगहों में घर से निकलना मुश्किल होता है। बैगा पारा भाटापारा में सीसी रोड का निर्माण किया गया है जो समझ से परे है सीसी रोड के बीचों बीच कई जगहों में गंदा पानी जम हो रहा है जो आने वाले अच्छी बारिश में घातक बीमारियों को जन्म दे सकता है भाटापारा के सीसी रोड में किस प्रकार से पानी जाम है आप देख सकते है। यही हाल साहू पारा का भी है नालियां जाम है कचरा जाम । रोजाना कई लोगो का इस रास्ते इस गली से आवाजाही है स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस गली से आते जाते है आसपास रहने वाली महिलाएं बताती है कि कचरा जाम है सफाई कई महीनों तक नही हो पाता। कई गलियों में तो नाली भी नही बना है जिससे गंदे पानी का जमाव हो रहा है।

नवप्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सएप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22